

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- घुसपैठियों को बचाने में लगी हुई है कांग्रेस - 12



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बोलीं- जीएसटी सुधारों से आए दो लाख करोड़ रुपये - 12



ट्रंप, पुतिन और मेलोनी समेत दुनिया भर के नेताओं ने मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई - 13



वरुण चक्रवर्ती पहली बार टी20 गेंदबाजों की आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर - 14

आज का मौसम
28.0° अधिकतम तापमान
25.5° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.56
सूर्यास्त 06.10


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी 11:24 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

गुरुवार, 18 सितंबर 2025, वर्ष 35, अंक 231, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## एसआईआर : अधिकांश राज्यों में नहीं देने होंगे मतदाताओं को कोई दस्तावेज

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अधिकतर राज्यों में आधे से ज्यादा मतदाताओं को संभवतः कोई दस्तावेज देने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उनके नाम उनके राज्यों में हुए पिछले विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद तैयार मतदाता सूची में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि ज्यादातर राज्यों में मतदाता सूची का आखिरी विशेष गहन पुनरीक्षण 2002 और 2004 के बीच हुआ था। अगले एसआईआर के लिए इसी साल को उनकी कट-ऑफ तारीख का आधार माना जाएगा।

अधिकारियों ने पहले बताया था कि आयोग जल्द ही पूरे भारत में विशेष गहन पुनरीक्षण शुरू करने की तारीख तय करेगा और राज्यों में मतदाता सूची की समीक्षा का काम साल के अंत से पहले शुरू हो सकता है। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे पिछले एसआईआर के बाद प्रकाशित अपने राज्यों की मतदाता सूची तैयार रखें।

### अब ईवीएम में होंगी उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में अब उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें होंगी और इसकी शुरुआत बिहार विधानसभा चुनावों से होगी। वर्ष 2015 से ईवीएम पर उम्मीदवारों की श्वेत-श्याम तस्वीरें होती थीं, जिन्हें पहचानना कई मतदाताओं के लिए मुश्किल होता था। भारतीय निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बताया कि मशीनों पर सीरियल नंबर भी अधिक प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा। आयोग ने बताया कि अब से ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन तस्वीरें छपी होंगी। बेहतर दृश्यता के लिए उम्मीदवार का चेहरा तस्वीर के तीन-चौथाई हिस्से पर होगा। उम्मीदवारों के क्रमांक और इनमें से कोई नहीं (नोटा) विकल्प भारतीय अंकों के अंतर्राष्ट्रीय रूप में छपे होंगे।

## मोदी 75 वर्ष के हुए, भाजपा ने शुरू किया सेवा पखवाड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सहित कई नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई, उनके नेतृत्व को सराहा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 75 वर्ष के हो गए। इस मौके पर अनेक गणमान्य व्यक्तियों और नेताओं ने बधाई देते हुए उनके नेतृत्व की सराहना की तथा भाजपा ने इस उपलक्ष्य में 15 दिन से ज्यादा समय के लिए सेवा पखवाड़ा शुरू किया। अपने जन्मदिन पर मोदी ने महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर केंद्रित एक राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत करने के लिए मध्य प्रदेश के धार की यात्रा की।

मोदी ने धार में एक जनसभा में कहा कि पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। कहा कि पाकिस्तानी आतंकियों ने हमारी बहनों-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था। हमने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। उन्होंने कहा कि अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है, फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रो कर अपना हाल बताया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बुधवार को बधाई दी और देश में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने की संस्कृति का संचार करने के लिए उनकी प्रशंसा की। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी मोदी को बधाई दी।

### धार में किया देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास

**धार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को मध्यप्रदेश के धार जिले के ग्राम भैंसोला में देश के पहले पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया और स्वदेशी वस्तुओं की पुरजोर वकालत करते हुए देशवासियों से देश में ही बने सामान खरीदने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने अपने जन्मदिन के अवसर पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' तथा 'आठवें राष्ट्रीय पोषण माह' अभियान की शुरुआत भी की और कहा कि इनका मकसद है कि एक भी महिला जानकारी या संसाधनों के अभाव में बीमारी का शिकार न हो। प्रधानमंत्री मोदी 17 सितंबर को 75 वर्ष के हो गए और उनके जन्मदिन पर मध्यप्रदेश का यह उनका दूसरा दौरा है। पीएम मित्र पार्क के शिलान्यास और अन्य अभियानों की शुरुआत के बाद मोदी ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के दिन देश के सबसे बड़े इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल पार्क का शिलान्यास यहां हुआ है। इस पार्क से टेक्सटाइल इंडस्ट्री को नई ऊर्जा मिलेगी।

### ब्रीफ न्यूज

#### अंडमान के पूर्व सांसद को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** ईडी ने बुधवार को अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता कुलदीप राय शर्मा तथा दो अन्य को कथित सहकारी बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार कर लिया। 57 वर्षीय शर्मा अंडमान निकोबार राज्य सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष हैं। गिरफ्तार किए गए दो अन्य लोगों में बैंक के प्रबंध निदेशक के. मुरुगन और बैंक के ऋण अधिकारी के. कलैवानन शामिल हैं।

#### तस्कर गिरफ्तार, 6.25 करोड़ की हेरोइन जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थों की आपूर्ति करने वाले गिरोह के सरगना समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया और करीब 6.25 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन बरामद की है। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि सरगना की पहचान अनिल (50) के रूप में हुई है, जिसकी तलाश स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा सहित कई एजेंसियों को थी।

#### एमयूडीए के पूर्व आयुक्त गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** ईडी ने अवैध भूमि आवंटन से जुड़े एक मामले में एमयूडीए के पूर्व आयुक्त दिनेश कुमार को धन शोधन निरोधक कानून के तहत गिरफ्तार किया है। कुमार को बेंगलुरु की पीएमएलए अदालत में पेश किए जाने की उम्मीद है।

## तीन सप्ताह में प्रस्तुत करें वायु प्रदूषण से निपटने की योजना

### सीएक्यूएम, केंद्रीय और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सुप्रीम निर्देश

- प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को तीन माह में भरने को भी कहा

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम), केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को बुधवार को निर्देश दिया कि वे सर्दियों की शुरुआत से पहले वायु प्रदूषण को रोकने के उपायों का ब्यौरा तीन सप्ताह के भीतर तैयार करें। सर्दियों में प्रदूषण का स्तर काफी बढ़ जाता है। उच्चतम न्यायालय सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य प्रदूषण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित एक स्वतः संज्ञान याचिका पर सुनवाई कर रहा था, उसने रिक्तियों को भरने में देरी पर नाखुशी जाहिर की।

सीएक्यूएम केंद्र द्वारा गठित एक वैधानिक निकाय है और इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) और उसके आसपास के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता का प्रबंधन और सुधार करना है। इस क्षेत्र में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से भी आते हैं।

सीजेआई बी.आर. गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन के अगुवाई वाली पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में खाली पदों को लेकर राज्यों पर नाखुशी जाहिर की और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब को तीन माह के भीतर इन्हें भरने का आदेश दिया। पीठ ने सीएक्यूएम और सीपीसीबी को भी इसी तरह के निर्देश दिए। हालांकि, इसने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग में पदोन्नति वाले पदों को भरने के लिए छह माह का समय दिया।

### दिल्ली-एनसीआर में लागू करना पड़ता है ग्रैप

सर्दियों में हर साल बढ़ते प्रदूषण को लेकर बार-बार आ रही समस्या पर प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि पिछले कई वर्षों से अदालत इस पर आदेश जारी कर रही है, जिसके कारण चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) लागू होता है और निर्माण कार्य जैसी कई गतिविधियां रोक दी जाती हैं। पीठ ने कहा कि जीआरएपी की वजह से कई वाहनों को दिल्ली-एनसीआर में प्रवेश करने से रोका जाता है क्योंकि वे ज्यादा वायु प्रदूषण फैलाते हैं। पीठ ने कहा कि निर्माण कार्य रोकने का असर होता है और देश के अलग-अलग हिस्सों से आए मजदूर बेरोजगार हो जाते हैं। पीठ ने सीएक्यूएम से कहा कि वह सीपीसीबी, संबंधित राज्यों और उनके प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के साथ प्रदूषण रोकने के लिए तीन सप्ताह में एक ठोस योजना तैयार करे। पीठ ने मामले की सुनवाई आठ अक्टूबर के लिए तय की।

### पराली जलाने पर क्यों न हो किसानों की गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** सर्दियों में प्रदूषण के स्तर में सामान्य वृद्धि से चिंतित सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पंजाब सरकार से पूछा कि वायु प्रदूषण के एक अहम कारक पराली जलाने में संलिप्त कुछ किसानों को गिरफ्तार क्यों न किया जाए, ताकि एक सख्त संदेश दिया जा सके। सीजेआई बी.आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि आप निर्णय लें, अन्यथा हम आदेश जारी करेंगे। पीठ उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्त पदों को भरने से संबंधित स्वयं की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। सीजेआई ने पंजाब में आप सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राहुल मेहरा से पूछा कि पराली जलाने के लिए दोषी किसानों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जाना चाहिए और उन्हें दंडित क्यों नहीं किया जाना चाहिए? कहा कि हम किसानों की बदौलत खा रहे हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि हम पर्यावरण की रक्षा नहीं कर सकते।

## दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश गाजियाबाद में ढेर

कार्यालय संवाददाता, बरेली/नोएडा

- एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की सीआई यूनिट ने की संयुक्त कार्रवाई
- ग्लॉक और जिगना पिस्टल बरामद, दो बदमाशों पर घोषित था एक-एक लाख का इनाम



पुलिस मुठभेड़ में ढेर बदमाश रविंद्र और अरुण।

**अमृत विचार :** फिल्म अभिनेत्री दिशा पाटनी के बरेली स्थित घर पर फायरिंग करने वाले एक-एक लाख रुपये के इनामी दोनों बदमाश बुधवार की शाम गाजियाबाद में एसटीएफ के साथ हुई मुठभेड़ में ढेर हो गए। दोनों बदमाशों की पहचान रोहतक के रविंद्र और सोनीपत के अरुण के रूप में हुई है। दोनों बदमाश रोहित गोदारा और गोल्डी बरार के गैंग के सदस्य थे। फेसबुक पोस्ट करके रोहित गोदारा और गोल्डी बरार गैंग से प्रेमानंद महाराज और अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ की गई टिप्पणियों के विरोध में फायरिंग करने की जिम्मेदारी ली थी। भविष्य में टिप्पणी करने पर जान से मारने की भी धमकी दी थी।

यूपी एसटीएफ की नोएडा यूनिट और दिल्ली पुलिस की सीआई यूनिट की संयुक्त टीम ने ट्रॉनिका सिटी एरिया में बदमाशों की घेराबंदी की थी। पुलिस से घिरा देखकर बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पुलिस की गोली लगने से जमीन पर गिर गए। पुलिस टीम ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन वहां मौजूद डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। एसटीएफ के अनुसार मौके से ग्लॉक और जिगना पिस्टल तथा कारतूस बरामद हुए हैं। एक सफेद अपाचे बाइक मिली है। माना जा रहा है कि बॉलीवुड अभिनेत्री के घर पर फायरिंग करने के लिए बदमाश इसी बाइक से आए थे और फायरिंग करके भाग गए थे।

एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश ने फिल्म अभिनेत्री के घर फायरिंग करने वाले बदमाशों के मुठभेड़ में ढेर होने की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में दोनों बदमाश घायल हुए थे। उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों बदमाश कई सीसीटीवी फुटेज में कैद हुए थे। वारदात के समय अरुण सफेद शर्ट पहने था, जबकि रविंद्र नीले रंग की टीशर्ट पहने था। पहचान करने के बाद दोनों बदमाशों की लोकेशन ट्रेस की गई। अरुण और रविंद्र पेशेवर शूटर थे।

### रविंद्र पर हरियाणा में दर्ज हैं 5 मामले

एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि रविंद्र के खिलाफ हरियाणा के अलग-अलग थानों में 5 केस दर्ज हैं। रविन्द्र पिछले साल दिसंबर माह में फतेहाबाद में पुलिस स्कार्ट पर हमला करके अपराधी रवि जागसी को छुड़ाने की कोशिश में भी शामिल था। अरुण का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

### यूपी में पंचायत, एमएलसी और विधानसभा चुनाव से पहले संघ का बड़ा दांव

## हिंदुत्व एजेंडे को धार, दलित पिछड़ा वोट बैंक पर फोकस

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- तीन दिन चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में तय हुआ सामूहिक एजेंडा
- विजयादशमी का पथ संचलन होगा संघ के शताब्दी वर्ष समारोह का प्रतीक

**अमृत विचार :** प्रदेश में पंचायत और एमएलसी चुनाव की दस्तक और वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव की आहट के बीच आरएसएस ने हिंदुत्व के एजेंडे को धार देने की तैयारी तेज कर दी है। दलित-पिछड़ा वोट बैंक पर फोकस को सबसे अधिक अहमियत दी गई है। लखनऊ के निराला नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन चली भाजपा-संघ की समन्वय बैठक में तय हुआ कि इस बार विजयादशमी का पथ संचलन ऐतिहासिक होगा। पूर्ण गणवेश में निकलने वाली शोभायात्रा संघ की ताकत व शताब्दी वर्ष समारोह का प्रतीक बनेगा।

संघ अपना 100वां वर्ष मना रहा है। ऐसे में मंगलवार को समाप्त हुई समन्वय बैठक में तय किया गया कि इस मौके को सांस्कृतिक उत्सव के साथ राजनीतिक-सामाजिक संदेश देने का मंच भी बनाया जाए। आर्थिक, शिक्षा, सेवा, वैचारिक और सामाजिक समूहों की बैठकों में तय हुआ कि संगठनात्मक ढांचा और मजबूत किया जाएगा। प्रदेश स्तर से लेकर तहसील और ब्लॉक स्तर तक बड़े हिंदू सम्मेलन आयोजित होंगे। इन आयोजनों का मकसद केवल धार्मिक शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि दलितों और पिछड़ों को साथ लेकर एक साझा हिंदू पहचान गढ़ना होगा। सूत्रों का कहना है कि जातीय खांचों को तोड़कर सभी को एक मंच पर लाने के लिए संघ के विभिन्न अंग अलग-अलग वर्गों में गहरी पैठ बना रहे हैं।

### क्यों अहम है संघ की यह कवायद

- **वर्ष 2027 विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि :** भाजपा-संघ गठजोड़ पहले से ही मिशन-2027 की तैयारी में जुटा है।
- **हिंदुत्व बनाम गठबंधन की राजनीति :** विपक्ष जातीय समीकरण साध रहा है, वहीं संघ इसे हिंदू एकता के जरिए काटना चाहता है।
- **शताब्दी वर्ष का अवसर :** संघ इस ऐतिहासिक पड़ाव को भव्यता के साथ मनाकर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को नई ऊर्जा देना चाहता है।
- **सरकार-संगठन तालमेल :** बैठक में हुए फैसलों से यह संदेश गया है कि चुनावी और सामाजिक दोनों स्तरों पर भाजपा और संघ एक हैं।

### पीडीए की सटीक काट पर विशेष जोर

यूपी की राजनीति में दलित और पिछड़ा वर्ग निर्णायक भूमिका निभाता है। भाजपा वर्ष 2014 से लगातार इन्हें जोड़ने की रणनीति पर काम कर रही है। संघ इस मोर्चे को और आगे बढ़ाते हुए हिंदू सम्मेलन और पथ संचलन में इनकी सक्रिय भागीदारी करेगा। इसी से पीडीए की धार कुंद की जाएगी।

### इन्हें खास जिम्मेदारी

सूत्रों के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी समन्वय बैठकों व संगठन-सरकार-संघ तालमेल में भूमिका निभाएंगे। प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह भाजपा और मुख्यमंत्री स्तर के मामलों का समन्वय देखेंगे। प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य मंत्रियों से जुड़े मामलों में और किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह संगठन-स्तर का समन्वय संभालेंगे, संघ-भाजपा-सरकार के बीच पुल का काम करेंगे। कृपा शंकर, अनिल कुमार, प्रांत प्रचारक कौशल संघ, संगठन से जुड़े प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, सामाजिक-शैक्षिक समूहों में पैठ बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर समन्वय पर काम करने पर फोकस रखेंगे।

## मोदी और उनकी दिवंगत मां का वीडियो हटाएं

पटना, एजेंसी

- पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को दिए निर्देश

पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस को उसके सोशल मीडिया खातों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उनकी दिवंगत मां का कृत्रिम मेधा (एआई) जनित वीडियो हटाने का बुधवार को निर्देश दिया।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बैजंत्री ने अधिवक्ता विवेकानंद सिंह और अन्य की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया। इस याचिका में संबंधित वीडियो को अपमानजनक बताते हुए दलील दी गई थी कि यह जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत राजनीतिक दलों पर लगाए गए प्रतिबंधों का उल्लंघन है। केंद्र सरकार की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएन सिंह ने बताया कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि संबंधित वीडियो मामले की अगली सुनवाई तक हटा लिया जाना चाहिए। याचिका में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, केंद्र सरकार और निर्वाचन आयोग को भी प्रतिवादी बनाया गया है। निर्वाचन आयोग के वकील सिद्धार्थ प्रसाद ने बताया कि अदालत ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक, 'एक्स' और गूगल को भी नोटिस जारी किया तथा उन्हें सुनवाई की अगली तारीख तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

उच्च न्यायालय के अपने आदेश में सुनवाई की अगली तारीख का जिक्र किए जाने की संभावना है।

## कर्नाटक में स्टेट बैंक से 21 करोड़ रुपये की डकैती

- तीन नकाबपोशों ने लूट लिया 20 करोड़ का सोना व नकदी

**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में तीन नकाबपोशों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा में घुसकर पिस्तौल तथा चाकू का भय दिखाकर कर्मचारियों को बांध दिया तथा एक करोड़ रुपये नकद एवं 20 करोड़ रुपये मूल्य के स्वर्ण आभूषण लूट लिए।

पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार शाम करीब 6.30 बजे हुई। बैंक अधिकारियों के अनुसार 21 करोड़ रुपये से अधिक की डकैती हुई है। विजयपुरा के पुलिस अधीक्षक लक्ष्मण निम्बार्गी ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि आरोपियों ने फर्जी नंबर प्लेट लगी सुजुकी ईवा कार का इस्तेमाल किया और वारदात के बाद महाराष्ट्र के पंढरपुर की ओर भाग गए।

### मौसम की करवट | पर्यावरण पर बड़ा असर पड़ने के आसार, बदल सकता है तिब्बत का पूरा ईको सिस्टम

## खतरे की आहट, हिमालय पार कर तिब्बत पहुंचा मानसून

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** इस बार की मानसूनी बारिश ने जो रंग दिखाया है, वह पूरे हिमालयीय क्षेत्र के लिए एक बड़ा खतरा बनकर सामने आया है। मानसून हिमालय की ऊंचाई को पार नहीं कर पाता है लेकिन इस बार मानसून ने हिमालय पार कर लिया है और वह तिब्बत के पठार तक पहुंच गया है।

हिमालय के पार तिब्बत एक शुष्क क्षेत्र है। यहां अगर मानसून की बारिश आने वाले दिनों में भी होने लगी तो यह हिमालय के लिए खतरे की घंटी है, जो भारत के साथ ही उन देशों के लिए भी खतरा है, जहां हिमालय पर्वत श्रृंखला मौजूद है। हिमालय में दो कारणों से बारिश होती है। पहला कारण है, पश्चिमी विक्षोभ से होने वाली बारिश। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्य सागर के क्षेत्र में उत्पन्न होते हैं और पश्चिम से पूर्व की ओर भारत की ओर बढ़ते हैं, जिससे भारतीय उपमहाद्वीप के उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में शीतकालीन वर्षा और बर्फबारी होती है।

इसके अलावा मानसून की बारिश होती है लेकिन दोनों ही स्थिति में बादल हिमालय से टकराते हैं लेकिन पार नहीं जा पाते लेकिन इस बार मानसून और पश्चिमी विक्षोभ एक साथ आ गए हैं। भूगर्भ वैज्ञानिक एसपी सती ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से जलवायु गर्म हो रही है और जब हवा गर्म होती है तो बादल और ऊंचाई को उठते हैं, इसलिए इस बार मानसून हिमालय को पार कर गया है।

### ग्लेशियर और नदियों के प्रवाह पर होगा असर

**हल्द्वानी।** अगर यह पैटर्न लगातार रहा तो इसका क्या असर होगा, यह आने वाला समय बताएगा लेकिन अभी जो अनुमान हैं वह भयावह है। तिब्बत जो कि सूखा क्षेत्र है, अगर वहां नियमित तौर पर बारिश होने लगी तो वहां की शुष्क जलवायु बदल सकती है। इससे ग्लेशियरों के पिघलने और नदियों के प्रवाह पर असर पड़ सकता है।

### भारतीय उपमहाद्वीप के लिए हिमालय दीवार

**हल्द्वानी।** भारतीय उपमहाद्वीप में रहने वाले लोगों के लिए हिमालय दीवार का काम करती है। पश्चिमी विक्षोभ और मानसून हिमालय से टकराते तो हैं लेकिन उसे पार नहीं करते और भारतीय उपमहाद्वीप में बारिश करते हैं। अगर यह पार जाने लगे तो भारतीय उपमहाद्वीप में बारिश कम होने की संभावना है।

# फैटी लिवर रोग बढ़ती हुई महामारी, फास्ट फूड बन रहा बड़ी वजह

## एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी ने 'अमृत विचार' से साझा की जानकारी

पंकज द्विवेदी, लखनऊ

● बच्चे भी आ रहे चपेट में, सरकार से स्कूलों-कॉलेजों में फास्टफूड को प्रतिबंधित करने की अपील

**अमृत विचार :** नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर की समस्या आज महामारी के तौर पर उभर रही है। इसके शिकार बच्चे भी हो रहे है। इसकी बड़ी वजह फास्टफूड है। आज देश का हर चौथा शख्स इस रोग से ग्रसित हैं। आंकड़े दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रहे हैं, जो चिंताजनक है। लिवर की अहमियत को अब सरकार भी समझ रही है और फैटी लिवर को लेकर जागरूक कर रही है। पर हर किसी को इसको लेकर जागरूक रहना पड़ेगा। यह कहना है एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी (एआईजी) के संस्थापक और अध्यक्ष प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी का। वे मंगलवार को एसजीपीजीआई के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस मौके पर अमृत विचार ने उनसे फैटी लिवर सहित इलाज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर बातचीत की। डी. नागेश्वर एक प्रख्यात भारतीय गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट हैं, जिन्हें पद्म श्री (2002), पद्म भूषण (2016) और पद्म विभूषण (2025) पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इस प्रकार, वे तीनों पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले पहले भारतीय चिकित्सक हैं।



प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी

प्रो. डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया हम प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के सख्त खिलाफ हैं और सरकार से आग्रह किया है कि कॉलेजों के आसपास शराब पर लगे प्रतिबंधों की तरह स्कूलों में फास्ट फूड पर भी नियंत्रण किया जाए। सरकारी और निजी स्कूलों में हमारे शोध से पता चला है कि 40 प्रतिशत बच्चों के शरीर में वसा की मात्रा अधिक है, जबकि आईटी पेशेवरों में यह आंकड़ा चिंताजनक रूप से 80 प्रतिशत है। यह पूरी तरह से आहार से संबंधित है। उन्होंने कहा, लोगों को लगता है कि फास्ट फूड में कैलोरी होती है, जिसकी वजह से फैटी लिवर की समस्या पैदा होती है। लेकिन ऐसा नहीं है, बल्कि फास्ट फूड में एडिटिव्स और प्रिजर्वेटिव्स होते हैं जो इस समस्या का कारण बन रहे हैं। ये फास्ट फूड बैक्टीरिया का संतुलन बदल देते हैं, जो आंत और लीवर को नुकसान पहुंचाता है। ये काफी चिंताजनक स्थिति है, क्योंकि भारत में सिर्फ डायबिटीज के मामले ही नहीं बढ़ रहे, हमारे देश में फैटी लिवर समस्या के मामले भी बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं और यह फैटी लिवर डिजीज लीवर सिरोसिस और लीवर कैंसर का कारण भी बनती है। पूरी दुनिया में लिवर कैंसर के सबसे ज्यादा मामले भारत में देखे गए हैं और हमें आनुवंशिक तौर पर फैटी लिवर होने का खतरा है, इसलिए हमें और सावधानी बरतने की जरूरत है।

### लिवर की नियमित जांच आवश्यक

डी. नागेश्वर रेड्डी ने बताया, लिवर की बीमारी से ग्रस्त मरीज विशेषज्ञों के पास काफी देरी से पहुंचते हैं। इसकी बड़ी वजह यह है कि 70 फीसदी लिवर खराब होने तक कोई खास लक्षण नजर नहीं आते हैं। नियमित जांच कराने और समय से इलाज शुरू करने से लिवर की बीमारी से बचा जा सकता है। पैरों में सूजन, पेट में पानी भरना, पेट के दाहिने तरफ भारीपन प्रमुख लक्षण हैं। इससे बचाव के लिए मधुमेह, उच्च रक्त चाप, उच्च कोलेस्ट्रॉल जैसी बीमारियों को नियंत्रित रखें, संतुलित आहार लें, नियमित व्यायाम करें, मीठे पेय पदार्थों और अतिरिक्त शर्करा से बचें, और शराब का सेवन सीमित करें या उससे बचें।



पीएम के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखते राजनेता व अधिकारी।

## पीएम मोदी के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि : अमरपाल

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के का पीएचसी सुखपालनगर में राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि उनके लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उनका जीवन राष्ट्र की उन्नति और प्रगति को समर्पित है। आयुष्मान लाभार्थियों, क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण कर बच्चों का अन्नप्राशन कराया। भाजपा के जिला प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी, भाजपा नेता राजा अनिल प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। सीएमओ डा.ए.एन. प्रसाद ने विभाग की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रभारी चिकित्साधिकारी डा.डीके सरोज ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन एसीएमओ डा.ए.एन. राय एवं बीपीएम राजकमल सिंह ने किया। उपस्थित लोगों ने पीएम मोदी का लाइव प्रसारण संबोधन सुना। सीडीओ डॉ. दिव्या मिश्रा, डीपीओ ज्योति शाक्य, भाजपा जिला महामंत्री राजेश सिंह, विक्रम सिंह, यशार्थ सिंह मुदित आदि मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी बहनों का बढ़ेगा मानदेय मिलेगा स्मार्टफोन : मुख्यमंत्री योगी

## राज्यस्तरीय पोषण महाअभियान की शुरुआत, 20324 स्वास्थ्य शिविरों की शुरुआत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश स्तरीय स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार और राष्ट्रीय पोषण महाअभियान की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे और उनके मानदेय में वृद्धि की जाएगी।

वे बुधवार को लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से मंत्रियों और अफसरों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मध्य प्रदेश के धार से शुरू किए गए स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह-2025 की शुरुआत कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से जुड़े थे। कार्यक्रम के समाप्त होते ही मुख्यमंत्री योगी ने प्रदेश में इस महाभियान की शुरुआत की। बताया कि सभी 75 जिलों में एक साथ 20,324 स्वास्थ्य शिविर शुरू किए गए हैं, जिनमें महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गर्भवती महिलाओं की प्रसवपूर्व देखभाल, बच्चों का टीकाकरण और एनीमिया-टीबी जैसी बीमारियों की जांच इन शिविरों का प्रमुख हिस्सा होगी। साथ ही 507 रक्तदान शिविर भी आयोजित होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पखवाड़ा यूपी को पोषण, स्वास्थ्य और जागरूकता के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाएगा। जब नीयत साफ और नीति स्पष्ट हो, तो परिणाम देर से नहीं आते।

इस अवसर पर दोनों उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री बेबीरानी मौर्य, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह व प्रतिभा शुक्ला समेत कई जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे।



राष्ट्रीय पोषण माह की शुरुआत करने के बाद बच्चे को उपहार देते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## महिला को बंधक बनाकर बदमाशों ने लूटी नकदी व लाखों के जेवरात

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** कोतवाली देहात के खूंटा घाट महकनी में बुधवार की रात नकाबपोश बदमाशों ने ट्रक चालक संतोष सरोज के घर धावा बोला। उसके भाई जसवंत पुराने घर से कुछ दूर बने कमरे पर पत्नी अनीता व छह वर्षीय भतीजे कान्हा के साथ सो रहे थे। घर पर आए नकाबपोश बदमाशों ने बाहर लेटे संतोष, उसकी मां रामपति, पत्नी रीना देवी, 18 वर्षीय भतीजी रूचि, 12 वर्षीय भतीजे अंकित के चेहरे पर स्प्रे मारकर बेहोश कर दिया। इसके बाद पांच की संख्या में नकाबपोश बदमाश अंदर घुसे। घर में संतोष के भाई प्रमोद की पत्नी ऊषा अपनी 15 वर्षीय बेटी रूबी के साथ लेटी थी। दोनों पर स्प्रे छिड़क दिया। ऊषा बेहोश नहीं हुई, वह बोलने का प्रयास की तो बदमाशों ने चाकू से मारने का प्रयास किया। साड़ी से चारपाई में बांधकर मुंह में कपड़ा ठूंस दिया।उसके शरीर के आभूषण निकाल लिए। एक – एक करके कमरों से अलमारी, बॉक्स, सूटकेश और बेड में रखे लाखों के आभूषण और करीब 25 हजार नकदी समेट ले गए। नींद खुली तो पीआरवी और पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज सिटी अतुल तिवारी, प्रभारी निरीक्षक विजयकांत सत्यार्थी मयफोर्स पहुंचे। संतोष ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। सुबह सीओ सिटी आईपीएस प्रशांत राज हुड्डा, एएसपी पूर्वी शैलेंद्र लाल ने मौके पर पहुंच पूछताछ कर पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाये। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। वहीं, आईपीएस सीओ सिटी प्रशांत राज हुड्डा ने बताया तहरीर मिली है, अभी कुछ स्पष्ट नहीं कहा जा सकता है। घटना के विभिन्न पहलुओं पर जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

BALAK RAM INDUSTRIES PRIVATE LIMITED
OD PIPES MANUFACTURER
Deals in :- GC Sheets, Color Coated Sheets and Square Bars.



Ramesh Kumar Mishra Director Mob.: 998490050
Anmol Mishra Director Mob.: 9076527162
Add.- Datauli Chauraha, Haidergarh-Barabanki

# बेकाबू कार की टक्कर से तीन लोगों की मौत और एक गंभीर

संवाददाता कुंडा (प्रतापगढ़)

**अमृत विचार :** मानिकपुर नगर पंचायत के मिरगढ़वा चौराहे के पास अनियंत्रित कार की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि घायल युवती का इलाज चल रहा है। हादसे से परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्रयागराज से लखनऊ की तरफ जा रही एक अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार ने मंगलवार की रात करीब आठ बजे मानिकपुर नगर पंचायत के मिरगढ़वा चौराहे के पास हाईवे के किनारे भुट्टा बेच रहे ठेले में जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ठेले के पास खड़े मानिकपुर यादव पट्टी गांव निवासी (35) अरविंद यादव पुत्र शंभू नाथ, अलिनकी मानिकपुर निवासी (45) छन्ने सरोज पुत्र प्रभु सरोज, (19) शिल्पा पुत्री लाल जी सोनकर व मानिकपुर चौराहे पर होम्योपैथिक की दुकान चलने वाले (35) मधुकर प्रकाश पुत्र पन्नालाल सभी लोग घायल हो गए। लोगों की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सीएचसी कालाकांकर ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने मधुर प्रकाश को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल अरविंद पुत्र शंभू नाथ सैन सरोज पुत्र प्रभु सरोज, शिल्पा पुत्री लाल जी को उपचार के लिए रायबरेली रेफर कर दिया। इलाज के दौरान अरविंद व छन्ने सरोज की मौत हो गई। जबकि घायल शिल्पा का इलाज चल रहा है। कार में बैठी (20) दिशा साहनी पुत्री दिलीप कुमार निवासी आवास विकास कालोनी कोतवाली बाराबंकी, (21) शक्ति मिश्रा पुत्र सतीश मिश्रा देवा रोड हिंद सिटी मटियारी चौराहा लखनऊ देवेश नर्सिंग होम लखनऊ को उपचार के लिए कुंडा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। एसओ मानिकपुर दीप नारायण का कहना है कि अनियंत्रित गाड़ी को कब्जे में लिया गया है, मामले की जांच कर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।



क्षतिग्रस्त कार।

## व्यापारियों ने रामापुर रेलवे अंडरपास को लेकर की बैठक

**गौरा, प्रतापगढ़।** रामापुर बाजार में रेलवे क्रॉसिंग के समीप बने अंडरपास के निर्माण को लेकर व्यापारियों ने बैठक की। इसमें रेलवे अंडरपास के बारे में चर्चा हुई। कहा गया कि यह रेल विभाग की ओर से जो नक्शा दिया गया था उसकी विपरीत बनाया गया है अंडरपास में आने–जाने के लिए सड़क का निर्माण नहीं किया गया है। जिससे यहां के दुकानों की बिक्री पर भी असर पड़ा है। व्यापारियों ने इसे रेल मंत्री से मिलकर समस्या को हल कराए जाने की बात कही है। उनका कहना है कि अंडरपास का निर्माण नक्शे के अनुरूप ही कराया जाए। इस मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अमित कुमार वैश्य, पूर्व महामंत्री उमेश चंद्र उमर वैश्य, रामापुर प्रधान प्रतिनिधि शान मोहम्मद, मोतीलाल, मुन्ना, अजय, कृष्णानंद आदि मौजूद रहे।

### पूर्वोत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

**सं. ELS-SYH-REV-32-2024-25-03**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वमंविइं (टीआरएस)/वि. लोको शेड/सैदपुर भीतरी, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। **क्र.सं. 1. कार्य का नाम:** इलेक्ट्रिक लोको शेड सैदपुर में, auxilary मोटर की ओवरहॉलिंग और रिवाईन्डिंग, लोको बैटरी सेट का अनुरक्षण और SCRMB और MRB के सिंगल फेज सर्किट से थ्री फेज सर्किट में परिवर्तित करने का कार्य। **टेंडर रिफरेंश नं.:** ELS-SYH-REV-32-2024-25-03; **अनुमानित लागत (₹ में):** ₹47,24,036.57; **धरोहर राशि (₹ में):** ₹94,500/-; **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 09.10.2025 को 14:00 बजे तक; **कार्य पूरा करने की अवधि:** 24 माह; • खुली ई–निविदा दिनांक 09.10.2025 को 14:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

वमंविइं(टीआरएस) सैदपुर भीतरी

मुजाधि/विद्युत–138

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

### उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 11:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 22130-SLR-F1-AYC-LTT-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 11:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20415-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 11:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | 20413-SLR-F1-BSB-INDB-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 16.09.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01.10.2025 समय 11:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 01.10.2025 समय 12:00 बजे |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2859/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र सुधीर व पुत्रवधू शान्ती को इनके गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी– **सुन्दर लाल लोधी नि– हरिओमनगर, निकट रामलीला मैदान, मडियांव, लखनऊ**

**बेदखली सूचना**

मैंने, अपने पुत्र मोहम्मद वसीम को उसके गलत आचरण के कारण अपने समस्त चल – अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इसके द्वारा किये किसी भी कृत्य व लेन – देन की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। – **श्रीमती आशमा पत्नी मो. अली नि0– ताड़ीखाना, चुन्नी शाह मजार, मोहिबुल्लापुर, मडियाव, सीतापुर रोड, लखनऊ**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**बेदखली सूचना**

सूचित हो कि मैं **जमीर अली सुत अब्दुल सत्तार निवासी ग्राम जूडूपुर परगना मीरानपुर तहसील सदर थाना बन्धुआकला जिला सुलतानपुर,** मेरा पुत्र मासूक अली आये दिन शराब के नशे में समाज में उल्टे सीधे हरकते करता रहता है उसका चाल चलन काफी खराब है, जिसके कारण आये दिन समाज के लोगो द्वारा शिकायत मिलती रहती है। मैं पुत्र मासूक अली से परेशान हो चुका है। अपने क्रमशः छः बच्चों में से एक बच्चा जिसका नाम मासूक अली है, को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा है, पुत्र द्वारा किये गये किसी भी कार्य व्यवहार आचरण और किसी भी आपराधिक कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा।

### उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूचि स0 | Catg-smu25 |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall at various stations of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 12.09.2025 |
| नीलामी प्रारंभ तिथि (समस्त लाट) | 29.09.2025 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने कि तिथि व समय | 29.09.2025 at 10:40 hrs. |
| वेबसाइट विवरण जहा पंजीकृत बोलिदातयो द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

**Details of catering stalls to be auctioned are as under:-**

| Sn | Station | Lot No | Stall ID | Close Date/Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UNNAO | Catg-LKO-ON-SMU-104-25-1 | ON/PF-1/173 | 29-09-2025 at 10:30 hrs | SMU | BPL/WOMEN |
| 2 | BHADOHI | Catg-LKO-BOY-SMU-111-25-1 | BOY/PF-1/70 | 29-09-2025 at 10:40 hrs | SMU | FF/WW/WRE/LD |

2855/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–गोण्डा

**ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना नोटिस**

पत्रांक 558/ग्रा0अ0वि0/ई–निविदा/निर्माण/2025–26 दिनांक 09.09.2025

महामहिम श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–गोण्डा के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए,बी,सी, एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेन्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिए निविदा दे सकता है।

1– स्वीकृति एवं धन प्राप्त होने की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदा खुलने के उपरान्त धनराशि प्राप्त न होने की दशा में एक या समस्त निविदायें निरस्त की जा सकती है। इसका पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

2– कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नलिखित है।

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत लाख रू0 में (जीएसटी छोडकर) | बिड सिक्योरिटी लाख में | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि(वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत विधान सभा क्षेत्र–गौरा। | | | | |
| 01 | गोण्डा | श्रदेय नाना जी देशमुख स्मृति द्वार चांदनी चौक पायरखास में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 02 | गोण्डा | भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार भरपुरवा प्रधानमंत्री मार्ग पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 03 | गोण्डा | भारत रत्न लौहपुरूष सरदार बल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार केशवनगर ग्रन्ट हरैया घाट पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 04 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार हरैयाघाट मार्ग पर चांदपुर के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 05 | गोण्डा | मेजर प्रशांत सिंह स्मृति द्वार ग्राम पंचायत बखरवा (राम बहोर वर्मा दुकान के पास) में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 06 | गोण्डा | माता अहिल्याबाई होल्कर जी स्मृति द्वार गौरा चौकी बाजार में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 07 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत बिछिया चौहान में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 08 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीम राव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत बेलहरी में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 09 | गोण्डा | संत रविदास जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत ढढोवा महेनिया में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 10 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत करनपुर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 11 | गोण्डा | संत गाडगे महाराज स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सिंगारघाट के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 12 | गोण्डा | किसान नेता चौधरी चरण सिंह स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सुमेरपुर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 13 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत संतनगर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 14 | गोण्डा | लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल स्मृति द्वार ग्राम पंचायत इटैला खुर्द में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 15 | गोण्डा | श्री चित्रगुपत महाराज जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत चारू में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 16 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सोहिली में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 17 | गोण्डा | भारत रत्न पंडित अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत तिरूखा बुजुर्ग चौराहा के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 18 | गोण्डा | डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत दरियापुर में स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 19 | गोण्डा | बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्मृति द्वार ग्राम पंचायत चॉदडाबर के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 20 | गोण्डा | श्री चित्रगुप्त महाराज जी स्मृति द्वार ग्राम पंचायत पिपरा अदाई (राजेश श्रीवास्तव के घर के पास) स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 21 | गोण्डा | निषाद राज गुहा स्मृति द्वार ग्राम पंचायत घारीघाट के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 22 | गोण्डा | महाराजा सुहेलदेव राजभार स्मृति द्वार ग्राम पंचायत अलाउद्दीनपुर के पास मुख्य मार्ग पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 23 | गोण्डा | भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई स्मृति द्वार ग्राम पंचायत सोतिया के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 24 | गोण्डा | महाराजा पृथ्वीराज चौहान स्मृति द्वार सगरागढ़ (लोनियनडीह के पास) मार्ग पर स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 25 | गोण्डा | महाराजा सुहेलदेव राजभर स्मृति द्वार रेनुवा दौलतपुर ग्रन्ट मार्ग पर ग्राम पंचायत दौलतपुर ग्रन्ट (डफलडिहवा चौराहा) के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 26 | गोण्डा | सम्राट चन्द्र गुप्त मौर्य स्मृति द्वार रेनुवा दौलतपुर ग्रन्ट मार्ग पर ग्राम पंचायत अल्लीपुर (बुधनीबाजार) के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |
| 27 | गोण्डा | भारत रत्न ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम स्मृति द्वार रेनुवा दौलतपुर ग्रन्ट मार्ग पर ग्राम पंचायत औराडीह के पास स्थापना कार्य। | 6.03 | 0.12 | 300+500+GST | चार माह |

3. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंट की उपलब्धता 01.10.2025 से 08.10.2025 तक।
4. ई–निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समय–08.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक ।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय–08.10.2025 को अपराह्न् 12.30 बजे।
6. निविदा आमत्रणकर्ता को आई0टी0बी0 के क्लास के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा सभी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
7. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर लागिंन करें तथा डाक्यूमेंट को लोड करें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–गोण्डा

UP – 237809 दिनांक: 16/09/2025
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## न्यूज ब्रीफ

### रोजगार मेला आज

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय एवं जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल पीजी कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रात: 10 :00 बजे से कॉलेज परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला सेवायोजन अधिकारी के अनुसार, लगभग एक हजार रिक्तियों के साथ मेले में 20 से अधिक निजी कंपनियां प्रतिभाग करेंगी।

### सांसद प्रतिनिधि बने सौरभ पांडेय

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सिलौटा निवासी सौरभ पांडेय को कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने रामनगर ब्लॉक का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सौरभ पांडेय की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

### जिला अस्पताल से दिनदहाड़े बाइक चोरी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला अस्पताल परिसर से दिनदहाड़े बाइक चोरी हो गई। कर्रा थाना देवा निवासी कमलेश चन्द्र पत्नी की दवा लेने 3 सितम्बर को दोपहर जिला अस्पताल आए थे। उन्होंने अपनी बाइक परिसर में खड़ी की थी। दवा लेने के दौरान चोर बाइक लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात युवक को मोटरसाइकिल ले जाते हुए देखा है। घटना की सूचना कोतवाली नगर में दी गई, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। पीड़ित एसपी से मिला। एसपी के निर्देश पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** तहसील गेट परिसर में निर्माणाधीन नवीन शौचालय का बुधवार को एसडीएम कार्तिकेय सिंह व तहसीलदार वैशाली अहलावत ने निरीक्षण किया। निर्माण की गुणवत्ता को लेकर ठेकेदार व मिस्त्री को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### दुकान से हजारों का माल व नकदी चोरी

**निदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कुर्सी के मोहसंड में मंगलवार की देर रात चोरों ने अमजद के जनरल स्टोर पर धावा बोला। चोर नकब लगाकर दाल,चावल की बोरियां, गुटखा व अन्य सामान करीब 65 हजार रुपये का तथा करीब 20 हजार रुपये नकद उठा ले गए।

### खंभे से टूटकर गिरा तार, मवेशी की मौत

**बनीकोडर, बाराबंकी, अमृत विचार :** देवीगंज विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत सुबेहा फीडर से जुड़ी भवनियापुर में पोल से बिजली का तार टूट कर एक गोवंश पर गिर गया, करंट के चलते पशु की हो गई।

# आत्मनिर्भर व विकसित भारत के प्रेरणा स्रोत हैं मोदी : सुरेश राही

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा ने की सेवा पखवाड़ा की शुरुआत, प्रभारी मंत्री ने किया स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान का उद्घाटन

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते प्रभारी मंत्री व अन्य। ● अमृत विचार



रक्तदान करते भाजयुमो जिला अध्यक्ष रोहित सिंह। ● अमृत विचार



फतेहपुर के पटेल चौराहे पर जश्न मनाते विधायक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर भाजपा ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। सेवा पखवाड़ा के तहत 2 अक्टूबर तक देश भर में स्वास्थ्य शिविर लगाने से लेकर स्वच्छता अभियान चलाने, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए मेलों और बुद्धिजीवियों के समागम तक कई तरह के जन संपर्क, कल्याण, विकास और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रभारी मंत्री सुरेश राही ने रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया। भाजयुमो जिला अध्यक्ष रोहित सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में रक्तदान करके पीएम मोदी के दीर्घायु होने की कामना की। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान का प्रभारी मंत्री ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने समाज के हर वर्ग की प्रगति के लक्ष्य के साथ आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए कई परिवर्तनकारी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक पहचान मिली है। का पीएम मोदी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व,राष्ट्र के प्रति अद्वितीय समर्पण और अथक परिश्रम से भारत को नई ऊर्जा दी है। 140 करोड़ भारतीयों के कल्याण के प्रति मोदी की प्रतिबद्धता को प्रभारी मंत्री ने अनुकरणीय बताया। प्रभारी मंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का मध्य प्रदेश के धार जिले में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा। साथ ही विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने सीएचसी घुंघटेर, एससी एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने सीएचसी सिद्धौर के अलावा पूर्व विधायक शरद अवस्थी सीएचसी सूरतगंज, पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह सिरौलीगौसपुर, रामकुमारी मौर्य सीएचसी देवा, अमरीश रावत सीएचसी बड़ागांव में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पटेल, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, विधायक दिनेश रावत, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, हरगोविंद सिंह, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, प्रमोद तिवारी, आशुतोष अवस्थी, शिवस्वामी वर्मा, अरुण रावत मौजूद रहे। फतेहपुर के पटेल चौराहे पर विधायक साकेंद्र रावत ने दीपोत्सव व मिष्ठान्न वितरित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन का जश्न मनाया।

**रक्तदान शिविर आयोजित :** भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में हिस्सा लिया। जिलाध्यक्ष रोहित सिंह ने रक्तदान करके शिविर की शुरुआत की। 44 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर हरिकेश दीक्षित, दिनेश सिंह, अनमोल राजवंशी, शुभ सिंह वर्मा, श्रीपाल लोधी, सजल पाठक, सुरेन्द्र यादव, सुधीर कुमार, तुफैल अहमद, मुकेश चौहान, अभिनव रस्तोगी, प्रमोद गोस्वामी, सुरजन चौहान व भाजयुमो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अगवा बच्चों का सुराग नहीं ऑटो चालक भी लापता

**निंदूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** बकरी चराते समय बरगलाकर अगवा किए गए तीन बच्चों का बुधवार को भी कोई सुराग नहीं लग सका न पुलिस ऑटो चालक का ही पता लगा सकी है। घटना के बाद से परिजन दहशत में हैं।

बड्डूपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भगौली फूटी सरैया रेलवे गेट पर रविवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब तीन बच्चों को एक अज्ञात आटो चालक ने अगवा कर लिया। फूटी सरैया निवासी विरेन्द्र के बच्चे शेखर (6), मिनी (10) और शहरीफुन (11) पुत्री फिरोज निवासी ग्राम गुरेरा थाना बिसवां सीतापुर 14 सितम्बर को बकरी चरा रहे थे, तभी अज्ञात आटो चालक ने बच्चों को प्रलोभन देकर आटो में बैठा लिया।

आटो भगाते समय निहारिका नामक बच्ची ने छलांग लगाकर खुद को बचा लिया, लेकिन तीन अन्य बच्चों को चालक साथ ले गया। पिता विरेन्द्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन बच्चों का कोई सुराग नहीं लगा है। उपनिरीक्षक विनय कुमार ने बताया कि अभी कुछ पता नहीं लगा है, तलाश की जा रही है।

## वृद्धा की हत्या का 6 माह बाद खुलासा

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** नशे में वृद्धा के घर में घुसे युवक ने पकड़े जाने के डर से वृद्धा की गला दबाकर हत्या कर दी थी। करीब छह माह बाद वृद्धा की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। बीती 30 मार्च को मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के चंदूरा में कंचाना देवी (62) सो रही थीं, तभी किसी अज्ञात ने उनकी हत्या कर दी। बेटे सुरेश की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली। स्वाट, सर्विलांस व थाना मोहम्मदपुर खाला की संयुक्त पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी अनिल यादव को चन्दूरा बस स्टाप के पास से गिरफ्तार किया।

# झमाझम बरसात से सड़कें बनीं तालाब

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



झमाझम बारिश से सड़क पर हुआ जलभराव। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार दोपहर हुई जोरदार बारिश ने कई रंग दिखाए। एक ओर बारिश के बाद माहौल खुशनुमा हो गया और सभी ने इसका मजा लिया तो बारिश के दौरान शहर के नाले नालियां उफना गए और गंदा पानी मार्गों पर लबालब बहता रहा। दूसरी तरफ कटने को तैयार धान की फसल को लेकर बारिश ने किसानों को चिंता में डाल दिया है।

मानसून की सक्रियता का आलम यह है कि रह रह कर हो रही बारिश उमस को काबिज होने से रोक रही है। इधर बारिश के बाद की धूप लोगों को बेहाल करती है तो दूसरी ओर बादल बरस कर माहौल को सामान्य कर रहे हैं। बुधवार की दोपहर आसमान पर छाए घने बादलों ने जोरदार बारिश की तो उमस का अता पता न रहा। आज करीब 37 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बारिश के दौरान ही शहर के नाले-नालियों का पानी मुख्य मार्गों पर बहता रहा। शहरवासियों को बारिश के बाद भी समस्याओं से जूझना पड़ा।

### लाल निशान से ऊपर सरयू, कटान तेज

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरयू नदी का जलस्तर एक बार फिर खतरे के निशान से थोड़ा ऊपर पहुंच गया है। उधर नदी किनारों पर तेजी से कटान कर रही है। कई लोगों के घर नदी में समा चुके हैं। दर्जनों घरों को नदी अपनी आगोश में सामने के लिए बेताब है। बड़ी संख्या में किसानों के खेत नदी में समाते जा रहे हैं। तहसील रामनगर के कोरियनपुरवा मजरे तपेसिपाह निवासी ब्रजेश, राजेंद्र, रामपाल, बलराम के घर नदी के मुहाने पर हैं और कभी भी नदी समा सकते हैं। संजीव, विद्युत जैन, जावेद की भूमि नदी में समा चुकी है।

## चार चोर गिरफ्तार, पांच चोरियां खुलीं

**बाराबंकी, अमृत विचार :** घुंघटेर पुलिस ने चोरी की 5 घटनाओं का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से चोरी का माल व नकदी बरामद की है। पुलिस ने राममिलन मौर्या, उत्तम, विकास गुप्ता, रामू यादव को धौरहरा पुल से गिरफ्तार किया। पूछताछ से पता चला कि इन सभी का एक गिरोह है। करीब 8 दिन पूर्व बढईडीह में एक स्कूल से भगोना, चावल व सिलेण्डर चोरी किया था। पलिया में एक घर से सिलेण्डर, बैटरी व सोलर पैनल इन लोगों ने चोरी किया था।



स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन करते मंडल अध्यक्ष देवा। ● अमृत विचार

### 300 से अधिक मरीजों का हुआ उपचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए सीएचसी में बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार थीमपर स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। शुभारंभ मंडल अध्यक्ष बबलू वर्मा व पूर्व मंडल अध्यक्ष पुनीत मिश्रा ने किया। मेले में 300 से अधिक मरीजों का नि :शुल्क उपचार किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी और ग्रामीण महिलाओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राधेश्याम गोंड ने स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी।

## शिविर में लोगों की जांची गयी सेहत

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** सीएचसी पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष रजत मिश्रा एवं ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने संयुक्त रूप से किया। विभिन्न प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कुल 2,810 मरीजों का उपचार किया गया। सीएचसी हैदरगढ़ पर 387, पीएचसी टीकारामन में 55, सरायगोपी में 63, थलवारा में 67, फतेहगंज में 66, सुबेहा में 54, सीएचसी सुबेहा में 105 और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर 2,013 मरीज लाभान्वित हुए।

## 15 दिवसीय प्रदर्शनी आज से, राज्यमंत्री करेंगे उद्घाटन

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व, कृतित्व, न्यू इंडिया @2047 एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन नगर पालिका परिषद, नवाबगंज परिसर में किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 18 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगी। उद्घाटन पूर्वाह्न 11:00 बजे राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाएगा। इस प्रदर्शनी के माध्यम से केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा।



प्रशस्ति पत्र प्राप्त करते डीएफओ व क्षेत्राधिकारी। ● अमृत विचार

### शाहपुर पौधशाला को मिला मंडल में पहला स्थान

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** अयोध्या मंडल में जैव विविधता संरक्षण और पौधों की प्रजातियों के संवर्धन में देवा रेंज की शाहपुर पौधशाला ने पहला स्थान हासिल किया है। यहां 106 प्रजातियों के पौधों का सफल उगान कर मंडल की सभी पौधशालाओं में सर्वोच्च उपलब्धि दर्ज की गई। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए शाहपुर पौधशाला को जैव विविधता पौधशाला पुरस्कार-2025 प्रदान किया गया। सम्मान समारोह में क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह, वन दरोगा राजेश मिश्रा और माली शत्रोहनलाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वन संरक्षक समीर कुमार ने शाहपुर पौधशाला की सराहना की। उन्होंने डीएफओ आकाशदीप बधावन और क्षेत्राधिकारी मयंक सिंह की कार्यशैली की प्रशंसा की।

## तालाब किनारे मिला लापता अधेड़ का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** एक दिन पूर्व लापता अधेड़ का शव बुधवार को तालाब किनारे पड़ा मिला। कोतवाली क्षेत्र के भानपुर गांव निवासी हरिश्चंद्र (46) पुत्र राम मनोहर सोमवार की रात से घर से बिना बताए कहीं निकल गए थे, वह मंगलवार सुबह तक घर नहीं पहुंचे। परिजनों ने काफी तलाश की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। परिजनों ने सोमवार को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार की सुबह घर से कुछ दूर बने तालाब के किनारे शव मिलने की सूचना किसी ने पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कोतवाल अंकित त्रिपाठी पहुंचे वहीं परिजनों ने शव की पहचान हरिश्चंद्र के रूप में की।



स्वास्थ्य मेला का शुभारंभ करते नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक। ● अमृत विचार

### विशेषज्ञ डॉक्टरों ने किया स्वास्थ्य परीक्षण

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक ने किया। सामुदायिक स्वास्थ्यक केंद्र अधीक्षक डॉ. प्रणव कुमार की देखरेख में जिला मुख्यालय से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने महिलाओं और पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं वितरित कीं और उन्हें सेहतमंद रहने के विभिन्न उपाय बताए। मेले में क्षेत्रीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## बाराबंकी डायरी





हैदरगढ़ सीएचसी पर मौजूद ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि, पूर्व मंडल अध्यक्ष व अन्य।

### स्वास्थ्य शिविर व स्वच्छता अभियान आयोजित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत हैदरगढ़ मंडल में सीएचसी परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहित मिश्र ने किया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कार्यवाहक अधीक्षक डॉ. जयशंकर पांडे सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। शिविर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह, भाजपा नेता पंकज दीक्षित, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुन्नू सिंह, महामंत्री एच.के. शुक्ला, संतोष कुमार आदि थे।



विश्वकर्मा जयंती कार्यक्रम में मौजूद विकास भवन कर्मचारी व अन्य

### विकास भवन में धूमधाम से मनायी गयी विश्वकर्मा जयंती

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय वाहन चालक महासंघ के तत्वावधान में विकास भवन परिसर में भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। इस अवसर पर विधिवत पूजन-अर्चन व हवन के बाद एक संगोष्ठी आयोजित की गई। महासंघ अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए संघ की गतिविधियों में पूर्ण उपस्थिति की अपील की। विकास भवन कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष मुस्तफा खान ने भगवान विश्वकर्मा को आदि अभियंता बताया। रत्नेश कुमार, व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू'ख् महामंत्री फूलचंद्र, सियाराम रावत , गौरव वर्मा, देवेंद्र मिश्र, अंसार, उधम सिंह, रतिपाल, जयवंत बहादुर, अयोध्या प्रसाद आदि थे।



पीएम का जन्मदिन मनाते अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव व अन्य।

### पीएम के जन्मदिन पर हनुमान चालीसा पाठ व मिष्ठान्न वितरण

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में लाजपत नगर स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में हनुमान चालीसा पाठ व विशेष पूजन-अर्चन का आयोजन किया गया। संयोजन मंच अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने किया। इसके उपरांत मिष्ठान्न वितरण कर जन्मदिवस का उल्लास साझा किया गया। कार्यक्रम में पंडित सोनू तिवारी, आर.के. चौहान, किरण तिवारी, ऋचा शर्मा, विनय श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, अधिवक्ता दिवाकर सिंह, पवनेंद्र सिंह, मुनेश्वर अवस्थी, के.के. दीक्षित, राहुल राजपूत, प्रेम तिवारी व अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।



शपथ दिलाते अधिकारी। ● अमृत विचार

### सफाई कर्मियों को दिलाई स्वच्छता की शपथ

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर शुरू किए गए सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पंचायत में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अशोक कुमार खरवार ने सफाई कर्मियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। श्री खरवार ने कहा कि नगर को स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

**हर्षोल्लास** | मंदिरों व कारखानों में हुए अनुष्ठान, भंडारे का किया गया आयोजन

# हवन-पूजन कर धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी**



धनोखर स्थित बिजली कार्यालय पर पूजा अर्चना करतीं अधीक्षण अभियंता।



रामसनेहीघाट पावरहाउस में हवन पूजन करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले में बुधवार को आदि शिल्पी विश्वकर्मा की जयंती पूरी श्रद्धा और उल्लास से मनाई गई। हवन के साथ शोभायात्रा निकालने के साथ भजन संध्या आयोजित हुई। लखपेड़ाबाग स्थित विश्वकर्मा मंदिर में अखंड रामचरित मानस पाठ के समापन पर हवन हुआ। आरती के बाद भंडारे का प्रसाद बांटा गया। धनोखर स्थित बिजली कार्यालय पर एक्सईन घनश्याम त्रिपाठी की अगुवाई में प्रतिमा स्थापित कर हवन पूजन हुआ। यहां पहुंची अधीक्षण अभियंता राजबाला ने आरती उतारी। रात्रि 9 बजे से जवाबी कीर्तन आयोजित किया गया। रामनगर विद्युत उपकेंद्र, अन्नावरम फैक्ट्री, रानी बाजार, सीहामऊ, बिछलखा सहित कई स्थानों पर पूजन किया गया। गणेशपुर स्थित लकड़ मंडी में बीडीसी सदस्य गिरीश चंद्र शर्मा के संयोजन में शोभायात्रा निकाली गई। ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी ने उद्घाटन किया। रामसनेहीघाट पावरहाउस, सरदार बैटरी, आरा मशीनें और वाहन शोरूम में यंत्र पूजन किया गया। जेबीएस इंस्टीट्यूशंस में पूजन किया गया। प्रबंधक पूनम सिंह उपस्थित रहीं। हैदरगढ़ में बलरामपुर चीनी मिल समूह की इकाई, एसके इंजीनियरिंग आदि स्थानों पर हवन-पूजन व भंडारा आयोजित किया गया। मुख्य प्रबंधक बीके यादव सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। मसौली के शर्मा फर्नीचर हाउस पर हवन व आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। सिरौलीगौसपुर, फतेहपुर, दरियाबाद आदि स्थानों पर भी धूमधाम से विश्वकर्मा जयंती मनायी गयी।

# बांके नाले के करीब पहुंची घाघरा, दहशत में ग्रामीण

## रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र के बंधे पर रह रहे 200 परिवारों पर संकट, लोगों ने शुरू किया पलायन

बाढ़- कटान

संवाददाता रामपुर मथुरा

**सीतापुर, अमृत विचार :** रामपुर मथुरा विकास खण्ड क्षेत्र में बंधे पर रह रहे कटान पीड़ितों की मुश्किले बढ़ चली हैं। कारण, घाघरा बांके नाले के करीब पहुंच चुकी है, यदि नदी ऐसे ही कटान करती रही, तो देर रात तक नाले में घाघरा का पानी आ जाएगा, फिर इससे लगे बंधे पर कटान शुरू हो जाएगी।

बढ़ती लहरों के बीच बंधे पर रह रहे शुकुलपुरवा, कनरखी और उससे जुड़े मजरों के रहने वाले लोगों ने दहशत के बीच बंधे से पलायन शुरू कर दिया। ऐसे में प्रशासनिक अमले ने नावों की संख्या बढ़ा दी। बंधे पर शरण लिये संतोष का मानना है कि घाघरा जिस तरह से कटान कर रही है। ऐसे में वो बांके नाले को पार कर रात में ही बंधे तक आ पहुंचेगी, फिर निकलना मुश्किल हो जाएगा। कल्लू कहते हैं कि खुद के साथ गृहस्थी भी समेटना चंद घंटों में मुश्किल लग रहा है। कलीम ने बताया कि पशुओं को पहले सुरक्षित स्थान पर ले जाने का कार्य किया जा रहा है, क्योंकि रोजगार का साधन वहीं है। बकरीदी का मानना है कि बची हुई जमीन भी सुबह तक घाघरा लील जाएगी, फिर दो गांव का अस्तित्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। तहसीलदार अनिल कुमार राम का कहना है कि ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने के लिए नावों की संख्या बढ़ा दी गई है। आश्रय स्थलों की मदद से खाद्य सामग्री का भी वितरण कराया जा रहा है।



बाढ़ के पानी से गृहस्थी का सामान नाव से ले जाते ग्रामीण। अमृत विचार



बढ़ती कटान के बीच गृहस्थी समेटती महिला। अमृत विचार



नदी व बांके नाले के बीच बची 40 मीटर की दूरी। अमृत विचार

**नापजोख नदारद, अब स्वयंसेवी संगठन भी आते नहीं**

ग्रामीण राजकमल, सुंदर] ननकऊ और भाईलाल का कहना है कि डीएम अभिषेक आनंद के निर्देश पर तहसील प्रशासन पट्टे देने की बात तो कर रही है लेकिन नापजोख नहीं करती। कहते हैं कि पहले स्वयं सेवी संगठन आकर मदद करते थे, इस बार कोई भी नहीं आ रहा है।

**कटान में इन ग्रामीणों की गई भूमि और फसल :** इन्द्रपाल, सुखदेव, परमेशुर, प्रकाश, परशुराम, कोदई, नान्हू, विनोद, केशन, भाई लाल, राजमल, हरीलाल, मोतीलाल, श्रीपाल, मटरू, अमेरिका, सालिग, श्यामसुदंर आदि।

### ग्रामीण बोले: नदी के उस पार जमीन का क्या काम

नारायण, विनोद, राजेश और मनोज आदि कटान में अपनी भूमि गवां चुके हैं। कहते हैं कि तहसील प्रशासन भूमि तो दे रहा है लेकिन सोहरिया ग्राम पंचायत में, तब जबकि वो नदी के उस पार स्थित है। ऐसे में रोजगार और खानपान के अलावा बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ेगा।

### स्वास्थ्य मेले में 251 मरीज लाभान्वित

**कमलापुर, अमृत विचार :** कसमंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में योग्य चिकित्सकों ने ग्रामीण मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श व उपचार प्रदान किया। स्वस्थ नारी–स्वस्थ परिवार अभियान के तहत आयोजित मेले में कुल 251 लोग पंजीकृत हुए, जिनमें 149 महिलाएं शामिल रहीं। मुख्य अतिथि सिधौली विधायक मनीष रावत ने मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों से हालचाल लिया और पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के तहत सालाना पाँच लाख रुपये तक निःशुल्क इलाज के लाभ जानकारी साझा की। उन्होंने नव निर्मित आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजीव वर्मा ने बताया कि मेले का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना और सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचाना है।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम के विरोध में लहरपुर अधिवक्ता बिफरे

**लहरपुर, अमृत विचार :** तहसील परिसर में लहरपुर बार एसोसिएशन के आह्वान पर अधिवक्ताओं का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को भी जारी रहा। अधिवक्ताओं ने बंद करो यह भ्रष्टाचार के नारे लगाते हुए उप जिलाधिकारी व तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग दोहराई। बार अध्यक्ष कमलेश वर्मा और महामंत्री कृपा शंकर पांडे ने कहा कि जब तक भ्रष्टाचार पर रोक और अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहरलाल मिश्रा की अध्यक्षता में हुए धरने में बालकृष्ण वर्मा, राजेंद्र तिवारी, जितेंद्र सिंह, अतुल द्विवेदी, रामधन गुप्ता समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### शिविर में महिलाओं को बांटे पौष्टिक आहार

**सांडा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा में बुधवार को स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने स्टॉल लगाकर महिलाओं को पौष्टिक आहार व उसके लाभों की जानकारी दी। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन लाइव प्रसारित किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सचान ने बताया कि अभियान के तहत मरीजों को नि:शुल्क जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### लकड़ी कटान के विरुद्ध चलाया अभियान

**लहरपुर, अमृत विचार :** अवैध लकड़ी कटान व परिवहन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग ने बुधवार को विशेष अभियान चलाया। वन क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में उपवन क्षेत्राधिकारी हरीश श्रीवास्तव व उनकी टीम ने लहरपुर–सीतापुर मार्ग पर ग्राम गणेशपुर के पास आम की लकड़ी से लदे दो ओवरलोड ट्रैक्टर–ट्राली को रोककर जांच की। श्रीवास्तव ने बताया कि लकड़ी सिधौली से परमिट पर काटकर लहरपुर मंडी लाई जा रही थी और जांच में सभी प्रपत्र सही पाए गए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में ओवरलोड और ओवरहाइट ट्रैक्टर–ट्रालियों से लकड़ी का असुरक्षित परिवहन होता है, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। जांच के दौरान वन दरोगा राजकुमार, अरविंद गिरी, रविकांत समेत अन्य वनकर्मी मौजूद रहे।

### पर्यटन को बढ़ावा देने को कार्यशाला आयोजित

**मछरेहटा, अमृत विचार :** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से ग्रामीण पर्यटन परियोजना के तहत बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के साथ रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। परियोजना के अंतर्गत जिले के छह गांवों का चयन किया गया है, जिनमें मछरेहटा का बिहट बीरम गांव भी शामिल है। कार्यशाला में विभागीय प्रतिनिधि अमिताभ पांडेय ने चिकनकारी, ग्राम्य संगीत, मिट्टी उद्योग और ग्रामीण व्यंजनों को बढ़ावा देने की जरूरत बताई। समन्वयक अश्वनी त्रिपाठी ने कहा कि प्रशिक्षण लेने वालों को प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी, एडीओ कृषि संजीव कुमार, ग्राम प्रधान चंदन सिंह व सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी से उबाल

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर फेसबुक पर की गई अमर्यादित टिप्पणी से भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। बुधवार को रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के चांदपुर बाजार निवासी अनुरुद्ध कुमार अंकू ने फेसबुक पर पीएम की तस्वीर साझा कर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। पोस्ट वायरल होते ही बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और नारेबाजी करते हुए आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। बेलदारी टोला निवासी भाजपा कार्यकर्ता विशाल गुप्ता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि पोस्ट से कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं। सूचना पर पहुंचे सीओ महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही।

### नवरात्र से पूर्व सड़क दुरुस्त करने की मांग

**लहरपुर, अमृत विचार :** नवरात्र पर्व को देखते हुए जय माता दी युवा जागरण समिति केसरीगंज के पदाधिकारियों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम से मुलाकात कर देवी मठिया मंदिर से वीर बाबा स्थान जोड़ने वाले मार्ग को दुरुस्त कराने की मांग की। समिति ने कहा कि शोभायात्रा व नवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है, ऐसे में मार्ग का सुगम होना आवश्यक है। एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह को प्राथमिकता के आधार पर मार्ग दुरुस्त कराने के निर्देश दिए।

# सेवा भाव से मनाया गया पीएम मोदी का जन्मदिवस

- शहर के महावीर पार्क में प्रदर्शनी और अटल चौक पर स्वच्छता अभियान का हुआ आयोजन

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा भाव से मनाया गया। शहर के महावीर पार्क में उनके जीवन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने किया। तत्पश्चात अटल चौक पर स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि संतोष सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता प्रधानमंत्री के विजन को साकार करने के लिए सेवा भाव के साथ काम करते हैं और उनके दीर्घायु होने की कामना करते हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि यह दिन सेवा और समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा के नेतृत्व में 79 यूनिट रक्तदान भी किया गया, जिसका संचालन डॉक्टर सौरभ रावत ने किया। नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर सहित सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नपा अध्यक्ष ने केक काटकर मनाया पीएम का जन्मदिन

**लहरपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद के आवास पर धूमधाम से जश्न मनाया गया। अध्यक्ष ने भारी संख्या में उपस्थित लोगों के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। कार्यक्रम में अब्दुल्ला बसीर, हसीन अंसारी, सभासद रहमत अली, उस्मान खान, शोएब, समीर राईन, एख लाख अंसारी, महताब आलम, मोबीन सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### युवा बढ़ाएं समाज सुधार में कदम : डॉ. अम्मार

**महमूदाबाद, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मंगलवार को कस्बा स्थित मौलाना आज़ाद इंस्टीट्यूट ऑफ ह्यूमैनिटीज़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। आयोजन की अध्यक्षता पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने की। उन्होंनहर वर्ग तक पहुंचाना युवाओं की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की शुरुआत स्वच्छता अभियान से हुई, जिसके बाद वृक्षारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। सम्मान व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य सी पी त्रिपाठी, राजेश सिंह, अंकुर सिंह, राहुल सिंह, मनोज शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# विधायक ने अटल चौक पर झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

- पीएम के 75वें जन्मदिन पर भाजपा का सेवा पखवाड़ा में रेउसा अटल चौक पर चला सफाई अभियान

संवाददाता, रेउसा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार से पूरे देश में सेवा पखवाड़ा शुरू किया। इसी कड़ी में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने रेउसा के अटल चौक पर सफाई अभियान चलाया। विधायक ने कहा कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता और सेवा पखवाड़ा चलेगा, जिसका उद्देश्य लोगों को स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से ही सुख-समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है और स्वच्छ समाज से ही स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण संभव है। अभियान में ब्लॉक व पंचायत अधिकारियों के साथ भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी शामिल रहे। महिला मोर्चा की सदस्य कंचन बाजपेई, मंडल अध्यक्ष लव कुश तिवारी, अशोक बाजपेई और अन्य कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।



झाड़ू लगाकर सफाई करते विधायक ज्ञान तिवारी। अमृत विचार

### सपा विधायक ने की मार्ग निर्माण की घोषणा

**लहरपुर, अमृत विचार :** केसरीगंज स्थित विश्वकर्मा मंदिर पर अखिल भारतीय विश्वकर्मा युवा महासंघ की ओर से मुख्य कार्यक्रम हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन–पूजन कर विश्व शांति की कामना की गई। मुख्य अतिथि विधायक अनिल कुमार वर्मा ने भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का सृजनकर्ता बताते हुए मंदिर जाने वाले मार्ग के निर्माण की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि आर.सी. विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, गौरव विश्वकर्मा व मिथिलेश विश्वकर्मा रहे। सरस्वती वंदना अनुमति विश्वकर्मा ने प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अमरेंद्र वर्मा, सुनील वर्मा, प्रदीप विश्वकर्मा, लाले बाबू, सतीश शर्मा, उत्तम शर्मा समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे व श्रद्धालु मौजूद रहे।

### वर्कशॉप्स और प्रतिष्ठानों में हुई पूजा

**अमृत विचार टीम, सीतापुर :** विश्वकर्मा जयंती बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। वर्कशॉप्स, ऑटोमोबाइल गैरेजों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों में मशीनों व औजारों की सजावट कर भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा–अर्चना की गई। पूजा के दौरान सुरक्षा, कुशलता और समृद्धि की कामना की गई। इसी कड़ी में मिश्रिख में आयोजित कार्यक्रम के बाद कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया और लोगों ने सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अवधेश तिवारी, अंकित, जगरूप, आशाराम, सुधीर सहित कई लोग मौजूद रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** पिसावां क्षेत्र में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कुतुबनगर मार्ग स्थित राम सेवक विश्वकर्मा के परिसर में भव्य झांकी सजाई गई।

श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना, हवन और आरती की। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर पंडित उमाकांत बाजपेई और माधव राम बाजपेई ने भगवान विश्वकर्मा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुई से लेकर हवाई जहाज तक सभी औजार और मशीनरी उनके ही सृजन का परिणाम हैं। कार्यक्रम में ज्ञानी सिंह, शिवम गुप्ता, रामसेवक शर्मा, रणजीत पुरी, संदीप जायसवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



विश्वकर्मा जयंती पर पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

# आईजीआरएस पर प्रतिबंध तानाशाही

- बार एसोसिएशन के समर्थन में उतरी बार काउंसिल आफ इण्डिया

संवाददाता, लहरपुर

**अमृत विचार :** लहरपुर बार एसोसिएशन के आवाहन पर बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य अजय शुक्ला ने अधिवक्ताओं के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि आपके आंदोलन को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री से वार्ता कर समस्या का समाधान कराया जाएगा, उन्होंने तहसील में आईजीआरएस पर प्रतिबंध को तानाशाही की संज्ञा देते हुए समस्या को शासन तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जनपद की सभी तहसीलों, सीतापुर, महोली, मिश्रिख, सिधौली, महमूदाबाद व बिसवां एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पहुंच कर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर प्रमुख रुप से महोली अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा, पीयूष दीक्षित, नितेश सिंह, मोहन शुक्ला, अमरपाल सिंह, संदीप सिंह अंकित कुमार पांडे व विभिन्न तहसीलों से आये अधिवक्ता नेक राम राही, दामोदर प्रसाद मौर्य, दिनेश भार्गव आदि उपस्थित थे।

# डीएम-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, कमलापुर/ मिश्रिख

**अमृत विचार :** नवरात्र और दशहरा पर्व को सुरक्षित, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने नैमिषारण्य के मां ललिता देवी मंदिर व चक्रतीर्थ का निरीक्षण किया। साथ ही कमलापुर में पीस कमेटी की बैठक में त्यौहारों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधीनस्थों को दिशा-निर्देश दिए।

नैमिष में निरीक्षण के दौरान डीएम ने मां ललिता देवी मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे, कंट्रोल रूम, आपातकालीन मार्ग, पार्किंग, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने टेंट, स्वागत द्वार, बेरिकेटिंग और पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था भी सुनिश्चित करने को कहा। इसके बाद चक्रतीर्थ में सफाई, जल निकासी और प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने और महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए विशेष महिला पुलिस बल तैनात करने की बात कही। वहीं, कमलापुर में पीस कमेटी की बैठक में उपजिलाधिकारी राखी वर्मा और क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार ने रावण दहन स्थल पर सुरक्षा और बैरिकेडिंग को पुख्ता करने पर जोर दिया।

### पालिका का हैंडपंप दे रहा बदबूदार पानी

**बिसवां, अमृत विचार :** नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्थित इंडिया मार्का हैंडपंप गंदा और बदबूदार पानी छोड़ रहा है। नगर पालिका कार्यालय आने वाले नागरिक और आसपास के दुकानदार साफ पानी के लिए इधर–उधर भटकने को मजबूर हैं। मोहल्ला निवासी सुरेश का कहना है कि सफाई के बाद भी पानी सीमित समय के लिए ठीक आता है, उसके बाद नागरिकों को पानी के लिए इधर–उधर भटकना पड़ता है। नगर पालिका परिषद अध्यक्ष पुष्पू जायसवाल ने कहा कि समस्या संज्ञान में आई है और जल्द इसका समाधान कराया जाएगा।

### एडीजी ने सुनीं रिक्रूट आरक्षियों की समस्याएं

**सीतापुर, अमृत विचार :** द्वितीय वाहिनी पीएसी में अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) रामकृष्ण स्वर्णकार ने हाल ही में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने रिक्रूट्स के खेल कौशल को प्रोत्साहित किया और उत्साह बढ़ाया। इसके बाद सभी कर्मचारियों का सम्मेलन लेकर उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। मौके पर सेनानायक श्री संतोष कुमार मीणा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने एडीजी के मार्गदर्शन में कर्मचारियों को त्वरित समाधान का आश्वासन दिया।

# नेपाल भागने की फिराक में थे खीरी के 2 शातिर, गिरफ्तार

संवाददाता, पहला/ महमूदाबाद

**अमृत विचार :** चोरी की बाईकों को नेपाल में बेचने की फिराक में दो ऑटोलिफ्टर को रामपुर कलां पुलिस टीम ने धर दबोचा। मुखबिर के इनपुट पर कोड़रा पुल के पास से घेर कर पकड़े गए गिरफ्तार शातिरों की पहचान लखीमपुर खीरी जनपद के सदर थान क्षेत्र निवासी नसीम और गुलजार नगर मेला मैदान निवासी गोलू गौतम के रूप में हुई। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 5 मोटरसाइकिलें, 10,020 रुपये नगद और एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। सीओ सिधौली कपूर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ में खुलासा किया है कि उन्होंने पिछले 2-6 माह में महमूदाबाद, लहरपुर, अटारिया, सिधौली और खीरी इलाके से मोटरसाइकिलें चोरी की थीं। पुलिस ने सभी थानों में बीएनएस व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमें दर्ज किए। पुलिस ने दोनों ऑटोलिफ्टर को जेल का रास्ता दिखाया। शातिरों की इस धरपकड़ में वरिष्ठ उपनिरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, अशोक कुमार, मुख्य आरक्षी राजकमल मौर्य, आरक्षी अमित यादव, समरजीत यादव, अतेन्द्र आर्या शामिल रहे।

### हत्या के प्रयास में वांछित अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार :** महोली कोतवाली पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित बरसहिया गांव निवासी प्रांशू बाजपेई पुत्र कमलेश बाजपेई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शातिर लंबे समय से वांछित चल रहा था। इस पर हत्या का प्रयास के तहत मोहाली कोतवाली मेंकेस दर्ज था। अभियुक्त के कब्जे से 1 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर, 1 अदद जिन्दा कारतूस और 1 अदद खोखा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ा कर उसे जेल का रास्ता दिखाया।

### नीम का पेड़ गिरा, दो भैंस घायल

**तालगांव, अमृत विचार :** परसेंडी ब्लॉक की राही ग्राम पंचायत के चकपुरवा में देर शाम तेज हवाओं के कारण नीम का पेड़ गिर गया। हादसे में गांव निवासी रामदीन लोधी और रामप्रसाद लोधी की छह भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने आनन फानन में घायल जानवरों को नजदीकी पशु अस्पताल भेजकर उपचार कराया। जहां सभी की हालत गंभीर है।

खेलकूद | मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खो–खो प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल आयोजित

# बालक और बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** शहर के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में जनपदीय बेसिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत जूनियर स्तर बालक-बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता एवं चयन ट्रायल आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समन्वयक समेकित शिक्षा प्रमोद गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस कर किया। प्रतियोगिता में जूनियर बालक वर्ग में विकासखंड बिसवां की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि मिश्रित द्वितीय स्थान पर रही। बालिका वर्ग में भी बिसवां की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया और परसेंडी की टीम को द्वितीय स्थान से संतोष करना पड़ा। विजेता प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र कुलदीप कुमार ने प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संयोजन जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा व लौंग श्री यादव ने किया। प्रतियोगिता में 10 विकास खंडों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकों व अभिभावकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।




स्टेडियम में खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

# फेवीक्विक के सहारे जान लेते थे पिन, फिर नकदी साफ, दो गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार:** जिले की क्राइम ब्रांच और नगर कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने मोहम्मद सोहेल और मोहम्मद जीशान को कैंची पुल के पास गिरफ्तार किया। दोनों अभियुक्त एटीएम धोखाधड़ी के मास्टर थे। सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोंसले ने बताया कि शातिरों से पूछताछ में पता चला कि वे फेवीक्विक से एटीएम कार्ड चिपकाकर पीड़ित का पिन जान लेते और फिर नकद निकाल लेते। गिरफ्तार किए गए शातिरों के पास से 41 एटीएम कार्ड, 13,700 रुपये नकद, 1 मारुति वैगनआर, कूटरचित नम्बर प्लेट, प्लास, फेवीक्विक और 3 मोबाइल बरामद हुए। अभियुक्तों ने सीतापुर व गोंडा में कई लोगों से कुछ इसी तरह वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज करते हुए जेल भेज दिया।

### समय से पहले बंद मिला बैसौली जूनियर विद्यालय

**संदना, अमृत विचार :** सरकारी विद्यालयों में व्यवस्थाएं सुधारने का नाम नहीं ले रही है। बैसौली जूनियर विद्यालय मंगलवार को दोपहर सवा एक बजे ही बंद मिला, जबकि नियम के अनुसार छुट्टी का समय दोपहर दो बजे तय है। मुख्य गेट पर ताला लटकते देख ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि यह रोज की आदत बन चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक समय से पहले ही विद्यालय बंद कर घर चले जाते हैं। मंगलवार को भी स्कूल सवा एक बजे ही बंद हो चुका था। यहां तैनात शिक्षक पवन कुमार, वीरेंद्र कुमार, माला गुप्ता, आरती प्रजापति और गरिमा देवी में से एक भी मौके पर मौजूद नहीं था। एसडीआई सिमी निगार ने कहा कि समय से पहले विद्यालय बंद करना गंभीर लापरवाही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### 138 मरीजों को लगी जागरूकता की डोज

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वास्थ्य सेतु एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा कस्बे के मोहल्ला अंबरसराय स्थित महावीरन हनुमान मंदिर प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. शिवपूजन सिंह और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 138 मरीजों की जांच कर आवश्यक दवाइयां वितरित कीं। शिविर में फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने दो चोटिल लोगों को इंजेक्शन दिया, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया और बच्चों के टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया।

न्यूज ब्रीफ

## नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**महराजगंज, रायबरेली :** कोतवाली पुलिस ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में पॉक्सो एक्ट के फरार चल रहे अभियुक्त अजय कंजर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अजय कंजर निवासी पालपुर पानी की टंकी, थाना जगदीशपुर, जनपद अमेठी का निवासी है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि पूरे हुल्ली मजरे मोन गांव के पास से उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## परंपरा विषय पर दिया गया व्याख्यान

**लालगंज, रायबरेली :** बैसवारा पीजी कॉलेज के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर बीके भारद्वाज ने लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ओरियंटेशन कार्यक्रम में खेल, संस्कृति और परंपरा विषय पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रो. भारद्वाज ने बताया कि खेल के माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को किस तरह से आगे बढ़ा सकते हैं। महाभारत में किस तरह के खेल आयोजित किये जाते थे, जिसमें तीरंदाजी, घुड़सवारी आज की दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है। देश हमारा विकसित भारत की तरफ अग्रसर है और राष्ट्रमंडल खेल तथा ओलंपिक करने की तैयारी भी देश कर रहा है। प्रोफेसर भारद्वाज ने आगे बताया बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से ही खेल के प्रति समर्पण भावना को विकसित करना चाहिए। जिससे वे 17 और 18 वर्ष की उम्र में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। यहां महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. निरंजन राय एवं प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, डॉ. रमेश चंद्र यादव, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार, कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर, डॉ. जगदीप सिंह, प्रो. मुकुल श्रीवास्तव, प्रो. शीलधर दुबे आदि मौजूद रहे।

## जवाबी आल्हा कार्यक्रम सम्पन्न

**शिवगढ़, रायबरेली :** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 9 अम्बेडकर नगर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा स्थल पर विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में जवाबी आल्हा एवं कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन अर्पिता इंटरप्राइजेज के के रामसजीवन द्वारा किया किया गया। जवाबी आल्हा कार्यक्रम में बैसवारा उजाला मण्डल लालगंज की मशहूर आल्हा गायिका जानकी गुप्ता व हरचंदपुर के मशहूर आल्हा गायक रामलखन यादव के मध्य बड़ा ही रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना से किया गया। आल्हा सुनने आए श्रोताओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी।

## हनुमान चरित्र का किया वर्णन

**रायबरेली :** प्रगतिपुरम कॉलोनी के शिव पार्क में चल रही पितरों की मुक्ति हेतु सप्त दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के समापन दिवस पर जगतगुरु रामभद्राचार्य जी के कृपा पात्र शिष्य द्विवेदी कृष्ण कुमार शास्त्री जी ने बड़े ही सुंदर ढंग से जटायु के जन्म, हनुमान जी का चरित्र, भगवान श्री राम का राज्याभिषेक आदि का वर्णन किया। शास्त्री जी ने दूर-दराज से आए हुए सभी भक्तों का अभिनंदन स्वागत व धन्यवाद ज्ञापित किया। अमेठी जनपद से आए संतोष कुमार अर्गन पर, तबले पर प्यारेपुर के निमिष शर्मा, पैड पर जिला अमेठी के शुभम शुक्ला, आचार्य मधुरम जी प,टेल डीजे परशुराम पटेल के साउंड सर्विस, गणेशी जी टेंट लाइव प्रसारण के लिए रविंदर का सहयोग रहा। सहयोगी आचार्य में अभय द्विवेदी, राज द्विवेदी मित्र मंडली सहित विश्व सनातन सेवा के प्रदेश प्रभारी संजयानंद महाराज के साथ लोगों को महाराज ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर केक काटकर दीर्घायु होने की कामना की

## जिले में हुए विभिन्न आयोजनों में धूमधाम से मनाया गया मोदी का जन्मदिन, प्रभारी मंत्री ने जिला अस्पताल में रोगियों को बांटे फल


प्रमाण पत्र देकर महिलाओं को सम्मानित करते प्रभारी मंत्री राकेश सचान व साथ में मौजूद जिलाधिकारी, एसपी व अन्य लोग। अमृत विचार


फल वितरित करते भाजपाई।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। भाजपाइयों ने केक काटकर दीर्घायु होने की कामना की। वहीं जिला अस्पताल में रोगियों में फल बांटा गया। इस दौरान सेवा पखवाड़ा के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सचान एवं जिलाध्यक्ष बुद्धि लाल पासी द्वारा सुपरमार्केट स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया l इसके पश्चात राणा बेनी माधव जिला अस्पताल में ब्लड बैंक में भाजपा युवा मोर्चा द्वारा रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि राकेश सचान ने किया l उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के दीर्घायु की मंगल कामना की l इसके अलावां राजकीय जिला विद्यालय में लगाई गई प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। प्रदर्शनी में महिला कल्याण विभाग द्वारा बच्चों के अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी हुआ।

इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव बाबा, कार्यक्रम जिला सह संयोजक शिवेंद्र सिंह, विजय सिंह टप्पू, राधेश्याम पाल, जिले के महामंत्री शरद सिंह, उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह, युवा मोर्चा अध्यक्ष निखिल पांडे, अनुज मौर्य, विनय विक्रम, संतोष सिंह, अनीता श्रीवास्तव, रेनू सिंह, मुकेश, सत्य प्रकाश पाण्डेय, वीरेंद्र सिंह आदि ने रक्तदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

### 20 शक्ति केंद्रों व 118 बूथों पर हुआ आयोजन


प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते पार्टी कार्यकर्ता।

**डलमऊ, रायबरेली।** बुधवार को दीनशाह गौरा मण्डल में 20 शक्ति केंद्र व 118 बूथों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मिष्ठान वितरण किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष देवेश वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष रिंकू सिंह, महामंत्री अविनाश मिश्र, शक्ति केंद्र संयोजक एलबी पटेल, हनुमंत सिंह, शैलेंद्र दीक्षित, संतोष शुक्ला, विनय मिश्र, मनोज मिश्रा व बरारा बुजुर्ग शक्ति केंद्र पर भी पुतानी महाराज के नेतृत्व में भाजपा नेता ब्लाक प्रमुख शिवराम रावत, अजय तिवारी, मोनू बाजपेई शैलेंद्र चौधरी आदि ने पीएम नरेंद्र मोदी के दीर्घायु की मंगल कामना की।

### धूमधाम से मना प्रधानमंत्री का जन्मदिन


प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपा पदाधिकारी।

**सरेनी, रायबरेली।** पहुरी गांव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रजेश सिंह (बच्चा बाबू), पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह (रामू सिंह), चंद्रकांत काकुस्थ, शिवम सिंह, टीपू सिंह, नीरज श्रीवास्तव, शिशिर बाजपेई, चंदेव सिंह, सोनू सिंह, अभिषेक काकुस्थ महेंद्र बाजपेई आदि ने मोदी के दीर्घायु की मंगल कामना की।


सीएचसी में प्रसूता को फल वितरित करते भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

**मोदी के जन्मदिन पर रोगियों को बांटे फल, महराजगंज, रायबरेली।** नगर पंचायत के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन धूमधाम के साथ सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। क्षेत्र में सेवा पखवाड़े की शुरुआत चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू व भाजपा नेता सरोज गौतम ने की। पूर्व जिला महामंत्री सरोज गौतम व चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने सबसे सीएचसी पहुंच कर वहां आयोजित स्वास्थ्य शिविर का फीता काट कर उद्घाटन किया। उसके बाद यहां उन्होंने बैंक आफ बड़ौदा के सामने सतपाल महाराज की शोभायात्रा निकाल रहे अनुयायियों व राहगीरों में फल वितरित किए। फल वितरण के बाद कस्बा स्थित जसवंतरी देवी मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर देवी मां की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर दुष्यंत शुक्ला, अमित श्रीवास्तव, तुलसी मौर्य, धर्मेंद्र वर्मा, फूलचंद मौर्य, राघवेन्द्र सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

**विधायक ने मरीजों को बांटे फल, सलोन, रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया। बुधवार को सलोन विधायक अशोक कुमार के द्वारा सीएचसी सलोन में मरीजों के बीच फल का वितरण किया गया। अन्य मरीजों से स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। विधायक ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का उद्देश्य जनता के चेहरे पर मुस्कान लाना है। इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक अमित सिंह, मंडल अध्यक्ष चन्द्र शेखर सिंह, वीरू सिंह, देवेंद्र भारती, कलामुद्दीन आदि लोग मौजूद रहे।

**डीह में चलाया गया स्वच्छता अभियान, डीह, रायबरेली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन डीह ब्लाक मुख्यालय पर केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाई गयी। साथ ही स्वच्छता अभियान के तहत गल्थरेश्वर मंदिर पर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा साफ सफाई भी की गई। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष राजकुमार द्विवेदी, मण्डल महामंत्री बिंदादीन मौर्य, स्वच्छता संयोजक रंजीत सिंह, पूर्व मण्डल अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र, विनय सिंह, मनोज साहू, राजेन्द्र सिंह आदि रहे।

### जन्मदिन पर काटा 51 किलो के लड्डू का केक


नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर मौजूद कार्यकर्ता।

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज के अटल चौक गांधी चौराहे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्म दिवस विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला के नेतृत्व में मनाया गया। श्री मोदी के जन्मदिवस पर 51 किलो लड्डू का केक काटा गया। इस दौरान भाजपा नेता अनूप पांडे, दीप प्रकाश शुक्ला, जेपी सिंह, मनोज अवस्थी, कैलाश बाजपेई, शिवम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, शिवम गुप्ता, अशोक शुक्ला, उमेश सिंह, चंदन त्रिवेदी, अरुण कुमार सिंह, राजेश सिंह फौजी, रविनंदन सिंह चौहान, चंद्र प्रकाश पांडे, संतोष बाजपेई मंटू, देवेश अग्निहोत्री, सत्येंद्र बहादुर सिंह, राजेश निर्मल, सुनील मिश्रा, बीके सिंह, श्याम दीक्षित, महेश सोनी, मृत्युंजय बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन, राजन अवस्थी, दल बहादुर सिंह, सानू बाजपेई, बाबू तिवारी आदि रहे।

# बच्चों की पढ़ाई में अभिभावक करें सहयोग

सरेनी, रायबरेली

- गोष्ठी में प्रधानाचार्य ने बच्चों के विकास के लिए दी सलाह

**अमृत विचार।** बेनीमाधव पब्लिक स्कूल सरेनी में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंधक करण सिंह ने की। इस दौरान शिक्षकों और अभिभावकों द्वारा विद्यालय और बच्चों के विकास पर चर्चा की गई। करण सिंह ने कहा कि विद्यालय के बाद बच्चे घर जाते हैं, विद्यालय में पाठ्यक्रम को उन्हें घर में प्रतिदिन दोहराना चाहिए।

प्रधानाचार्य आरके सिंह ने अभिभावकों से कहा कि कहीं ऐसा तो नहीं है कि आपके बच्चे स्कूल के लिए घर से निकलते हैं और यहां पढ़ने के लिए नहीं पहुंच पाते हैं। ऐसे में जब अभिभावक उनकी गतिविधियों पर नजर रखें। उन्होंने सलाह दी कि बच्चों की पढ़ाई में अभिभावक सहयोग करें। गोष्ठी में राजेश तिवारी, बचई सिंह, सक्षम, अरविंद, मयंक, दुर्गेश, गौरव, सरिता, अमरीन, रौशनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वंदना शर्मा, पल्लवी, राखी व अभिभावक गण सोनू खान, करुणा शंकर, जयदीप अवस्थी, चंद्रजीत यादव, परीक्षित सिंह व विद्यार्थी प्रखर, अनुष्का, अर्पिता, अक्षिता, शौर्य, अर्शियान, दिव्यांशी चौरसिया, समर, जीवा मौजूद रहे।


स्कूल में आयोजित अभिभावक गोष्ठी में मौजूद लोग। अमृत विचार

**बेहतर शिक्षा के साथ स्कॉलरशिप का मिलेगा लाभ, लालगंज, रायबरेली।** रघुवीर इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ ही स्कॉलरशिप का भी लाभ दिलाया जा रहा है। यह जानकारी प्रबंध निदेशक डॉ. मोनिका मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि मेरे नेतृत्व में लगभग 12 सालों से सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट देने वाला लालगंज में एकमात्र मेडिकल का संस्थान है।

उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान बताया कि रघुवीर इंस्टीट्यूट से निकले हुए विद्यार्थी सरकारी और अन्य प्राइवेट संस्थानों में बढ़िया जॉब कर रहे हैं और अपने परिवार का जीविकोपार्जन भी चला रहे हैं। उन्होंने बताया कि रघुवीर इंस्टिट्यूट में एएनएम और ओटी टेक्नीशियन सहित इमरजेंसी ट्रॉमा, केयर टेक्नीशियन की सीटे खाली हैं।

# लापता युवक का ट्यूबवेल की हौज में मिला शव

संवाददाता, महराजगंज (रायबरेली)

- मऊ गर्वी गांव का युवक तीन दिन से था लापता, जांच जारी

**अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र के मऊ गर्वी गांव में एक अधेड़ का शव ट्यूबवेल के हौज में मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान अनूप सिंह उर्फ पम्मू के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर तहकीकात शुरू कर दी है। मृतक तीन दिन से लापता था।

बुधवार सुबह करीब 6 बजे गांव के कुछ बच्चे गांव के बाहर साधन सहकारी समिति के पीछे खेतों मे अमरूद तोड़ने खेत में गए थे। वहां उन्हें परी लोध के ट्यूबवेल की हौज में शव देखा तो उनके होश उड़ गए। डरे हुए बच्चों ने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी। जब यह खबर मृतक के परिजनों तक पहुंची तो परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का कहना है कि अनूप रविवार को घर से बिना कुछ बताए चला गया था। मृतक अनूप नशे का आदी था। कई जगह खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। सुबह बच्चों ने बताया तो जानकारी हुई। मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर छानबीन कर कार्यवाही की जाएगी।


अनूप सिंह की फाइल फोटो।


मौके पर मौजूद ग्रामीण।

**खेत में दवा छिड़काव करने गए किसान की मौत, बछरावां।** खेत में दवा का छिड़काव करने गए किसान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शव नहर में मिलने पर परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं। प्रकरण में पुलिस जांच कर रही है। मामला बछरावां-शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित दुन्दगढ़ गांव के निकट नहर के पास का है। मृतक राम बदल पुत्र भुनडे निवासी नवपुरवा मजरे सेहगो पश्चिम गांव थाना बछरावां बुधवार दोपहर अपने खेतों में दवा और खाद डालने के लिए गया हुआ था। उसके खेत शिवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुन्दगढ़ गांव के पास है। काफी देर तक जब वृद्ध घर वापस नहीं आया तो उसकी पत्नी राम कुमारी व अन्य परिवारीजन उसे ढूंढते हुए खेतों की तरफ पहुंचे, तभी उसका शव नहर में पड़ा देखकर चीख पुकार मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची शिवगढ़ पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# राज्यमंत्री का पुतला फूंकने में 10 के विरुद्ध केस दर्ज

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे के बाद भाजपा और कांग्रेस के बीच उठापटक का दौर लगातार जारी है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने राज्यमंत्री का पुतला जलाकर विरोध जताया था। वहीं अब प्रकरण में पुलिस ने 10 कांग्रेसियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उधर, एफआईआर से नाराज कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में धरना देकर विरोध जताया। साथ ही सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हुए उचित कदम उठाए जाने की मांग की।

भाजपा के सक्रिय सदस्य आशीष कुमार पाठक की तहरीर पर पुलिस ने कई दिन बाद राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला जलाने के आरोप में कांग्रेसी नेता आमीन पठान, वीरेंद्र यादव, शिवांशु मौर्य, अतुल शर्मा, अभिषेक मौर्या, शुभ कुमार, शिवा मौर्या, रमाशंकर, शिव शंकर और ब्रजेश कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इसी के विरोध में बुधवार को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव, विजय शंकर अग्निहोत्री, मो. इलियास, शंभू शरण पाल, लाल आशकिरन प्रताप सिंह आदि रहे।


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेस के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- कार्रवाई से नाराज कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना

**एकतरफा कार्रवाई का कांग्रेसियों ने लगाया आरोप:** राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंकने पर मुकदमा दर्ज होने से कांग्रेसी भड़के हुए हैं। बुधवार को कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जमकर नारेबाजी भी की गई। उनका कहना है कि पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई की गई। जिलाध्यक्ष पर हुए हमले के मामले पर कुछ नहीं हुआ। गौरतलब है कि बीते 10 सितंबर को सांसद राहुल गांधी के रायबरेली दौरे में हाईवे पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रदर्शन किया था। जिस पर उसी दिन शाम को कांग्रेसियों ने मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंका था।

## यूपी स्टेट स्केटिंग का चयन ट्रॉयल 20 को

**रायबरेली।** नोएडा में 11वीं यूपी स्टेट स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन 11 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक किया जाएगा। इसमें प्रतिभाग करने के लिए खिलाड़ियों का ट्रॉयल 20 सितंबर को रायन इंटरनेशनल स्कूल में होगा। उपरोक्त जानकारी डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के महासचिव अभिषेक द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि इस स्केटिंग ट्रॉयल्स में वही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकते हैं जिनके पास प्रोफेशनल इनलाइन स्केट्स अथवा प्रोफेशनल क्वॉड स्केट्स है। अध्यक्ष विनोद शुक्ला ने बताया कि यह चयन ट्रायल स्टेट ऑफिशल्स के देखरेख में संपन्न होगा। यहां डिस्ट्रिक्ट रोलर स्केटिंग एसोसिएशन कोषाध्यक्ष राजेश सिंह, उपाध्यक्ष महेंद्र त्रिवेदी, जॉइंट सेक्रेटरी रीना मिश्रा रहीं।

## भाजपा नेता पर रुपये ऐंठने का आरोप

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** भाजपा नेता पर चार युवकों ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपए ऐंठने का आरोप लगाया है। चारों पीड़ित युवकों ने कोतवाली में मामले की तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव मिर्जापुर ऐहारी निवासी आजाद कुमार पटेल, दिलमनपुर गांव निवासी दिलीप कुमार पटेल, डिडौली गांव निवासी दीपचंद और टिंकू का कहना है कि उनकी मुलाकात कुछ समय पहले जगतपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक भाजपा नेता से हुई थी। युवकों का आरोप है कि उन्हें नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे चालीस-चालीस हजार रुपये लिए। काफी इंतजार का बाद जब उन्हें नौकरी नहीं मिली तो युवकों ने उनसे अपने रुपये वापस मांगे। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर अब वह धमकी देते है और रुपये वापस करने से इनकार कर दिया। परेशान होकर चारों युवक कोतवाली पहुंचे और मामले की तहरीर दी है। कार्यवाहक कोतवाल सियाराम राजपूत ने बताया कि जहां रुपये का लेनदेन हुआ है वह स्थल जगतपुर थाना क्षेत्र का है। फिर भी पड़ताल की जा रही है।

## नशेड़ी पोते ने दादी को डंडों से पीटा, हालत गंभीर

**महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के अलौलापुर मजरे तौली गांव निवासी सुन्दारा को उसके नाती ने डंडे से जमकर पिटाई कर दी है।आरोप है कि मंगलवार की रात लगभग 8 बजे वह नशे की हालत में मारपीट किया। ग्रामीणों की मदद से घायल सुन्दारा को आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में शिवगढ़ थाना प्रभारी विंध्यविनय का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

आयोजन

जिले की एनटीपीसी, आरेडिका समेत विभिन्न फैक्ट्रियों और कारखानों में हुए कार्यक्रम, लोगों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# हर्षोल्लास से हुआ भगवान विश्वकर्मा का पूजन व प्रसाद वितरण

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** भगवान विश्वकर्मा की जिले भर में पूजा अर्चना हुई। एनटीपीसी, आरेडिका समेत सभी कारखानों, फैक्ट्रियों और लोहे आदि की दुकानों में विधिविधान से लोगों ने पूजन किया। रोडवेज कार्यशाला के साथ पीडब्ल्यूडी आदि विभागों में हुए आयोजनों में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

सुपर मार्केट स्थित सपा कार्यालय में भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना हुई। सभी ने उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान की पूजा से निर्माण, विकास एवं प्रगति की प्रेरणा मिलती है ब्रह्मा जी के साथ मिलकर भगवान विश्वकर्मा ने ब्रह्मांड की रचना किया। उन्होंने देवी देवताओं के लिए अस्त्र शस्त्र का निर्माण किया, इसलिए प्रत्येक वर्ष अभियंता, वास्तुकार, औद्योगिक कारीगर, कुशल मजदूर हर्षोउल्लास के साथ विश्वकर्मा पूजन करते हैं।

प्रदेश सचिव डॉ. शशिकांत शर्मा ने विश्वकर्मा पूजा पर उपस्थित लोगों से कहा कि दुनिया के निर्माण से पूर्व भगवान विश्वकर्मा की तकनीक की शुरुआत हो चुकी थी उनके द्वारा निर्माण एवं कला के अनूठे प्रयोग से देश दुनिया की संरचना हुई। इस अवसर पर अभियन्त्रण क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले अभियंताओं सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, फकीरे दास विश्वकर्मा, आरएस शर्मा, शिव नारायण सोनकर को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, राजेश मौर्या, श्रवण चौधरी, मो.अरशद खान, सुरजीत सिंह, रामनेवल विश्वकर्मा, रामखेलावन प्रजापति, विनय यादव, चन्द्रप्रकाश आज़ाद, अरविंद संजय, राजेंद्र बहादुर, राधेश्याम लोधी, रितेश शर्मा, बलराज राना, देवतादीन यादव आदि मौजूद रहे।


सुपर मार्केट स्थित कार्यालय में विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना करते सपा पदाधिकारी।

### भगवान विश्वकर्मा की मनी जयंती

**सरेनी, रायबरेली।** विशायकपुर गांव में विश्वकर्मा पूजा सुमिति की ओर से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गई। वीरेंद्र विश्वकर्मा, गोबिंद, सविता, गया प्रसाद, शशिकांत तिवारी, कुसमा, स्वाती, रक्षा, रत्नेश श्रीवास्तव आदि ने विविधान से पूजन अर्चन किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर हरीशंकर श्रीवास्तव, दीक्षा, प्रिया, आरती, अतुल, अनुज, कुसुम, शांति, आर्या, आनन्द, ज्योति, मनुज, रोशन, रोहित, शिव, जानवी, नंदन, अभिनंदन, विहान आदि मौजूद रहे।


प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाते भाजपा पदाधिकारी।

**शिवगढ़ में हर्षोल्लास पूर्वक मनाई गई विश्वकर्मा जयंती, शिवगढ़, रायबरेली।** भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर पूजा अर्चना और प्रसाद वितरण किया गया। नगर पंचायत के शिवली चौराहा स्थित अम्बे इलेक्ट्रिकल्स के मालिक दिनेश वर्मा द्वारा हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया। वहीं कसना में पूर्व प्रधान रामकिशोर मौर्य द्वारा विधि विधान पूर्वक हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया। हनुमन्त नगर चौराहे पर विनय फेब्रिकेशन में जिला पंचायत सदस्य विनय वर्मा, नरसिंह ऑटोमोबाइल शोरूम लाही बॉर्डर में प्रबंधक सूरज सिंह, लवकुश टीवीएस एजेंसी भवानीगढ़ में लवकुश सिंह, मनोज सिंह द्वारा हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# श्रद्धापूर्वक मनाई गई शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सृष्टि के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती एनटीपीसी ऊंचाहार में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। परियोजना प्रमुख अभय कुमार श्रीवास्तव ने विश्वकर्मा जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना की। इस दौरान महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं महासचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं एनटीपीसी कर्मचारी शामिल होकर भगवान विश्वकर्मा को नमन किया। प्लांट में काम करने वाले 120 श्रमिकों को परियोजना प्रमुख ने पुरस्कृत करके कर्म प्रधान भावना को बल दिया। पर्व आयोजन समिति के मुख्य सचिव चंद्रजीत सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

**सीएचसी में अधीक्षक ने किया पूजन अर्चन, महराजगंज, रायबरेली।** मरीजों के इलाज में बाधा न आने की कामना करते हुए विश्वकर्मा पूजा के दिन सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणनायक पाण्डेय ने मशीनों की पूजा किया।

सीएचसी महराजगंज के एक्स-रे विभाग सहित अन्य मेडिकल संयंत्रों की पूजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ गणनायक पांडेय ने कहा कि विश्वकर्मा भगवान को यंत्रों का देवता माना जाता है। हम सभी ने मिलकर भगवान विश्वकर्मा से यही प्रार्थना की कि अस्पताल में लगी मशीनरी हमेशा सुचारू रूप से कार्य करती रहे। इस मौके पर डॉ. एसके राय, डॉ.अनुज सिंह, राजदीप, आजाद कुमार, डॉ. समीन खान, रामावती, रुचि श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### लगातार बारिश से कच्चा मकान ढहा

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** जिले में हो रही लगातार बरसात से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। इसी बीच थाना क्षेत्र शुकुल बाजार के अंतर्गत पूरे मिश्र शिवदीन मजरे सौना गांव में निवासी मोतीन अहमद का कच्चा मकान अचानक भरभराकर ढह गया। गनीमत यह रही कि हादसे के समय घर के लोग समय रहते बाहर निकल आए, जिससे किसी की जान नहीं गई। लेकिन मकान गिरने से अंदर रखा गृहस्थी का सारा सामान मलबे में दबकर बर्बाद हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अचानक जोरदार आवाज के साथ मकान भरभरा कर गिर पड़ा, गांव वालों ने घर का मलवा हटवाने का कार्य शुरू किया।

### 50 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**अमेठी :** चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद की बुधवार को वाहनों की चेकिंग कर रही थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक नशे के कारोबार में शामिल है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर अब्दुल रहमान पुत्र महमूद (27) निवासी नेवाज मदारगढ़, थाना बाजार शुक्ल को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 50 ग्राम स्मैक बरामद की गई है। बरामदगी और गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है।

### मंत्री ने किया अभियान का शुभारंभ

**अमेठी :** जिला अस्पताल गौरीगंज में आज स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग के राज्य मंत्री व जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने अस्पताल परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके बाद भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन भी प्रभारी मंत्री ने फीता काटकर किया। इस दौरान जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे

### टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण

**शुकुल बाजार (अमेठी) :** एसएनएसपी के उद्घाटन अवसर पर स्काई लार्क फीड्स प्राइवेट लिमिटेड, जगदीशपुर की ओर से टीबी (क्षय रोग) से पीड़ित मरीजों के लिए पोषण पोटली उपलब्ध कराई गई। यह वितरण सीएचसी बाजार शुकुल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। कार्यक्रम में भाजपा उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला तथा सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुधीर वर्मा ने मरीजों को पोषण पोटलियां वितरित कीं। इस मौके पर श्री शुक्ला ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए मरीजों को उचित उपचार के साथ पौष्टिक आहार भी बेहद जरूरी है। डॉ. सुधीर वर्मा ने बताया कि पोषण पोटली में मरीजों के लिए आवश्यक खाद्य सामग्री शामिल की गई है, जिससे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ेगी और वे जल्दी स्वस्थ हो सकेंगे।

### जांच के साथ हुआ टीकाकरण

**अमेठी :** विकासखंड शाहगढ़ क्षेत्र के कोहार ग्राम पंचायत में स्थित दूध डेरी पर बुधवार को जीरो से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण किया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं का ब्लड शुगर, वजन, यूरिन जांच, के साथ-साथ उनका किस प्रकार का भोजन साफ सफाई आदि व्यवस्था के बारे में भी जानकारी दी गई। एएनएम शशिबाला शर्मा ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि सफाई पर बहुत ही ध्यान देने की आवश्यकता है। घर में साफ सफाई रहने के बाद लोग निरोग रहेंगे साथ ही गर्भवती महिलाओं को अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना होगा।

# दीवार गिरने से मलबे में दबकर बालक की मौत

## इंदरिया गांव में बारिश होने के बाद हुआ हादसा, परिवार में मचा कोहराम व गांव में शोक का माहौल

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र बाजार शुकुल बाजार के इंदरिया गांव में दीवार गिरने से 3 साल के बालक की मौत हो गई। लगातार तीन दिन से हो रही बारिश ने बुधवार सुबह एक परिवार की खुशियां छीन लीं। बारिश के चलते हुए हादसे व बालक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा रहा।


दिव्यांश की फाइल फोटो।

थाना क्षेत्र बाजार शुकुल के अंतर्गत इंदरिया गांव में सुबह करीब 9:45 बजे कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे में 2 वर्षीय बालक दिव्यांश की मौके पर ही मौत हो गई। परिवार के अनुसार सुबह घर में पितृ पक्ष की पूजा की तैयारी चल रही थी। दिव्यांश की मां राम कुमारी रसोई में खाना बना रही थीं, जबकि पिता जगजीवन विश्वकर्मा नहाने गए थे। दिव्यांश घर के भीतर ही खेल रहा था। उसके बड़े भाई-बहन शिवांश (4), आयांश (5) और ज्योति (12 वर्ष) घर के बाहर खेल रहे थे। अचानक कच्ची दीवार गिर गई और दिव्यांश दीवार के मलबे में दब गया। बच्चों का शोर-गुल सुनकर परिवार ने बच्चे को बाहर निकालकर अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने बालक को मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। वहीं गांव वालों के अनुसार लगातार बारिश से घर की दीवार में नमी भर गई थी और दीवार काफी कमजोर हो गई थी। बुधवार सुबह हल्की बारिश थमने के बाद अचानक दीवार ढह गई और यह दर्दनाक हादसा हो गया। बालक की मौत से पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घर के बाहर चीख-पुकार मची हुई है और गांव में शोक का माहौल है।


घटना के बाद रोते-बिलखते परिजन।

### झमाझम बारिश, जगह-जगह हुआ जलभराव

अमेठी अमृत विचार। क्षेत्र में बुधवार सुबह से अचानक मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश के चलते जगह-जगह जलभराव की स्थिति हो गई। शहर में जलभराव के चलते स्थानीय लोगों राहगीरों एवं फरियादियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में पड़ रही उमसभरी गर्मी और के बीच आम जनजीवन परेशान था। बुधवार सुबह से अचानक मौसम बदला और झमाझम तेज बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया तो शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के चलते रजिस्ट्री कार्यालय परिसर समेत मोहल्लों और सड़कों पर पानी भरा दिखाई पड़ा। जिला मुख्यालय गौरीगंज सीएमओ कार्यालय, एसपी कार्यालय, ब्लॉक कार्यालय, जिला अस्पताल सहित अन्य स्थानों पर जल भराव की समस्या रही। वहीं तहसील, थाना, ब्लॉक, जूनियर हाई स्कूल, पशु अस्पताल, सीएचसी, रामलीला मैदान, एसडीएम कालोनी, गंगागंज, तोपखाना मोहल्ला, ककवा रोड पर जलभराव की समस्या दिखी। जिससे लोगों को भारी समस्या का सामना करना पड़ा। वहीं शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था की समुचित समुचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर बह रहे दूषित पानी के चलते स्थानीय लोगों एवं राहगीरों को गुजरने को मजबूर होना पड़ा। बारिश के चलते लोग सड़कों पर भीगकर आते-जाते दिखाई पड़े। वहीं बारिश होने से किसानों के चेहरे पर खुशी दिखाई पड़ी।


बारिश के बाद रजिस्ट्री ऑफिस में भरा पानी।

# शुकुल बाजार में चोरों ने दो घरों से पार किया नकदी व जेवरात

संवाददाता, शुकुल बाजार (अमेठी)

**अमृत विचार।** शुकुल बाजार क्षेत्र में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार बीती रात चोरों ने दो अलग-अलग गांवों में धावा बोलकर हजारों के नकदी और जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। दोनों मामलों में पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अभी तक पुलिस सिर्फ जांच का ही आश्वासन दे रही है।

जानकारी के मुताबिक चोरों ने पुलिस की गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए दो अलग-अलग गांवों में धावा बोला और लाखों रुपये के जेवरात व नकदी चोरी कर फरार हो गए। वहीं लगातार हो रही चोरियों से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल है। लोग अब खुद रातभर जागकर पहरा देने को मजबूर हो गए हैं, जबकि पुलिस सिर्फ जांच का भरोसा देकर मामले को टाल रही है। हालांकि वारदात को लेकर पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है और चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा। वहीं थाना अध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया मामला संज्ञान में आया है दोनों चोरियों की जांच टीम द्वारा कराई जा रही है, जांच-पड़ताल के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

पहली वारदात दयागिरी मठ गांव की है। जहां चोरों ने सुंदरलाल पासी के घर को निशाना बनाया। चोरों ने बड़ी चालाकी से घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे छत पर चढ़े और सीमेंट की चादर हटाई। इसके बाद चोर जीने के रास्ते घर के अंदर घुस गए। घर में घुसे चोरों ने अलमारियों और बक्सों को खंगालते हुए 25 हजार रुपये के जेवरात और 15 सौ रुपये नकद लेकर फरार हो गए।


चोरी के बाद बिखरा सामान।

वहीं दूसरी घटना ग्राम पूरे स्वरूप की है। यहां चोरों ने कुंवर बहादुर उर्फ कोड़ई के घर का ताला तोड़कर घर में घुसपैठ की। चोरों ने घर से एक जोड़ी पायल, 10 हजार रुपये नकद और गृहस्थी का कुछ सामान चुरा लिया। इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों को देखते हुए लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग की है।

# दुष्कर्म का आरोप लगा जेल भिजवाया सुलह के लिए मांगे रुपये, शिकायत

संवाददाता, ऊंचाहार, (रायबरेली)

**अमृत विचार।** दुष्कर्म के एक मामले में बड़ी हैरत करने वाली बात सामने आई है। एक युवक पर उसने पहले दुष्कर्म का आरोप लगाकर जेल भेजवा दिया। अब वह जेल जाकर आरोपित से उसके पिता से मामले में सुलहनामा करने के लिए दो लाख रुपये मांग रही है। आरोपित के पिता ने कोतवाली में लिखित शिकायत करके न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव नया पुरवा निवासी अवधेश कुमार का कहना है कि उनके पुत्र कौशलेंद्र पर क्षेत्र के कबीर बाबा तिराहा के पास किराए के मकान में रहने वाली एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था । जिसमें पुलिस ने उसके पुत्र को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। उसका बेटा अभी भी जेल में है। इस दौरान महिला दो बार जेल जाकर उसके बेटे से मिल चुकी है , उसने उसके बेटे से कहा कि यदि जेल से छूटना चाहते हो तो अपने पिता से कहो कि वह दो लाख रुपये दे दें। महिला द्वारा लगातार धमकाने से परेशान होकर आरोपित के पिता ने बुधवार को कोतवाली में तहरीर दी है। वहीं कार्यवाहक कोतवाल सियाराम राजपूत का कहना है कि मामले में विवेचना की जा रही है। विवेचना में जो तथ्य सामने आएंगे उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# महिला को बंधक बना बदमाशों ने की लूट

संवाददाता, जगदीशपुर (अमेठी)

**वारदात**

- उतेलवा बाईपास स्थित कॉलोनी का मामला, जांच जारी

**अमृत विचार।** कमरौली थाना क्षेत्र के उतेलवा बाईपास स्थित एक निजी कॉलोनी में बुधवार शाम उस समय हड़कंप मच गया। जब चार अज्ञात चोरों ने एक महिला को बंधक बनाकर घर में लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक, यह मकान मोहब्बतपुर थाना जगदीशपुर निवासी सलमान और उनके भाई शमशाद का है। शमशाद विदेश में रहते हैं, जबकि उनकी पत्नी नादिरा बेगम अपनी बेटी हिरा के साथ घर में रह रहीं हैं। बुधवार शाम करीब सात बजे हिरा दूध लेने घर से बाहर गई हुई थी। इसी दौरान बदमाशों ने सुनसान माहौल का फायदा उठाते हुए घर में घुसने की योजना बनाई। बदमाशों ने निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल पर लगे खुले जाल का इस्तेमाल कर घर में प्रवेश किया। घर में दाखिल होते ही बदमाशों ने नादिरा बेगम को बंधक बना लिया और घर का मुख्य दरवाजा अंदर से बंद कर दिया। इस बीच जब हिरा दूध लेकर घर लौटी, तो उसने देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। कई बार आवाज देने के बाद भी जब दरवाजा नहीं खुला, तो उसे अनहोनी का अंदेशा हुआ। घबराई हुई हिरा पास ही स्थित क्लीनिक पर काम कर रहे अपने चाचा सलमान के पास पहुंची और उन्हें घटना की जानकारी दी तो सलमान तुरंत मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थानीय लोगों को भी बुला लिया। सभी ने मिलकर किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और नादिरा बेगम डरी-सहमी हालत में मिलीं। जबकि घर में घुसे चारों बदमाश मौका पाकर भागने में सफल रहे। परिजनों व पड़ोसियों की सूचना पर कमरौली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घर का निरीक्षण किया और घटना की जानकारी ली। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। वहीं मामले में थाना अध्यक्ष मुकेश पटेल ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## स्टॉक मार्केट व ब्लॉक ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने की लाखों की ठगी

- पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज

**अमेठी, अमृत विचार।** गौरीगंज निवासी राजदेव मिश्र से साइबर ठगों ने स्टॉक मार्केट और ब्लॉक ट्रेडिंग के नाम पर आठ लाख रुपये से अधिक की ठगी की है। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। राजदेव मिश्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि साइबर ठगों ने उन्हें स्टॉक मार्केट और ब्लॉक ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए कहा था। साइबर ठगों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि उन्हें अच्छा मुनाफा होगा। पीड़ित ने उनकी बातों में आकर आठ लाख रुपये से अधिक की रकम निवेश कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। वहीं पीड़ित को उम्मीद है कि पुलिस जल्द ही आरोपियों को पकड़कर उनके खाते से गई रकम वापस मिल जाएगी।

## बृजेश का उपाध्यक्ष बनने पर हुआ सम्मान

**खीरों, रायबरेली।** विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लच्छीपुर के सहायक शिक्षक बृजेश पांडेय सहायक को जिला संघर्ष समिति के जनपदीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। इससे प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई खीरों के पदाधिकारियों और शिक्षक साथियों ने ब्लाक मुख्यालय के कम्पोजिट विद्यालय खीरों में एक सम्मान समारोह आयोजित किया। जिसमें प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक खीरों के ब्लाक अध्यक्ष नीरज हंस और कई पदाधिकारियों और शिक्षक साथियों ने उनका माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। ब्लॉक इकाई के शिक्षकों ने अपने संबोधन में शिक्षक संगठन के प्रति अपनी पूर्ण निष्ठा से ऊर्जा का संचार करते हुए ब्लाक व जनपद स्तर पर संगठन के लिए सहयोग की अपेक्षा भी की। नवमनोनीत जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने सभी शिक्षकों को आश्वस्त किया कि वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने पद और दायित्वों का निर्वहन करेंगे। शिक्षकों की हर समस्या उनकी समस्या होगी। उस समस्या के निराकरण के लिए पूरी ऊर्जा लगा देंगे। इस अवसर पर शिक्षक राम बहादुर, अमरेश प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, वीर विक्रम सिंह, संतोष मौर्य, वीर बहादुर, ज्ञान प्रकाश यादव, हरिओम, जितेंद्र यादव, गुप्तार सिंह यादव, देवेंद्र, विकास रहे।

## स्वस्थ्य एवं पोषण अभियान का किया शुभारम्भ

**जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आयुष्मान स्वस्थ नई शासन के परिवार अभियान और राष्ट्रीय पोषण माह के कार्यक्रमों की शुरुआत की गई। सीएचसी अधीक्षक डा. एलपी सोनकर ने बताया कि आयुष्मान स्वस्थ परिवार अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा, जिसमें पात्र लोगों को आयुष्मान योजना का लाभ पहुंचाने के लिए जागरूक किया जाएगा। वहीं आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से 16 अक्टूबर तक मनाया जाएगा, जिसमें बच्चों, महिलाओं और किशोरियों के पोषण स्तर को सुधारने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शिविर में स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जांच, उपचार और परामर्श की सुविधा दी गई। अधीक्षक ने बताया कि अभियान के दौरान लोगों को न केवल मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, बल्कि योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित भी किया जाएगा। डॉ. लईक अहमद, डॉ. संदीप श्रीवास्तव, डॉ. श्रीगल, फार्मासिस्ट महेंद्र कश्यप, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी संजीव गुप्ता, अनुज कुमार, संदीप सिंह, रामेश्वर आदि रहे।


अभियान की शुरुआत करते अतिथि।।

## एम्स चिकित्सकों ने शिविर में रोगियों की जांच की

**सूची, रायबरेली, अमृत विचार।** क्षेत्र के बराडीह में एम्स रायबरेली के चिकित्सकों द्वारा कैम्प लगा कर सामान्य से लेकर गंभीर बीमारियों तक की जांच एवं उपचार किया। कैंप का उद्घाटन ग्राम प्रधान आलोक सिंह ने किया। प्रधान ने एम्स रायबरेली से आए हुए सभी चिकित्सकों और एम्स प्रशासन को धन्यवाद दिया। कहा कि महज आग्रह पर 20-25 डॉक्टर्स की टीम लेकर गांव आए और सभी ग्राम वासियों की जांच व उपचार किया। उन्होंने बराडीह गांव को गोद लेने पर एम्स प्रशासन का धन्यवाद दिया । गोद लेने के कारण प्रत्येक बुधवार को एम्स के चिकित्सकों की पूरी टीम गांव में घर घर जा कर ग्रामवासियों की जांच व उपचार करते हैं। साथ ही गंभीर बीमारी होने पर एम्स कैंपस में भी उनका सहयोग करते हैं। इसी क्रम में एम्स रजिस्ट्रार व एचओडी डॉ. भोलानाथ ने प्रधान आलोक सिंह को ऐसे आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया। ग्रामवासियों को स्वस्थ रहने के बारे में बताया। इसके बाद डॉ. स्नेहलता (स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एम्स) ने महिलाओं को गर्भधारण के उपरांत की देखभाल के बारे में जागरूक किया। डॉ. श्रुति (ऑकोलॉजिस्ट एम्स) ने बढ़ते कैंसर के खतरों और उसकी रोकथाम पर लोगों को जानकारी दी।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

**अमेठी।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर बुधवार को विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को विश्व का पहला इंजीनियर और वास्तुकार माना जाता है। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि उनके आदर्शों को अपनाकर समाज के विकास में योगदान देंगे।जिला महासचिव अरशद अहमद ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती हमें शिल्पकारों, इंजीनियरों और मेहनतकश लोगों के योगदान को याद करने का अवसर देती है। इस कार्यक्रम की जानकारी समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजेश मिश्र ने दी। कार्यक्रम के दौरान जिला सचिव सुनील शर्मा, ललित सोनी, पवन विश्वकर्मा, विजय विश्वकर्मा, गीत लाल विश्वकर्मा, विनोद विश्वकर्मा, बृजेश विश्वकर्मा, मनीराम वर्मा, राजेश विश्वकर्मा और मन्नू पाल समेत कई कार्यकर्ता व अन्य लोग मौजूद रहे।

## नाराज कर्मचारियों ने बस रोक कर किया विरोध प्रदर्शन

**अमेठी, अमृत विचार।** स्थानीय रोडवेज डिपो में बुधवार सुबह से बस सेवाएं पूरी तरह से ठप हो गई हैं। चालक और परिचालकों हमलों के विरोध में प्रदर्शन कर हड़ताल पर चले गए। कर्मचारियों का कहना है कि अन्य जिलों में उनके साथ मारपीट की घटनाएं बढ़ रही हैं। मंगलवार की देर शाम प्रयागराज डिपो में अमेठी डिपो के एक परिचालक की पिटाई की गई थी। इससे दो दिन पहले लखनऊ डिपो में भी अमेठी के चालक-परिचालक के साथ मारपीट हुई थी। कर्मचारियों ने मारपीट करने वाले चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग की है। चालक-परिचालकों ने प्रशासन को एक सप्ताह का समय दिया है। उनका कहना है कि यदि इस दौरान कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे अनिश्चितकालीन धरने पर चले जाएंगे। कर्मचारियों की मांग है कि उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

जगतपुर (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बुधवार को थाना परिसर में आगामी नवरात्र व दुर्गा पूजा पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता करते हुए थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने कहा कि त्योहार आस्था और श्रद्धा का प्रतीक है। ऐसे में सभी लोग आपसी भाईचारे और सहयोग से पर्व को सफल बनाएं।

बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था, बिजली, साफ-सफाई, यातायात एवं भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने आयोजकों को निर्देश दिया कि पंडालों में सीसीटीवी कैमरे व अग्निशमन के उचित इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से पूरी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी, लेकिन आयोजक मंडल भी अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं। बैठक में उप निरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, जीशान शाहिद, अजीत सिंह, नागेंद्र नाथ मिश्रा, अमित सिंह, कांस्टेबल धर्मेंद्र सिंह, स्थानीय प्रतिनिधि सोनू यादव, लवकुश वर्मा, दीपक यादव, रवि कुमार, शिवशंकर, जयदेव, अमरेश सिंह, व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल बाजपेई, राकेश सिंह, सचिन रहे।

**कोई नई परंपरा की नहीं दी जाएगी अनुमति, लालगंज।** कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी मिथिलेश त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। एसडीएम ने कहा कि किसी भी नई परंपरा को अनुमति नहीं दी जाएगी। क्षेत्राधिकारी गिरिजा शंकर त्रिपाठी ने दुर्गा पूजा पांडाल पर सीसीटीवी,अग्निशमन यंत्र और समुचित लाइट की व्यवस्था करने की बात कही। वही प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने सभी क्षेत्रवासियो से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की बात कही। यहां राघव बाजपेई,अमित अवस्थी, कीर्ति मनोहर शुक्ला, अखिलेश पांडे, केडी तिवारी, वीरेंद्र श्रीवास्तव, राहुल भदौरिया, श्रीराम मौर्य, अनिल कुमार सिंह, बहाई चौकी प्रभारी अजय कुमार मिश्र रहे।

**पूजा पंडाल को सूना न छोड़े आयोजक, खीरों।** थाना परिसर में वरिष्ठ उपनिरीक्षक कृष्णचन्द्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें पुलिस विभाग द्वारा जारी आवश्यक निर्देशों से आयोजकों को अवगत कराया गया। वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने बताया कि नवरात्र में श्री दुर्गा जी की मूर्ति स्थापना, पूजन परंपरागत तरीके से ही किया जाय। पूजा पांडाल को आयोजक रात में सूना न छोड़े। जिससे किसी प्रकाश से धार्मिक सद्भाव न बिगड़े। मूर्ति विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली का प्रयोग कदापि न करें।

**आयोजन**

प्रधानमंत्री के जन्म दिवस का लाइव प्रसारण किया गया, भाजपा कार्यकर्ताओं ने दीर्घायु होने की कामना की

# मोदी के जन्मदिन पर पुष्टाहार व गोल्डन कार्ड का हुआ वितरण

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** बुधवार को स्थानीय सीएचसी मुसाफिरखाना में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री प्रभात शुक्ला व उप जिलाधिकारी अभिनव कनौजिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रधानमंत्री के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस का लाइव प्रसारण कार्यक्रम भी किया गया। वहीं जिलेभर में प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर विभिन्न आयोजन किए गए, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर उनकी दीर्घायु की कामना की।


महिलाओं को गोल्डन कार्ड देते एसडीएम अभिनव कन्नौजिया। अमृत विचार

मोदी के जन्मदिन के अवसर पर मरीजों को फल वितरण, टीवी मरीजों को पुष्टाहार वितरण, गोल्डन कार्ड का वितरण मुसाफिरखाना एसडीएम अभिनव कनौजिया ने किया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश उर्फ पप्पू सिंह भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी अरुण मिश्रा, अखिलेख पाण्डेय भाजपा, खंड विकास अधिकारी विनय वर्मा, एडीओ पंचायत साधू सरन, सीडीपीओ रीता सिंह,डॉक्टर आलोक मिश्रा अधीक्षक, बीसीपीएम राजीव कुमार पाण्डेय तथा आशाएं भी उपस्थित रही।

## स्वास्थ्य सेवा पखवाड़े का हुआ आयोजन

**संग्रामपुर (अमेठी), अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार को स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसी क्रम में संग्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला और एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा चलाया जाएगा। इसके तहत आमजन को सभी स्वास्थ्य सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं एसीएमओ डॉ. राम प्रसाद ने बताया कि इस अभियान में नारी शक्ति को विशेष महत्व दिया गया है। गर्भवती और नवजात शिशुओं की जांच व उपचार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही सभी मरीजों को मुफ्त दवा उपलब्ध कराई जाएगी।

**महा अभियान की हुई शुरुआत, सिंहपुर (अमेठी)।** विकासखण्ड सिंहपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिन के पावन अवसर पर, एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' थीम पर आधारित इस महा अभियान की शुरुआत भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर की। यह अभियान 17 सितंबर से शुरू होकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती, 2 अक्टूबर तक चलेगा।इस शिविर में महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा, एक जनरल ओपीडी भी स्थापित की गई, जहाँ सभी उम्र के लोगों को मुफ्त स्वास्थ्य परामर्श और जांच की सुविधा मिली।

# बैनामा दूसरी भूमि का कराके सरकारी जमीन पर कर रहे कब्जा

संवाददाता, ऊंचाहार (रायबरेली)

**अमृत विचार।** नगर की सीमा से जुड़े राजमार्ग के किनारे स्थित बेस कीमती सरकारी भूमि पर कब्जा करने का बड़ा मामला सामने आया है । राजस्व विभाग अब इसकी जांच कर रहा है । बताया जाता है कि ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत की जमीन का बैनामा कराया गया और कब्जा खोजनपुर गांव की सरकारी जमीन पर किया जा रहा है।

ऊंचाहार नगर से जुड़े गांव खोजनपुर की चकबंदी चल रही है। इस गांव की अधिकांश जमीन लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग के किनारे स्थित है , जिसके कारण यहां की भूमि बेस कीमती है। इसीलिए इस गांव की भूमि पर भूमाफियाओं की नजर है। गांव के कई विवादित जमीन के मामले इस समय चल रहे है। हाल में एक नया सनसनीखेज मामला सामने आया है। नगर से जुड़े मानी का पुरवा गांव के पास राजमार्ग के किनारे स्थित खोजनपुर ग्राम सभा की सरकारी जमीन पर कुछ लोग यह कहकर कब्जा कर रहे है कि उन्होंने यह जमीन खरीदी है। बताया जा रहा है कि उनके द्वारा बैनामा कराया गया भूमि ऊंचाहार देहात ग्राम पंचायत की है। दोनों गांवों की सीमा पर स्थित भूमि होने का फायदा भूमाफिया उठा रहे हैं। बताया जाता है कि खोजनपुर गांव का एक भूमाफिया पूरा खेल कर रहा है। वहीं राजस्व अधिकारियों ने भूमि की नाप और कार्रवाई का आदेश दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नपा के अफसरों ने किया पौधरोपण

**शाहाबाद, हरदोई।** स्वच्छता अभियान एवं प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा सप्ताह के रूप में मनाए जाने के निर्णय के अंतर्गत बुधवार को अधिशासी अधिकारी के के सोनकर सहित अधिकांश सभासदों ने झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया और वृक्षारोपण करके सभी से एक-एक वृक्ष रोपति करने की अपील की। सेवा सप्ताह के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा तमाम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद द्वारा प्रतिदिन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर सफाई विभाग के वहीद खां, इमरान खान, प्रतिनिधि रचित गुप्ता समेत तमाम सभासद मौजूद रहे।

### सेवा पखवाड़ा पर प्रदर्शनी आज

**हरदोई, अमृत विचार।** सेवा पखवाड़ा के तहत सूचना विभाग गुरुवार को शहीद उद्यान में एक प्रदर्शनी लगाएगा। अपर सूचना अधिकारी दिव्या निगम ने बताया कि इस प्रदर्शनी में सेवा पखवाड़ा के उद्देश्यों कार्यों पर प्रकाश डाला जाएगा। इसमें बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना भी जताई जा रही है।

### आज सीएचसी पर लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**शाहाबाद, हरदोई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की अधीक्षक डॉ. प्रवीण दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसका शुभारंभ प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी करेंगी।

# सेवा पखवाड़ा के रूप में मना पीएम का जन्मदिन

## भाजपा सेवा पखवाड़ा 2025 के संदर्भ में आज से दो अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

संवाददाता, हरदोई



कार्यक्रम में बोलते जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी। अमृत विचार



रक्तदान करते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर जनपद में आयोजित हो रहे सेवा पखवाड़ा 2025 के तहत भारतीय जनता पार्टी ने स्वच्छता कार्यक्रम एवं स्वस्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी, सदर सांसद जय प्रकाश एवं जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की। पीएम मोदी के 75वें जन्मदिवस पर अभियान की शुरुआत करते हुए जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि केंद्र में 11 साल के भाजपा शासनकाल में पीएम मोदी ने 150 करोड़ के जनसहयोग से भारत को विश्व की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बनाने का कार्य किया। सदर सांसद जय प्रकाश ने कहा कि सेवा पखवाड़ा 2025 सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है बल्कि समाज को एकजुट करने और सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने का प्रयास है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने सेवा पखवाड़े की शुरुआत स्वच्छता से की, लखनऊ चुंगी स्थित मंदिर प्रांगण के बाहर झाड़ू लगाकर सबको स्वच्छ और स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम को मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अभियान संयोजक जिला महामंत्री ओम वर्मा, कार्यक्रम संयोजक कोषाध्यक्ष डॉ अनुज गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष राजेश अग्निहोत्री, प्रीतेश दीक्षित, संजय सिंह, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, सतेंद्र राजपूत, जिलामंत्री अविनाश पांडे सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**शिविर में कार्यकर्ताओं ने 75 यूनिट किया रक्तदान:हरदोई:** युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आकाश सिंह एवं युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य नौमीश त्रिपाठी की देखरेख में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी सांसद जयप्रकाश रावत एवं जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने किया। रक्तदान शिविर में प्रधानमंत्री मोदी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यकर्ताओं ने 75 यूनिट रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रखर अग्निहोत्री भास्कर मौर्य जिला उपाध्यक्ष कार्तिकेय तिवारी रवि चौधरी रजनीश गुप्ता अंशुमान मिश्रा जिला मीडिया प्रभारी अनुज मिश्रा सोशल मीडिया प्रभारी आयुष सिंह जिला कार्य समिति सदस्य रविंद्र मिश्रा गुड्डन, आकाश गुप्ता, नगर अध्यक्ष अभिषेक सिंह, गोविंद, अभिषेक सिंह चंदेल मौजूद रहे।

**कछौना संवाददाता** के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कछौना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर "सेवा पखवाड़ा" मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री के जीवन वृत्त पर आधारित एक प्रेरक प्रदर्शनी का उद्घाटन बालामऊ विधायक रामपाल वर्मा ने किया और उसका अवलोकन भी किया।

**हरपालपुर संवाददाता** के अनुसार सवायजपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने अपने विधानसभा क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव स्थित संत सेवा शिव आश्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिर प्रांगण की सफाई की। सेवा पखवाड़ा के अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित स्वच्छता अभियान में भाजपा मण्डल अध्यक्ष कमलेश पाल, महामंत्री अजय शुक्ला, कैप्टन राजेश्वर सिंह, रमेश सिंह, बलराम सिंह चौहान सहित अन्य क्षेत्रीय गणमान्य उपस्थित रहे।

**अतरौली संवाददाता** के अनुसार बुधवार को सीएचसी भरावन में सेवा पखवाडा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य शिविर से ग्रामीणों को जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि सांसद अशोक रावत ने बताया कि जुबानी यह कहते तो सभी हैं कि भारत का विकास गांवों के विकास से होगा लेकिन यह जमीन पर हकीकत मोदी राज में ही देखने को मिला। इस मौके पर बाल पुष्टाहार पांच आयुष्मान कार्ड दस और पोषण पोटली दस वितरित की गयी।

**बिलग्राम संवाददाता** के अनुसार प्रधानमंत्री की 75 वीं जन्मतिथि (17 सितंबर) के अवसर पर देश में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत हुई इस विशेष अभियान के तहत महिलाओं के स्वास्थ्य पर केंद्रित कई गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।



स्वच्छता अभियान चलाते धीरेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

### पीएम के दीर्घायु होने की कामना की

**भरखनी संवाददाता** के अनुसार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बुधवार को ब्लॉक प्रमुख संघ के प्रदेश अध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी के नेतृत्व में विवियापुर स्थित श्री सिद्धेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया एवं पौधरोपण किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

**अहिरोरी में आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर:** स्थानीय पीएचसी स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें दवाई उपलब्ध कराई गई। इस मौके पर फार्मासिस्ट रवि श्रीवास्तव, लैब टेक्नीनिशयन अवधेश, नैनसी सहित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### महिलाओं व छात्राओं को किया जागरूक

**हरपालपुर, हरदोई।** सरकार द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सुरक्षा देने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को हरपालपुर पुलिस द्वारा एंटी रोमियो अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत थाने पर तैनात महिला उपनिरीक्षक अंजना सचान द्वारा हरपालपुर कस्बे की मुख्य बाजार में महिलाओं एवं किशोरियों तथा छात्राओं को अराजक तत्वों से बचाव के तरीके बताए गए।महिला उपनिरीक्षक ने महिलाओं को किसी भी तरह की आपात स्थिति में आपातकालीन नंबर 1090, 1076, 112 आदि नंबरों का प्रयोग कर पुलिस की सहायता लेने के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

### साढ़े तीन घंटे बाधित रही बिजली आपूर्ति

**टड़ियावां, हरदोई।** हल्की सी बारिश के बीच मंगलवार की रात हुई 33 केवी मेन लाइन में ब्रेकडाउन होने से करीब साढ़े तीन घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रही जिससे उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। उपकेंद्र इटौली के भड़ायल, अहिरोरी और टड़ियावां के उपभोक्ता में हाहाकार मच गया। हालांकि, 33 केवी मेन लाइन में ब्रेकडाउन होने की सूचना जेई और एसडीओ अपनी पूरी टीम के साथ पेट्रोलिंग के लिए रवाना हुए। लाइनमैनों के करीब साढ़े तीन घंटे बाद आपूर्ति बहाल हुई।

## मछली पकड़ने गए श्रमिक की तालाब में डूबकर मौत

**पिहानी, हरदोई।** थाना क्षेत्र के सहादत नगर में बुधवार दोपहर मछली पकड़ने गए एक मजदूर की तालाब में डूबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान 35 वर्षीय विजय कश्यप के रूप में हुई है।



विजय कश्यप गांव के पूरब स्थित एक तालाब में मछली पकड़ने गया था। जाल डालते समय उसका पैर तालाब में किसी गड्ढे में फंस गया जिससे वह गहरे पानी में डूब गया। काफी देर तक बाहर न आने पर उसके साथी मजदूरों ने खोजबीन शुरू की। आसपास के लोगों की मदद से विजय को तालाब से बाहर निकाला गया और बाइक से बस स्टैंड तक ले जाया गया। हालांकि, बस स्टैंड पर पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। भीड़ में से किसी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी है। विजय की मौत के बाद उसकी पत्नी सुमन और बेटियां प्रतिभा, काजल, निहारिका का रो-रोकर बुरा हाल है। निहारिका पैर से दिव्यांग है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। यह भी बताया गया है कि मृतक विजय कश्यप के पिता रामशरण कश्यप का भी 15 दिन पहले लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। विजय ही मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था।

## 671 वरिष्ठजनों को मिले 4912 सहायक उपकरण

- प्रेमावती ने कहा, सरकार की ओर से चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा

संवाददाता, हरदोई



सम्मानित वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण वितरित करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली की राष्ट्रीय वयोश्री योजनान्तर्गत जिला प्रशासन के सहयोग से एलिम्को कानपुर द्वारा चिन्हित वरिष्ठजनों को बुधवार को रसखान प्रेक्षागृह में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्षा प्रेमावती ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया, तथा चिन्हित 671 वरिष्ठजनों को 3912 सहायक उपकरणों का वितरण किया।

जिला पंचायत अध्यक्षा ने कहा कि भारत सरकार व राज्य सरकार की ओर से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है तथा आज वरिष्ठजनों के लिये व्हील चेयर, कान की मशीन प्वाट शीट के साथ ही अन्य जरूरी उपकरण आप सभी को दिये जा रहे हैं ताकि किसी वृद्ध को सहारे की जरूरत न पड़े। कहा गया कि जीवन में प्रत्येक व्यक्ति को एकदूसरे की सहायता करनी चाहिए। बुजुर्गों की सहायता करने से बढ़कर दूसरा कोई पुण्य का काम नहीं हो सकता।

कार्यक्रम के अन्त में अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल त्रिपाठी ने कार्यक्रम में अध्यक्ष एवं वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में नगर मजिस्टेट सुनील कुमार त्रिवेदी, अति. मजि. अरूणिमा श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, एलिम्कों के नोडल हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे।

## ऑडियो वायरल मामले में फंसे बीएसए, होगी जांच

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद में वायरल आडियो मामले में बीईओ सीमा गौतम और अनिल झा के बीच हुई बातचीत बेसिक शिक्षा अधिकारी के लिए मुसीबत बन गई है। वैसे पहले तो दाएं-बाएं के तर्क देते हुए बात रफा-दफा करने की कोशिश की गई लेकिन 'बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी' मीडिया के पन्नों में कहानी छपने के साथ ही शासन सख्त हुआ और उच्च स्तरीय जांच को हरी झंडी दे दी।

उधर शिक्षा निदेशक कामता राम प्रसाद ने बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह को शिक्षा निदेशक ने वायरल ऑडियो के बारे में अपनी बात रखने के लिए गुरुवार को प्रयागराज में तलब किया है। बताया गया है कि अपर शिक्षा निदेशक कामता राम पाल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी वीपी सिंह के नाम चिट्ठी जारी करते हुए लिखा है कि बीईओ सीमा गौतम का एक निलंबित शिक्षक से रिश्वत के पैसे मांगने का ऑडियो फिर उसके बाद बीईओ अनिल झा और सीमा गौतम के बीच बेसिक शिक्षा अधिकारी के लिए रुपये की मांग करने का दूसरा ऑडियो सामने आया है जिसकी जांच डीएम के निर्देश पर सीडीओ से कराई गई है। उसी जांच के बाद से बीएसए की मुसीबत और बढ़ गई है। शिक्षा निदेशक ने उन्हें 18 सितंबर (गुरुवार) को अपनी बात रखने के लिए शिक्षा निदेशालय प्रयागराज तलब किया है।

## जिले में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विश्वकर्मा जयंती पूरे जिले में उत्साह के साथ मनाई गई। जगह-जगह भगवान विश्वकर्मा का पूजन किया गया। कारखानों व विभिन्न संस्थानों में विश्वकर्मा पूजन विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। बेसिक शिक्षा कार्यालय के एमआईएस शाखा में बीएसए वीपी सिंह ने कंप्यूटर आदि का पूजन करते हुए भगवान विश्वकर्मा की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शैलेंद्र झा, पवन कश्यप, सचिन मिश्रा, विद्यानिधि सहित अनेक शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे। विश्वकर्मा मंदिर पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने पूजन किया। उन्होंने विश्वकर्मा स्मारिक का विमोचन किया। इस मौके पर गीता शर्मा, नरेंद्र शर्मा सहित अनेक लोगों ने भगवान विश्वकर्मा के जीवन पर प्रकाश डाला।

**संवाददाता सांडी** के अनुसार आदिदेव भगवान विश्वकर्मा के पूजन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य एड. अनिल शर्मा ने समाज को संगठित करने के लिए जोर दिया तथा बच्चों को शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी करने पर बल दिया तथा परेशान समाज के लोगों को सहायता प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में प्रतिभाशाली बच्चों को विश्वकर्मा पूजन समिति द्वारा सम्मान किया गया। कस्बा के मो. सरामुल्ला गंज स्थित भगवान विश्वकर्मा मंदिर पर सुबह नौ बजे आचार्य राजेश कुमार शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रों से यज्ञ सम्पन्न कराया जिसमें यज्ञमान सीमित अध्यक्ष राम गुलाम शर्मा सपत्नीक शामिल हुए। तत्पश्चात नगर में बाइक रैली निकाली गयी। भगवान विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में जनसभा की गई।

### विश्वकर्मा मंदिर पर हुआ हवन-पूजन

**शाहाबाद, हरदोई।** कस्बे सहित क्षेत्र में हर वर्ष की भांति विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दिन भगवान विश्वकर्मा अपने विराट स्वरूप में प्रकट हुए थे तब से हर वर्ष इस दिन उनकी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी जाती है। विश्वकर्मा पूजा के दिन मशीनरी और औजारों से काम करने वाले लोग मशीनों और औजारों की पूजा कर अपने लिए धन ऐश्वर्य और सुरक्षा की प्रार्थना करते हैं।कस्बे के प्रसिद्ध संकटा देवी मंदिर पर बने विश्वकर्मा मंदिर पर विश्वकर्मा समाज के लोगों ने हवन कर विश्वकर्मा भगवान की पूजा अर्चना की।खेड़ा बीबीजई के विनय शर्मा,रिंकू शर्मा,अभय कंचन शर्मा द्वारा कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया।मिथलेश शर्मा, डा मनीष शर्मा,दिनेश शर्मा, डा अशोक विश्वकर्मा,विनोद शर्मा,लल्ला शर्मा,रामबाबू शर्मा,दीपू शर्मा, धनंजय शर्मा सहित सैकड़ों विश्वकर्मा बंधु उपस्थित रहे।इसके अलावा विश्वकर्मा समाज के लोगों ने अल्लाहपुर और उधरनपुर में अमरनाथ विश्वकर्मा, हरिमुरारी ,जगदीश,डालचंद आकाश विश्वकर्मा अमित विश्वकर्मा आदि ने विश्वकर्मा जयंती पर हवन और कन्या पूजन कर प्रसाद का वितरण किया।

### खेत में लगा पंपिंग सेट ले गये चोर

**हरपालपुर, हरदोई।** थाना क्षेत्र के सतौथा गांव में खेत में लगा पंपिंग सेट चोर खोल ले गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। कन्हैया लाल ने तहरीर में बताया कि उसके खेत में खड़ी धान की फसल में पानी लगाने के लिए पंपिंग सेट लगी थी। दो दिन पूर्व 16/17 सितंबर की शाम वह अपने खेत से खाना खाने के लिए घर चला गया। इस बीच चोरों ने पंपिंग सेट चोरी कर लिया। अगले दिन सुबह उसने थाने पर पहुंचकर घटना की तहरीर दी लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई और न ही कोई पुलिसकर्मी घटना की जांच करने गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उसकी तहरीर लेकर थाने से भगा दिया।

## एसडीएम ने होटल पर की छापेमारी

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** हाईवे पर एक्सिस बैंक के निकट स्थित ओयो के नाम से चर्चित होटल पर बुधवार को एसडीएम अंकित तिवारी ने औचक छापेमारी की। उन्होंने बिना रजिस्ट्रेशन संचालित हो रहे होटल को बंद करने का आदेश दिया। काफी दिनों से ओयो के नाम से चर्चित होटल हैप्पी हाउस चर्चा का विषय बना था। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी को इस होटल की शिकायतें मिलीं तो उन्होंने यहां छापेमारी कर संचालक सुखबीर सिंह राणा को हिदायत दी थी। बावजूद इसके होटल धड़ल्ले से चलता रहा। आसपास के दुकानदार और मोहल्ला वासी इस होटल की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर बेचैन थे। बुधवार को एसडीएम एक शिकायत पर पुलिस बल के साथ होटल पहुंचे। उन्होंने सभी कमरों को खुलवाकर देखा। संचालक सुखबीर राणा से होटल का रजिस्ट्रेशन प्रपत्र मांगे। होटल संचालक रजिस्ट्रेशन प्रपत्र नहीं दिखा सका उसने बताया रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन किया जा चुका है इस बात पर एसडीएम अंकित तिवारी ने कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि तब तक होटल नहीं खुलना चाहिए जब तक इस होटल का पंजीयन न हो जाए। फिलहाल होटल संचालक द्वारा होटल में ताला लगा दिया गया है। छापेमारी के दौरान बड़ी संख्या में आसपास भीड़ एकत्रित रही।



होटल संचालक से बात करते एसडीएम अंकित तिवारी। अमृत विचार



स्वच्छता की शपथ लेते रेल कर्मचारी। अमृत विचार

### रेलकर्मियों ने ली स्वच्छता की शपथ

**हरदोई, अमृत विचार।** देश भर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत बुधवार को हरदोई रेलवे स्टेशन पर विशेष कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से स्वच्छता शपथ लेकर स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सभी ने न केवल व्यक्तिगत स्वच्छता बल्कि सार्वजनिक स्थानों को साफ-सुथरा बनाए रखने का भी प्रण लिया। शपथ ग्रहण के बाद स्टेशन परिसर में बड़े उत्साह से श्रमदान किया गया। रेलवे स्टाफ ने प्लेटफार्मों, प्रतीक्षालयों और आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की। कूड़े-कचरे को हटाने के साथ-साथ गंदगी फैलने से रोकने के लिए डस्टबिन का उपयोग करने और यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक करने का भी काम किया गया। इस दौरान रेलवे कॉलोनी और स्टेशन परिसर में रैली का आयोजन भी किया गया।

### युवक की तालाब में डूबकर मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** फसल देखने खेत पर गया युवक अचानक तालाब में गिर कर डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। माधौगंज थाने के हसनपुर ज्योली निवासी 30 वर्षीय रिंकू खेती करता था। चार भाइयों में वह बड़ा था। उसके छोटे भाई दिनेश ने बताया कि रिंकू मंगलवार को नीभापुर मजरा ज़ेहदीपुर अपना खेत देखने गया हुआ था,उसके बाद से वापस नहीं लौटा। घर वाले उसे तलाश रहे थे। उसी बीच बुधवार को वहीं नीभापुर के तालाब में उसका शव पड़ा होने का पता चला। पुलिस ने शव बरामद कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## जेवर बेचने पर हुआ विवाद तो पत्नी के पैर में मारी गोली

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई

**अमृत विचार।** कस्बे के चौकी मोहल्ले में पत्नी के जेवर बेचने व पति के शराब पीने को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। जिसमें पति ने पत्नी के पैर में गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। चौकी गंगारामपुर निवासी रईस गुमटी रखकर अपना घर खर्च चलाता है। आरोप है कि पत्नी के जेवर पति ने बेच दिए और शराब पीने का भी आदी है। बुधवार की शाम को इसी बात को लेकर पत्नी अफरोज जहां से विवाद हो गया। जिसमें रईस ने तमंचे से गोली मार दी। गोली पत्नी के बाएं पैर में लगी। उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। डॉक्टर दिव्यांश चंद्र वाजपेई ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पाकर प्रभारी कोतवाल हरे कृष्ण शर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। उन्होंने बताया कि पत्नी के जेवर बेचने को लेकर विवाद हुआ था। पति शराब पीने का आदी है। इसी बात पर विवाद हुआ और गोली मार दी। गोली पत्नी के बाएं पैर में लगी है। पुलिस की टीम पति की गिरफ्तारी के लिए लगाई गई है।

### छत से गिरकर वृद्ध की गयी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** छत पर बैठे पति को पत्नी ने नीचे से खाना खाने के लिए बुलाया। बुजुर्ग पति सीढ़ियों से उतर रहा था इस बीच पैर फिसलने से वह नीचे गिरा और मौत हो गई। भुलभुला खेड़ा मजरा भिलावां निवासी जगदीश मंगलवार की शाम को अपने मकान की छत पर बैठा हुआ था। उसी बीच पत्नी सावित्री ने नीचे से खाना खाने के लिए पुकारा। जगदीश नीचे उतर रहा था तभी सीढ़ियों पर उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा। गिरने की आवाज सुनकर लोग दौड़ पड़े। 108 पर काल करते ही एंबुलेंस पहुंची लेकिन उससे पहले ही जगदीश की मौत हो गई।

## कानूनगो पर घूस लेने का आरोप

**अतरौली, हरदोई।** बुधवार को सोशल मीडिया पर कानूनगो के सुविधा लेते हुए वायरल वीडियो को संज्ञान में लेते हुए केस दर्ज किया गया। अतरौली थाना क्षेत्र के ग्राम गड़रिया खेड़ा मजरा बंगालपुर के एक किसान ने आरोप लगाया कि कम घूस मिलने पर अधिकारी ने काम नहीं किया।

किसान कल्लू के पुत्र संतोष कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव स्थित चक की मेड़बंदी पैमाइश और कब्जा दिलाने का आदेश एसडीएम के न्यायालय से एक वर्ष पहले हुआ था। सर्किल कानूनगो अमरेश कुमार ने पैमाइश के लिए कई बार दौड़ाया फिर भी काम नहीं किया। एक दिन अतरौली थाने पर समाधान दिवस में कानून गो ने बुलाया और पैमाइश के लिए सुविधा शुल्क मांगा। उसके पास रुपया कम था इसलिए उसने एक हजार रुपये दे दिया और उसका वीडियो बना लिया। बाकी नौ हजार जब नहीं दे सका तब कानूनगो ने तहसील में पैमाइश की फर्जी रिपोर्ट लगा दी और गवाहों के फर्जी हस्ताक्षर भी बना लिये। संतोष कुमार का आरोप है कि एक दिन कानूनगो ने अतरौली चौराहे के एक होटल पर बैठकर पैमाइश कर देने का बहाना भी बनाया। उसका भी उसके पास वीडियो है। इंस्पेक्टर मार्कण्डेय सिंह ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गयी है। एसडीएम नारायणी भाटिया ने कहा कि मामले में कार्रवाई जारी है।

अमृत विचार
लखनऊ, गुरुवार, 18 सितंबर 2025



## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक की गयी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** पति अपनी पत्नी को विदा कराने के लिए बाइक से ससुराल जा रहा था। उसी बीच रास्तें में उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई जिससे उसके सिर में गहरी चोट पहुंची। उसे मेडिकल कालेज पहुंचाया गयाजहां कुछ घंटों बाद उसकी मौत हो गई। हरपालपुर थाने के सिरसा मजरा ऊंचा गांव निवासी 27 वर्षीय जगमोहन पुत्र रघुनाथ खेती-किसानी करता था। शाहाबाद कोतवाली के गुरौरी गांव में उसकी ससुराल थी। पत्नी पिंकी अपने दोनों बच्चों के साथ वहीं थी। बुधवार की शाम जगमोहन पत्नी को विदा कराने के लिए बाइक से ससुराल जा रहा था। उसी बीच पाली-शाहाबाद रोड पर सफीपुर पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गयी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

### घटिया निर्माण को लेकर बिफरे नागरिक

**पाली, हरदोई।** नगर पंचायत द्वारा संपर्क मार्ग बनाया जा रहा है जिसमें नाली में पीला ईट का प्रयोग किया जा रहा है। नगर के रामनगर मोहल्ले से लेकर खुजकीपुर जाने वाला मार्ग उबड़-खाबड़ में तब्दील हो गया था। नगर पंचायत ने टेंडर निकालकर साठ-गांठ करके अपने खासम खास ठेकेदार को संपर्क मार्ग बनाने का जिम्मा सौंप दिया। ठेकेदार अपनी हनक के चलते नाली में पीला ईट खुले आम लगा रहा है। जिम्मेदार जान-बूझकर अनजान बने हुए हैं। संपर्क मार्ग मानक के विपरीत बनाया जा रहा है। मोहल्ले वासियों का कहना है अगर अति शीघ्र इस मार्ग की जांच नहीं की गई तो वह जिले पर प्रदर्शन करेंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या सड़क किनारे फेंका शव

## घर से अकेले निकला था, रातभर नहीं लौटा, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घर से अकेले निकला युवक पूरी रात घर नहीं लौटा। उसके अगले दिन उसका शव सड़क किनारे पुलिया के पास पड़ा देखा गया। पुलिस हादसा बता रही थी जबकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में साफ है कि उसकी बेरहमी से पिटाई की गई जिससे उसकी पसलियां टूट गयीं। इस तरह की रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने हर पहलू से जांच शुरू कर दी है।



नन्हे (फाइल फोटो)

बताया गया कि अरवल थाने के श्रीमऊ निवासी 36 वर्षीय नन्हे मेहनत-मजदूरी करता था। उसके पिता लाखन ने बताया कि मजदूरी करने वाले नन्हे की शादी नहीं हुई थी। मंगलवार की शाम वह घर से अकेले कहीं निकला उसके बाद सारी रात वापस नहीं लौटा। उसे ढूंढा जा रहा था।

इस बीच बुधवार की सुबह बताया गया कि श्रीमऊ-भदार रोड पर एक पुलिया के पास उसका शव पड़ा हुआ है। इसका पता होते ही वहां तमाम लोग पहुंच गए। नन्हे के सिर और पैर के अलावा कई निशान होने से उसकी हत्या की अटकलें लगाई जाने लगीं लेकिन पुलिस हादसा बता रही थी। बुधवार को ही वीडियोग्राफी के साथ उसके शव का पोस्टमार्टम किया गया। उसके बाद सामने आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने साफ कर दिया कि बेरहमी से पिटाई होने से नन्हे की मौत हुई। उसकी पसलियां टूटी हुई थीं। पिता का कहना है कि उसकी किसी से कोई रंजिश नहीं थी। किसने उसकी पिटाई की इसका उसे कुछ भी नहीं पता।

पुलिस का कहना है कि हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही सच्चाई सामने होगी। बेटे की इस तरह से मौत होने की खबर सुनकर मां धनदेवी का रोते-रोते बुरा हाल है।

### दबंगों ने पीटकर युवक को किया घायल

**शाहाबाद, हरदोई।** पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम पंडरवा किला में दबंगों ने बाइक सवार युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़ित इसरत पुत्र अली शेर के अनुसार वह 16 सितंबर की शाम को करीब सात बजे गांव के इब्बन पुत्र सुलेमान की बाइक पर बैठकर घर आया था। गांव निवासी हारून पुत्र मोहम्मद शेर ने अपने भाई इस्तिखार, शाहनवाज, नसीम और आदिल पुत्र जलालू के साथ मिलकर गाली गलौज कर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की।

### पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना कराएं : डीएम

**हरदोई, अमृत विचार।** स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान मिशन बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अनुनय झा ने व्यक्तिगत शौचालयों की समीक्षा की। बीडीओ को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में निर्मित सभी व्यक्तिगत एवं सरकारी शौचालयों का सत्यापन करें और उनमें से कितने खराब है, जर्जर हो चुके है या प्रयोग नहीं किये जाते उनकी सूची पंचायत सहायकों के माध्यम से बनवा कर सीडीओ को प्रेषित करें। डीएम ने कहा कि पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना कराई जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से कराये गये कार्यो का सत्यापन कराकर नियमानुसार भुगतान करें तथा जन कल्याणकारी कार्यो को कराने पर विशेष ध्यान दें तथा पंचायत भवनों में डिजिटल पुस्तकालयों की स्थापना करायें और पुस्तकालय में छात्राओं हेतु सभी विषयों की किताबें एवं देश व प्रदेश के महापुरूषों की जीविनी, तथा साहित्य आदि से जुड़ी किताबें रखी जाये और पुस्तकालय में मेज, कुर्सी आदि व्यवस्थायें करायें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में शेष निर्माणाधीन अंत्तेष्टीय स्थल, आर्दश आंगनबाड़ी केन्द्र आदि निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करायें।

## कॉलेज की भूमि पर किए जाने वाले दावे पर रोक

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर का सबसे चर्चित प्रकरण आरआर इंटर कॉलेज की कृषि भूमि पर आवास विकास द्वारा नियोजन समिति के समझौते को दरकिनार करते हुए भूमि पर दावा कर जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही प्रशासन द्वारा कराई गई थी। अब प्रकरण में नया मोड़ आया है जिसमें उच्च न्यायालय ने आवास विकास को अपने आदेश में निर्देशित किया है कि कृषि भूमि पर कब्जा और उसे किसी अन्य पार्टी को बिक्री करने से रोक लगाते हुए अपना हलफनामा कोर्ट में दाखिला करने को कहा है। कालेज की प्रबंधक कीर्ति सिंह ने बताया जिला सत्र न्यायालय द्वारा 1980 में नियोजन समिति का गठन किया गया था जिसके द्वारा विद्यालय भवन, खेल का मैदान, नलकूप आदि को छोड़ा गया था। कुछ खसरा नंबर को भी छोड़ा गया था। कृषि वर्ग की मान्यता हेतु 15 बीघा पक्की कृषि भूमि को भी छोड़ा गया था परंतु नियोजन समिति के समझौते को दरकिनार करते हुए आवास विकास ने भूमि पर अपना दावा पेश कर दिया।

## ट्रेनों में अवैध तरीके से हो रही खाना सप्लाई, वीडियो वायरल

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन पर खानपान से जुड़ी बड़ी लापरवाही सामने आई है। बताया जा रहा यहां बिना लाइसेंस ट्रेनों में धड़ल्ले से भोजन सप्लाई किया जा रहा है। इस अनियमितता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जनता एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में अवैध रूप से खाद्य सामग्री पहुंचाई जा रही है। सूत्रों के अनुसार यह पूरा खेल ट्रेनों में चल रहे कैटरिंग स्टाफ और एसी कोच में तैनात अटेंडेंट की मिलीभगत से किया जा रहा है। यात्रियों को जो खाना उपलब्ध कराया जा रहा है वह न तो रेलवे की अधिकृत इकाइयों से आता है और न ही गुणवत्ता की कोई गारंटी होती है। उधर, स्थानीय लोगों और यात्रियों का कहना है स्टेशन पर यह गोरखधंधा लंबे समय से चल रहा है। खास यह कि रेलवे प्रशासन इससे अनजान बना हुआ है या फिर अनदेखी कर रहा है, जबकि नियमों के मुताबिक केवल अधिकृत विक्रेता और लाइसेंसधारी एजेंसियां ही ट्रेनों में खानपान सेवा दे सकती हैं। वायरल वीडियो सामने आने के बाद रेलवे की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। यात्रियों का कहना है कि जहां स्वच्छता और गुणवत्तापूर्ण भोजन के नाम पर अधिक शुल्क लिया जाता है वहीं इस तरह का अवैध कारोबार रेलवे की साख को धक्का पहुंचा रहा है। यात्रियों ने मांग की है कि मामले की जांच कराई जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही स्टेशन पर खानपान व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नियमित निगरानी की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हों।

## विद्यालय में सांसद निधि से बने कमरे, चबूतरा ध्वस्त कर कब्जा

**मल्लावां, हरदोई।** महाराज जय रतन अन्नपूर्णा सरस्वती विद्या मंदिर बाजीगंज को जेसीबी से गिराने का मामला सामने आया है। स्कूल में बना वेद मंदिर का चबूतरा व सांसद जय प्रकाश रावत की निधि से कमरे भी बनवाए गए थे जो ध्वस्त कर दिए गए। बताते चलें ज्ञानेश्वर शुक्ला वर्तमान निवासी लखनऊ ने तहरीर में बताया इंद्रपाल वर्मा उर्फ़ अशोक आधा दर्जन साथियों के साथ एक राय होकर जेसीबी से बने कमरे को ध्वस्त कर दिया। इससे पूर्व 30 अगस्त को विद्यालय का मुख्य गेट जो लोहे का लगभग 10 कुंतल उठा ले गए थे। ट्रस्ट के मुख्तियार इंद्रपाल वर्मा उर्फ अशोक ने बताया कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन था जिसका फैसला उनके पक्ष में आने के बाद ही जेसीबी से बराबर कराया गया है। उधर, मल्लावां में आदर्श श्रीसद विद्यालय (संस्कृत महाविद्यालय) बाजीगंज की गद्दी वेद मन्दिर की भूमि छात्रावास अन्य भवनों पर भू माफिया द्वारा जेसीबी से कब्जा करने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। भगवन्तनगर निवासी अभय शंकर शुक्ल की तहरीर पर पुलिस ने भूमाफिया इंद्रपाल वर्मा उर्फ़ अशोक, मनीष निवासी गोवर्धनपुर, पीयूष, हर्ष, बेबी निवासीगण भगवन्तनगर के विरुद्ध कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया।

## महिला की मौत, डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

**अतरौली, हरदोई।** सीएचसी भरावन में डिलेवरी के दौरान महिला ने मृत नवजात शिशु को जन्म दिया। इसके बाद चिकित्सकों ने महिला की हालत खराब देख उसे लखनऊ रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। परिजनों ने चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाया जिसे सीएचसी अधीक्षक ने शव का पीएम कराया।

अतरौली के गांव सुजनिया की मुस्कान (22) ने बुधवार सुबह मृत नवजात शिशु को जन्म दिया। प्रसव के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। चिकित्सक श्वेता राज ने महिला को लखनऊ रेफर दिया। परिजन प्राइवेट वाहन से महिला को लखनऊ ले जा रहे थे तभी रास्ते में मौत हो गई। मृतका के भाई कमरूदीन ने बताया बहन को चिकित्सक कामिनी सिंह को दिखाया तो डाक्टर ने उसे भर्ती कर लिया। चिकित्सक श्वेतराज ने बताया प्रसव पीड़ा पर मुस्कान का प्रसव कराया गया था। भर्ती कराते समय मुस्कान के परिजनों ने कोई भी जांच रिपोर्ट नहीं दी थी। मुस्कान को खून की कमी व उलझन के चलते रेफर किया गया था। सीएचसी अधीक्षक अरविन्द मिश्र ने बताया कहा कि जिस कर्मचारी ने लापरवाही की है उस पर कार्यवाही की जायेगी।

## मेडिकल परीक्षण के दौरान भिड़े दो पक्ष

**कछौना, हरदोई।** क्षेत्र के गांव कलौली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। यह घटना मेडिकल परीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी दोहराई गई।गाँव कलौली निवासी हरदीपसिंह उर्फ सफलू ने बताया कि उनके चाचा नरेंद्र सिंह गया से वापस आए थे और परिवार सहित भंडारे की व्यवस्था में लगे थे। इसी दौरान कछौना-गौसगंज मार्ग पर गाँव के पूर्व प्रधान राम शंकर सिंह और उनके बेटों ने मारपीट का प्रयास किया। वहाँ सब्जी बाजार होने के कारण लोगों ने बीच-बचाव कर दिया। आरोप है कि पूर्व प्रधान राम शंकर सिंह, उनके पुत्र शौरभ सिंह उर्फ राहुल सिंह, ओम शंकर, प्रदुमंन, पुनीत यादव और गौरव दीपक सक्सेना ने पीछा करते हुए गाँव में घुसकर देवी मंदिर के पास घेरकर मारपीट शुरू कर दी।मारपीट में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जब पूर्व प्रधान राम शंकर सिंह और उनके पुत्र शौरभ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरी परीक्षण करा रहे थे, तभी दूसरा पक्ष भी वहाँ पहुँच गया। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज शुरू हो गई और देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई, जिससे अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। डॉक्टरी कराने गए सिपाहियों ने कड़ी मशक्कत के बाद विवाद शांत कराया।थाने पर सूचना मिलते ही वरिष्ठ उप निरीक्षक प्रभारी राजेश सिंह मौके पर पहुँचे। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधान राम शंकर सिंह और उनके पुत्र शौरभ के साथ-साथ दूसरे पक्ष के धनेन्द्र प्रताप सिंह और हरदीपक सिंह को भी चोटें आई हैं। राहुल ने आरोप लगाया है कि हरदीपक सिंह, तन्नू सिंह, प्रदीप, अर्पित, आर्चिज और दिलीप ने रास्ते में मारपीट की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संदिग्धदशा में युवती की मौत परिजन बोले, सांप ने डसा

**हरदोई, अमृत विचार।** एक 20 वर्षीय युवती घर में अकेली थी,उसी बीच वह बेहोश हो गई। वहां पहुंचे उसके चचेरे भाइयों ने उसे पहले निजी हास्पिटल पहुंचाया,वहां से जवाब देने पर उसे शाहजहांपुर उठा ले गए,वहां भी जवाब होने के कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। उसके पिता का कहना है कि बाढ़ के चलते घर में सांप आने लगे,उसी के काटने से मौत हुई। बताया गया है कि पचदेवरा थाने के ख्वाजगीपुर निवासी ब्रजमोहन मंगलवार की दोपहर खेत पर गया हुआ था,जबकि उसकी पत्नी मायादेवी पड़ोस में गई हुईं थीं। घर में 20 वर्षीय बड़ी बेटी चंचल और छोटी बेटी अंजलि थी। अंजलि भी कही चली गई। उसी बीच चंचल के चचेरे भाई अंकित और उत्तम उसके घर पहुंच गए,वहां देखा कि चंचल बेहोश पड़ी थी। उसे देखते ही अंकित और उत्तम उसे उठा कर शाहाबाद के एक निजी हास्पिटल ले गए,वहां जवाब देने के बाद उसे शाहजहांपुर पहुंचाया,वहां भी जवाब दे दिया गया। चंचल के इलाज के बारे में सोंचा जा रहा था उसी बीच उसकी मौत हो गई।

## दूसरे का खेत बेचने का आरोपी गिरफ्तार

**पाली, हरदोई।** पाली थाना पुलिस ने धोखाधड़ी कर दूसरे का खेत बिक्री करने के एक आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया, यह लंबे समय से फरार चल रहा था। जिस पर 1 हजार रुपए का इनाम भी घोषित किया गया था। गिरफ्तार आरोपी सहित तीन के खिलाफ धोखाधड़ी, दस्तावेजों की कूट रचना आदि के आरोपों में केस दर्ज किया गया था।

ज्ञात हो कि 27 जून 2024 को पाली कस्बे के मोहल्ला बाजार निवासी आफाक पुत्र पुत्र नसरत ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर बताया था कि वह कबाड़ का व्यवसाय करता है, क्षेत्र के नादखेड़ा गांव निवासी चंदन सिंह व अनूप सिंह अक्सर उसके यहां आते जाते थे, 5 मई 2024 को दोनों उसके पास आए और अपने गांव निवासी विपिन कुमार पुत्र पूरन का खेत खरीदने को कहा। 3 लाख रुपए में बात पक्की हुई। उसने 9 मई 2024 को बैनामा कराया, जिसमें अनूप सिंह और चंदन सिंह गवाह बने। आरोपियों ने तय रकम लेली, कुछ समय बाद उसे जानकारी हुई की खेत का मालिक विपिन कुमार है जो दिल्ली में रहता है। जिस व्यक्ति ने विपिन कुमार बनकर बैनामा किया, उसका असली नाम विमल कुमार पुत्र सूरज कुमार निवासी ग्राम नादखेडा है।

पाली थाना पुलिस ने आफाक की तहरीर के आधार पर चंदन, अनूप और विमल के खिलाफ धोखाधड़ी, दस्तावेजों की कूट रचना सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की। इस दौरान आरोपी विमल कुमार फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। बुधवार को थाने की पुलिस टीम ने उपरोक्त मुकदमें में फरार चल रहे विमल कुमार को गिरफ्तार किया, जिसके खिलाफ एक हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया गया था। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाने पर कई अन्य मुकदमें भी दर्ज हैं। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक मानसिंह, कांस्टेबल तेजवीर, शुभम अहलावत शामिल रहे।

## हादसे का शिकार हुए डीजे आपरेटर की गयी जान

**हरदोई, अमृत विचार।** गणेश विसर्जन यात्रा के दौरान डीजे पर सवार आपरेटर ऊपर से निकले बिजली के तार की चपेट में आने से झुलस गया था,उसे सीएचसी से मेडिकल कालेज भेजा गया,वहां से उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया,जहां मंगलवार को उसकी 12 वें दिन मौत हो गई। बताया गया है कि साण्डी कस्बे के मोहल्ला नवाबगंज निवासी 26 वर्षीय अमन उर्फ शीबू डीजे आपरेटर का काम करता था। 5 सितंबर को गणेश प्रतिमा विसर्जित करने के लिए निकली विसर्जन यात्रा सतमठिया मंदिर से होते हुए गर्रा नदी की तरफ जा रही थी। अमन उर्फ शीबू डीजे के ऊपर बैठा हुआ था,सतमठिया मंदिर के पास गली में ऊपर से बिजली के तार निकले हुए थे,उसी बीच डीजे पर बैठा अमन उर्फ शीबू उसकी चपेट में आ कर झुलस गया। हादसा होने से विसर्जन यात्रा में अफरा-तफरी फैल गई। झुलसे युवक को सीएचसी से मेडिकल कालेज और वहां से लखनऊ के लिए रिफर कर दिया गया,जहां उसकी मंगलवार की शाम को 12 वें दिन मौत हो गई। अमन उर्फ शीबू दो भाइयों में बड़ा था।



नगर पंचायत भगवंतनगर में सफाईकर्मी के पैर धोते चेयरमैन। अमृत विचार

### चेयरमैन ने सफाईकर्मियों को किया सम्मानित

**पाटन, उन्नाव।** नगर पंचायत भगवंतनगर में मंगलवार को चेयरमैन आशीष उर्फ रिंकू शुक्ला ने विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम विश्वकर्मा जयंती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आयोजित हुआ। कार्यक्रम में नगर पंचायत के सफाई कर्मियों को विशेष सम्मान दिया गया। चेयरमैन ने कर्मियों के पैर पखार कर उनका सम्मान किया। इसके बाद उन्हें तिलक लगाया और अंगवस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इसका उद्देश्य सफाई कर्मियों की मेहनत, निष्ठा व समर्पण को समाज में सम्मान दिलाना था। चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत मिशन को गति मिली है। सफाई कर्मी इस अभियान की रीढ़ हैं और उनकी मेहनत के बिना स्वच्छ नगर की कल्पना नहीं हो सकती। इस दौरान प्रदीप पाण्डेय, संजय कुमार, रोहित कुमार, कृष्ण कुमार सभासद पंचम, सुभाष चंद्र, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, राजू आदि मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा जयंती पर हुई पूजा-अर्चना

**सफ़ीपुर उन्नाव।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। स्थानीय शंकरी देवी मंदिर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई ने सभासद बेचेलाल गुप्ता, सोनू श्रीवास्तव के साथ भगवान विश्वकर्मा की विधिविधान से पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पूर्व विश्वकर्मा कल्याण समिति के अध्यक्ष सुखदेव शर्मा, शंभू, राम सागर, राजकुमार, रामसजीवन, बलराम, साहब दीन, राजेश, रामविलास ने कीर्तन-भजन के साथ प्रसाद बांटा। यहां आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण की झांकियां प्रस्तुत कर सबका मन मोहा। वहीं लोगो ने घरों में अस्त्र-शस्त्र व कारखानों में कलपुर्जों की पूजा कर भगवान विश्वकर्मा व रिद्धि-सिद्धि से कामना की।

## चोरों ने आठ दुकानों के चटकाए ताले, हजारों रुपये का माल समेटा

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आरएस चौराहे पर बेखौफ चोरों ने आठ दुकानों पर धावा बोल दिया। चोर दुकानों के शटर व ताले तोड़कर नकदी समेत लाखों का माल लेकर फरार हो गए। सूचना पर पीड़ित व्यापारियों ने घटना की तहरीर कोतवाली में दी। कई एजेंसियों के साथ कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घटना की बारीकी से जांच की। एक ही रात में आठ दुकानों में चोरी होने से व्यापारियों में दहशत है।

नगर के मोहल्ला कस्बा टोला निवासी महफूज खान पुत्र जरूर खान का अयान मेडिकल स्टोर आरएस चौराहे पर है। रोज की तरह बीती मंगलवार रात दुकानदारी करने के बाद दुकान बंद कर घर चले गए। इसी तरह इसी चौराहे पर स्थित वीके बेकरी संचालक गांव आंबापारा निवासी नरेंद्र कुशवाहा पुत्र पूरन लाल, गांव जोगीकोट निवासी नियाज इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक नियाज पुत्र जुबेर, गांव शीतलगंज निवासी अफ्सा डिजिटल स्टोर के संचालक आरिज पुत्र शहाबुद्दीन, दीपू किराना स्टोर के संचालक दीपू पुत्र शिवशंकर, गांव अवस्थी खेड़ा निवासी मयंक इलेक्ट्रॉनिक के संचालक मयंक यादव पुत्र मेवालाल, गांव अमीरपुर निवासी श्री बालाजी स्वीट हाउस के संचालक पुत्तनलाल पुत्र रामबली व गांव जोगी कोट निवासी उजैर हेयर ड्रेसर के संचालक शहनूर पुत्र रफीक अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। मंगलवार रात चोरों ने सभी दुकानों के शटर व ताले तोड़कर दुकानों की गोलक में रखी नकदी लेकर चंपत हो गए। सुबह दुकानदारों को घटना की जानकारी हुई। दुकानदारों ने पुलिस को जानकारी दी।



उप्र उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री को सम्मानित करते व्यापारी।

### सर्व वैश्य व्यापारी सम्मेलन का आयोजन

**बांगरमऊ, उन्नाव।** उप्र उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष शरद अग्रवाल के प्रतिष्ठान पर सर्व वैश्य व्यापारी सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें याचिका समिति के सभापति, विधान परिषद सदस्य व उप्र उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री अशोक अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि व्यापारियों के लिए 24 घंटे उनके दरवाजे खुले रहते हैं। कहा कि व्यापारियों की सभी समस्याओं के निराकरण के लिए वह सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि संगठन में सभी वर्गों के व्यापारियों का प्रतिनिधित्व होना चाहिए। सम्मेलन को संगठन के लखनऊ मंडल के प्रभारी सुनील गुप्ता सेल्फ़ी, नगर निवासी व्यापारी नेता विकास गुप्ता व डॉ. नीरज गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में अंबर अग्रवाल, बउवा चौधरी, गोविंद कुशवाहा, राजकुमार विश्वकर्मा, सुधीर मिश्रा सद्धू आदि व्यापारी शामिल हुए।

## करंट की चपेट में आया युवक, मौत

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के बहलोलपुर गांव निवासी शफीकुल (45) व पुत्र भल्लू हाजी बुधवार दोपहर गांव की मस्जिद में नमाज अदा करने गया था। तभी वह अचानक हाइटेंशन लाइन की चपेट में आकर झुलस कर गंभीर घायल हो गया। जानकारी पर पहुंचे परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां उसे 80 प्रतिशत से अधिक झुलसा देख डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज देकर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया। लेकिन वहां पहुंचने से पहले उसकी सांसे थम गई। इस पर शव लेकर लौटे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। उसकी अचानक मौत से पत्नी मुन्नी सहित बेटियों रकीबा, जैनब बेटे, सैफ व हसीन रो-रोकर कर बेहाल हैं।

## जमीनी विवाद में भिड़े दो पक्ष, चला चाकू

**सफीपुर उन्नाव।** कस्बे के सरांय सुजात अली मोहल्ला निवासी शिवबालक यादव के 21 वर्षीय पुत्र गौरव यादव का मोहल्ले के सुशील यादव के पुत्र सचिन (24) से मुख्यमार्ग स्थित कीमती भूमि का विवाद चला आ रहा है। उसी भूमि की उसने जुताई कराई थी।

गौरव की मां रामरती ने तहरीर देकर बताया कि गौरव अपने जन्मदिन की तैयारी में लगा था। क़स्बा के शंकरी देवी मंदिर के पास सचिन ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी लाठी-डंडों से पिटाई कर दी। गौरव जान बचाकर भागा लेकिन वे लोग उसकी पिटाई करते रहे। जिससे वह घायल होकर सड़क किनारे गिरकर बेहोश हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां उसे गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं कुछ देर बाद दूसरे पक्ष से घायल सचिन भी सीएचसी पहुंचे जिसकी पीठ पर चोट के निशान थे। उसने गौरव पर चाकू से हमला करने का आरोप लगाया। डाक्टर ने उसे भी प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसे गंभीर देख कानपुर के हैलेट अस्पताल भेज दिया गया। घटना के बाद अस्पताल में दोनों पक्ष के लोग एकत्र हो गए। इसी बीच घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंचे गौरव के भाई की भी पिटाई की गई। सुरक्षा की दृष्टि से अस्पताल में फोर्स तैनात कर दिया गया।

## नहर में मिला युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**सफीपुर, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के बम्हना गांव के पास शारदा नहर ब्रांच में बुधवार को ग्रामीणों ने एक युवती का सड़ा-गला शव देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नहर से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। युवती की उम्र करीब 20 वर्ष बताई जा रही है। शव पर केवल नीचे के वस्त्र थे और हाथ में कलावा बंधा था। युवती की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है।

एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि शव करीब एक सप्ताह पुराना लग रहा है। पानी में बह कर आया है। पड़ोस के थानों फतेहपुर चौरासी, बांगरमऊ व बेहटा मुजावर को सूचना देकर पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

## महिला ने युवक पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के गांव हिंदूनगर कुंदनपुर निवासी सुमन त्रिवेदी ने भाटनखेड़ा निवासी युवक पर मारपीट व अभद्रता करने का आरोप लगाया है। उसका आरोप है कि मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे उसने युवक से कहा कि 27 नवंबर 2023 को समूह के खाते से निकाले गए एक लाख रुपये जो 10 सदस्यों के हैं उसे वापस जमा करें। इस पर वह भड़क उठा और गाली-गलौज करते हुए उससे मारपीट की। पीड़िता के मुताबिक शोर सुन जब उसके पिता शिवकुमार वहां पहुंचे तो उसने उन्हें भी गालियां देते हुए धक्का-मुक्की की। इसी बीच युवक की पत्नी जो समूह की अध्यक्ष है वहां पहुंचीं और उन लोगों से अभद्रता की। पीड़िता का कहना है कि समूह के लोन का ब्याज उसके बचत खाते से जबरन काट लिया गया। जिसका मैसेज उसके मोबाइल पर आया। जब वह इस बारे में पूछने उनके घर गई तो वहां भी उससे मारपीट की गई और अपमान जनक शब्द कहे गए। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देते हुए आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी तहरीर दी है।

## पीएम के बाद बच्चे का शव घर पहुंचते ही मचा कोहराम

**संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार।** आसीवन थाना क्षेत्र के जहांगीर नगर में खेलते समय कुएं में गिरकर हुई बच्चे की मौत से परिजन बेहाल रहे। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

बता दें कि जहांगीर नगर गांव निवासी दीपू का 5 वर्षीय बेटा निवांश मंगलवार देरशाम घर के बाहर बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी वह घर से 50 मीटर आगे गहरे कुंए में गिर गया। ढूंढने निकले परिजनों को एक चप्पल कुएं के पास मिली। इस पर बाबा रज्जन ग्रामीणों की मदद से रस्सी बांधकर कुएं में उतरा और बच्चे को बाहर निकालकर मियागंज सीएचसी लाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुनते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। इकलौते बेटे का शव देख मां सीमा बेहाल हो गई। पिता दीपू ने बताया कि शिवांश बहन वंशिका (8) से छोटा था। बुधवार को ही परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

## बदमाशों ने युवक से की लूटपाट

**पाटन, उन्नाव।** बिहार थाना क्षेत्र के गांव गुलरिहा में सोमवार शाम मारपीट व लूटपाट की घटना सामने आई है। गांव साहबगंज निवासी मोहित पुत्र रामआसरे ने आरोप लगाया कि गांव के शिवम पुत्र फूल सिंह ने अपने तीन-चार साथियों के साथ मिलकर उस पर हमला कर दिया। उसके अनुसार, आरोपियों ने डंडों व घूंसों से उसकी जमकर पिटाई की। बीच-बचाव करने पहुंचे मनीष पुत्र स्व. बिंदादीन को भी लाठी-डंडों से पीट दिया। जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उसका आरोप है कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान 1500 रुपये और मोबाइल फोन भी छीन लिया। घटना की सूचना बिहार पुलिस को दी गई है। पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा।

## न्यूज ब्रीफ

### संदिग्ध हालत में पड़ा मिला अधेड़ का शव

**नवाबगंज।** अजगैन के गुरुसहाय खेड़ा गांव निवासी महादेव पासी (55) पुत्र स्व. गंगाराम पड़ोसी गांव सरेसा में राहुल पुत्र संतोष के यहां दुकान किराए पर लेकर वेल्डिंग का काम करता था। वह रात में दुकान पर ही सोता था। बुधवार सुबह लोगों ने दुकान से सटे खेत में उसका शव पड़ा देख परिजनों को सूचना दी। भतीजे मुन्नू ने बताया कि चाचा की मौत सामान्य न लगने पर उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

### एक पेड़ मां के नाम पर किया गया पौधरोपण

**उन्नाव।** जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर स्वच्छता अभियान थीम के तहत जिले के वन स्टॉप सेंटर व विभिन्न स्थानों पर साफ-सफाई और एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके साथ ग्राम पंचायत स्तर पर आमजन को साफ-सफाई के साथ रहने व अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने सम्बन्धी जानकारी के साथ ही ग्राम पंचायतों में बच्चों के साथ पौधरोपण भी किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय, विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी अवधेश कुमार, मैनेजर वन स्टॉप सेंटर एकता श्रीवास्तव, जिला समन्वयक चाइल्ड हेल्पलाइन दिवाकर ओझा, जिला बाल संरक्षण इकाई के परामर्शदाता कल्पना श्रीवास्तव व सामाजिक कार्यकर्ता हरिवेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया सेवा पखवाड़ा

**औरास।** भाजपा औरास मंडल के सभी शक्ति केंद्र व बूथों पर प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। जिनमें मंदिर, सार्वजनिक स्थल, स्कूल, पार्क, शहीद स्थलों पर स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया। वहीं कस्बा के नर्सरी पुलिया स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सफाई कर स्वच्छता अभियान चलाया। इस दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजेश त्रिपाठी, शक्ति केंद्र संयोजक औरास सतीश त्रिपाठी, अंकुश सिंह, मंडल उपाध्यक्ष नौवेश सिंह, मंडल महामंत्री विजय सिंह, विजयपाल रावत, पवन शर्मा, नीरज शर्मा आदि मौजूद रहे।

### करंट की चपेट में आने से युवक की गई जान

**उन्नाव।** कैलाशखेड़ा गांव निवासी अजीत (35) पुत्र जगत बहादुर साहू बीते कई माह से सदर कोतवाली के अकरपुर स्थित एक तार बनाने वाली फैक्ट्री में मजदूरी करता था। फैक्ट्री के पास ही मुनेश्वर के मकान में किराए का कमरा लेकर साथी मजदूर ओमप्रकाश के साथ रहता था। रविवार को दोनों छुट्टी लेकर गांव गए थे। मंगलवार को अजीत वापस लौट आया लेकिन वह काम पर नहीं गया। फैक्ट्री से फोन आने पर ओमप्रकाश ने अजीत को फोन किया। लेकिन काल रिसीव नहीं हुई। इसकी सूचना मकान मालिक कमरे में पहुंचा जहां अजीत जमीन पर अचेत पड़ा था और पास ही फर्राटा चल रहा था। लोगों की सहायता से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी करंट से मौत होने की पुष्टि हुई।

### पुलिस कर्मी सम्मानित

**शुक्लागंज।** थाना गंगाघाट क्षेत्र में हाल ही में हुई डकैती की घटना का सफल अनावरण करने और अपराधियों को गिरफ्तार कर लूटे गए सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी करने पर पीड़ित और क्षेत्रीय लोगों ने उन्नाव पुलिस का सम्मान किया गया। बुधवार को थाना गंगाघाट परिसर में पीड़ित राकेश शुक्ला, समाजसेवी वीरेन्द्र शुक्ला के अलावा व्यापार मंडल के सदस्यों और क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों ने पुलिस टीम को अंगवस्त्र और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

### चोर की अफवाह पर सड़कों पर उतरे लोग

**शुक्लागंज।** नगर के शक्ति नगर, ब्रह्म नगर और सीताराम कॉलोनी में चोर की फर्जी अफवाह पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लाठी डंडा लेकर घरों से बाहर निकल आये। लोग गलियों में चोरों को खोजते हुए घूमने लगे। गंगाघाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर वापस घर भेजा। पुलिस ने बताया कि यह केवल अफवाह थी, कहीं से चोरी की कोई घटना सामने नहीं आई है।

### पीएचसी में अभियान शुरू

**शुक्लागंज, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर बुधवार से नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की गई। यह विशेष स्वास्थ्य शिविर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें महिलाओं और किशोरियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा और उन्हें जागरूक किया जाएगा।

# विभिन्न क्षेत्रों में 3 लोगों के फंदे से लटके मिले शव

## घटना के बाद से परिजनों में मची चीख पुकार, पुलिस मामलों की पड़ताल में जुटी

संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के किशोरी खेड़ा गांव निवासी युवक का शव उसके बाथरूम में फंदे से लटका मिला। वहीं हसनगंज निवासी युवक ने घर के पास लगे पेड़ से लटककर जान दे दी। उधर असोहा थानाक्षेत्र में 65 वर्षीय वृद्ध का शव भी पेड़ पर फंदे से लटका मिला। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजे हैं।

पुलिस विभाग के रिटायर्ड फालोवर राजकुमार सैनी सदर कोतवाली के मोहल्ला किशोरी खेड़ा में पत्नी मालती व बेटे विनय और सुभाष (27) के साथ रहते हैं। सुभाष दही स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। वह शराब का लती था। इससे उसकी पत्नी कंचन से कहासुनी हुई थी। इस पर बीती 13 सितंबर को पत्नी प्रेम नगर शुक्लागंज स्थित अपने मायके चली गई थी। इससे परेशान सुभाष बाथरूम का दरवाजा बंद कर दुपट्टे के फंदे से छत के कुंडे से लटक गया। सुबह बाथरूम का दरवाजा न खुलने पर परिजनों को शंका हुई। इस पर मां की सूचना पर पास में अलग-अलग मकानों में रहने वाले बेटे विजय व विकास पहुंचे। पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुए परिजन शव देख बेहाल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भाई विजय ने बताया कि सुभाष की शादी बीती 13 दिसंबर को हुई थी। पति की मौत की खबर से पत्नी कंचन सहित अन्य परिजन बेहाल हैं।


सुभाष (फाइल फोटो)


हसनगंज की घटना में जांच करते कोतवाली प्रभारी शरद कुमार। अमृत विचार

### आम के पेड़ पर लटका मिला वृद्ध का शव

असोहा थानाक्षेत्र के भाऊमऊ गांव निवासी जगदीश यादव (65) स्व. छोटा खेती करता था। मंगलवार रात उसका शव गांव से एक किमी आगे ओमदत्त की बाग में लगे आम के पेड़ में लटका देख ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन बेहाल हो गए। पुलिस ने जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। भाई केतार ने बताया कि जगदीश के तीन बच्चों में बेटा राहुल व बेटी सोनी व मोनी हैं।

### पेड़ पर गमछे से लटका मिला युवक का शव

**हसनगंज।** कस्बा निवासी राकेश पांडेय का 35 वर्षीय पुत्र मोनू मंगलवार को घर से बिना बताए निकला था। बुधवार सुबह खेत गए लोगों ने घर से 200 मीटर आगे अखिल गुप्ता की बाग में लगे आम के पेड़ पर उसका शव गमछे से लटका देखा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वह चार भाइयों दीपू, राघव व सोनू में तीसरे नंबर पर था। उसकी मौत से पत्नी अन्नू व मां लक्ष्मी सहित अन्य परिजन बेहाल हैं। बड़े भाई दीपू ने बताया कि मोनू के दो बेटियों में अंशी (7) व आराध्या (5) हैं। कोतवाली प्रभारी शरद कुमार ने बताया कि युवक का शव फंदे से लटका मिला है। पीएम रिपोर्ट आने पर ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

# झमाझम बारिश से मिली गर्मी से राहत


बारिश से आदर्श नगर गली में हुआ जलभराव। अमृत विचार

**शुक्लागंज, अमृत विचार।** बुधवार सुबह अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज बारिश शुरू हो गई। सुबह करीब छह बजे आसमान में काले बादल छा गए और बिजली की गरज के साथ तेज बारिश शुरू हुई। कुछ ही देर में सर्वोदयनगर, कंचन नगर और आदर्श नगर पूरी तरह जलमग्न हो गए। घरों के अंदर तक गंदा सीवर का पानी घुस गया।

### गंगा के जलस्तर में मामूली बढ़ोतरी

**शुक्लागंज।** केंद्रीय जल आयोग के अनुसार मंगलवार शाम छह बजे गंगा का जलस्तर 112.140 मीटर दर्ज था। बुधवार को एक सेंटीमीटर की बढ़ोतरी के साथ जलस्तर 112.150 मीटर पर पहुंच गया, जो चेतावनी बिंदु से 15 सेंटीमीटर ऊपर है।

# केक काटकर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन


फीता काटकर शिविर का शुभारंभ करते विधायक श्रीकांत कटियार। अमृत विचार

**फतेहपुर चौरासी, अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित हुआ। इसमें नारी सशक्तिकरण के अन्तर्गत स्वस्थ नारी शिक्षित नारी पर बल दिया गया।

विधायक श्रीकांत कटियार ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। साथ ही केक काटकर मोदी का जन्मदिन मनाया। प्रभारी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार ने कहा कि स्वस्थ जीवन विकास का आधार है। यदि आदमी स्वस्थ हो तो उसकी कार्यक्षमता बढ़ जाती है। इस दौरान अतुल मिश्रा, भैयालाल, डॉ. आदित्य कुमार, शिवप्रताप सिंह, जीनत, अल्का, फार्मासिस्ट केके पाल, दुर्गा नन्दन, कौशल, विजय, योगेन्द्र आदि रहे।

**फल वितरण के साथ हुआ रक्तदान शिविर :** स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल कैंप का अवलोकन करने के साथ जिला अस्पताल के पुरुष वार्ड में पहुंचकर मरीजों को फल बांटे गए। ब्लड बैंक में आयोजित रक्तदान शिविर का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

# 2047 तक विश्वगुरु बनेगा भारत : साक्षी महाराज

**उन्नाव, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम सेवा पखवाड़े के शुभारम्भ पर सांसद साक्षी महाराज, शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल, भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्र, विधायक पंकज गुप्ता, श्रीकांत कटियार, आशुतोष शुक्ला, बम्बालाल दिवाकर व जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा जिला अस्पताल में सूचना विभाग द्वारा स्थापित विकसित भारत आत्म निर्भर भारत डिजिटल भारत विषयक प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इस दौरान सांसद व जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रदर्शनी का भ्रमण कर प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर उनके व्यक्ततित्व, कृतित्व व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व नीतियों कार्यक्रमों को लेकर लगाए गए चित्रों व लेखों का अवलोकन कर प्रदर्शनी की भव्यता जन सामान्य के जागरूकता के लिए उपयोगी होंने को सराहा। 15 दिन की प्रदर्शनी मे बेहतर तरीके से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया है।


प्रदर्शनी का अवलोकन करते सांसद साक्षी महाराज व भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी।

**प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण :** प्रधानमंत्री के मध्य प्रदेश के इंदौर से शुभारम्भ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के लाइव प्रसारण को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व जनसामान्य की उपस्थिति सुना गया। सांसद ने कहा कि भारत सरकार का जो 2047 तक विकसित भारत बनने का संकल्प है उसमें सभी लोगों की सहभागिता जरूरी है। भारत फिर से विश्व गुरु बनेगा इसके लिए हम सब लोग शुभकामनाएं देकर प्रार्थना करते हैं। इस दौरान सीडीओ कृतिराज, सीएमओ डॉ. सत्य प्रकाश, मुख्य चिकित्साधीक्षक, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, मनीष जायसवाल, अमित त्रिपाठी आदि जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी मौजूद रहे।

### पीएम के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चला

**शुक्लागंज।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर बुधवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे के नेतृत्व में पोनी रोड स्थित आंबेडकर पार्क में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। इस दौरान पालिकाध्यक्ष समेत भाजपा कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की।


आंबेडकर को याद करतीं पालिकाध्यक्ष। अमृत विचार

पालिकाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश को स्वच्छ भारत मिशन जैसा जनांदोलन देकर हर नागरिक को स्वच्छता से जोड़ने का कार्य किया है। उनके नेतृत्व में भारत आज नई ऊँचाइयों को छू रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी के संकल्प स्वच्छता से सेवा और सेवा से राष्ट्र निर्माण को आगे बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है। सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के स्वच्छ, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का संकल्प लेना चाहिए। इस दौरान आदित्य त्रिपाठी, जय सिंह कुशवाहा, सुरेश तिवारी समेत भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसी तरह अंकुर शुक्ला, सूर्य कुमार बाजपेई, विकास मिश्रा, विनय तिवारी, जैनेन्द्र शुक्ला, अमेन्द्र गुप्ता, अवनीश शुक्ला, सुरेश शुक्ला, मोहित शुक्ला, प्रत्यय गुप्ता, धीरज सिंह, अभिषेक शुक्ला सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया।

## टीईटी की बाध्यता गलत : साक्षी महाराज

**उन्नाव, अमृत विचार।** उप्र जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाध्यक्ष अनुपम मिश्र, संरक्षक राघवेंद्र सिंह, महामंत्री रामजन्म सिंह के नेतृत्व में सांसद साक्षी महाराज से भेंट की और प्रधानमंत्री व शिक्षा मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन दिया। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय द्वारा शिक्षक पात्रता परीक्षा वरिष्ठ शिक्षकों को अनिवार्य करने का विरोध करते हुए अधिनियम में संशोधन करने की मांग की।

अध्यक्ष अनुपम मिश्र ने कहा कि यह निर्णय देश व प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के हितों के विपरीत है। दशकों से विभागीय सेवा शर्तों के साथ सेवा देते आ रहे शिक्षकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं एनसीटीई अधिनियम लागू होने के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट देने हेतु अधिनियम में संशोधन कराने के लिए प्रयास करें। प्रतिनिधि मंडल में उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र, अनूप शुक्ला, तौसीफ अली, शिवकुमार, शशिराज सिंह, पंकज दीक्षित, सत्यनारायण पटेल, प्रदीप सोनकर, राजेश यादव व सरल कुमार आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर बनाएं निपुण : डीएम


बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी।

**उन्नाव, अमृत विचार।** जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में प्राथमिक विद्यालयों में शैक्षणिक कार्यों व शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए बेसिक शिक्षा द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के सम्बंध में जिला अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें ऑपरेशन कायाकल्प, मिड-डे-मील, पेरेंट्स बैठक, बच्चों के जन्म प्रमाणपत्र, शिक्षा की गुणवत्ता सहित अन्य बिंदुओं पर निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर ऑपरेशन कायाकल्प के सभी पैरामीटर में कार्य कराया जाय। पेरेंट्स के मीटिंग जरूर की जाए। मिड-डे-मील में बच्चों को मशरूम जरूर दिया जाए ताकि बच्चों को उचित मात्रा में प्रोटीन मिलती रहे। पठन-पाठन की स्थिति सुधारी जाए और शैक्षणिक कार्यों में कोई लापरवाही न हो। बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देकर निपुण बनाया जाय। नामांकन की स्थिति सुधारें। कहा कि 1 वर्ष से ऊपर के जो बच्चे हैं उनका जन्म प्रमाणपत्र संबंधित अधिकारी द्वारा जरूरी प्रक्रिया पूरी कर जारी किया जाए। सीडीओ कृतिराज, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शौर्य सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव राज, डीसी मनरेगा, बीएसए संगीता सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी आदि रहे।

## सौहार्द से मनाएं नवरात्र और दशहरा : डीएम

**उन्नाव।** डीएम व एसपी की मौजूदगी में नवरात्रि, दशहरा पर्व व विसर्जन यात्राओं को लेकर अफसरों की बैठक हुई। इसमें डीएम ने निर्देश दिए कि सभी शांतिपूर्वक व मिलजुल कर त्योहार मनाएं और किसी प्रकार की नई परंपरा न पड़ सके इसका विशेष ख्याल रखें। बैठक में डीएम गौरांग राठी ने आगामी नवरात्रि पर दुर्गा पूजा, विसर्जन यात्रा, दशहरा व रामलीला आयोजन को लेकर बुलाई गई पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम व सीओ से कहा कि वे अपने क्षेत्र में पीस कमेटी की बैठक करें। उन्होंने अधिकारियों से उनके क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन स्थलों के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि कोई नई परंपरा न डाली जाए। एसडीएम जांच कर आयोजनों की अनुमित दें। साथ ही डीजे में निर्धारित डेसीबल में धार्मिक गाने ही बजें। गंगा जमुनी तहजीब के साथ सभी आयोजन कराएं। संबंधित अधिकारियों द्वारा कड़ाई से निर्देशों का अनुपालन किया जाये। एसपी दीपक भूकर ने कहा कि आयोजक सड़क से हटाकर प्रसाद वितरण करें। विद्युत सुरक्षा के साथ ही पंडाल में आग से बचाव के इंतजाम अवश्य रखें। इसके साथ पुतले की ऊंचाई लिमिट में रहे।

## सिटी डायरी


रामलीला की तैयारियां का जायजा लेते पदाधिकारी व प्रतिनिधि।

### श्रीनगर पोनी रोड में रामलीला मंचन की तैयारियां हुई तेज

**शुक्लागंज।** श्री सार्वजनिक शुक्लागंज रामलीला समिति पोनी रोड, श्रीनगर शुक्लागंज उन्नाव के तत्वावधान में इस वर्ष भी 22 सितंबर से रामलीला मंचन का आयोजन किया जाएगा। मैदान की साफ-सफाई और व्यवस्थाओं का कार्य शुरू हो गया है। श्रीराम चबूतरे पर टायल्स लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। हाल ही में आई बाढ़ के कारण रामलीला स्थल में भरे पानी को निकालने और रोशनी सहित अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए बुधवार को पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि संदीप पांडे ने स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि मैदान का पानी कल से निकालना शुरू हो जाएगा और दो दिनों में सभी व्यवस्थाएं पूरी कर दी जाएंगी ताकि रामलीला का आयोजन हर वर्ष की तरह हर्षोल्लास के साथ हो सके। उन्होंने समिति सदस्यों से मिलकर एक-एक व्यवस्था का जायजा लिया।


पठन-पाठन की सामग्री दिखाते बच्चे, साथ में रोटरी क्लब के पदाधिकारी।

### पीएम के जन्मदिन पर रोटरी क्लब ने बच्चों को बांटी पाठ्य सामग्री

**शुक्लागंज :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर बुधवार को रोटरी क्लब गंगाघाट अध्यक्ष व भाजपा जिला आईटी संयोजक अवनीश शुक्ला ने सीताराम कॉलोनी स्थित शक्ति केंद्र में बच्चों के बीच पहुंचकर जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए पठन-पाठन के लिए कॉपियां और पेंसिल बॉक्स वितरित किए। अवनीश शुक्ला ने बच्चों से प्रधानमंत्री मोदी के जीवन और कार्यों से जुड़े प्रश्न भी पूछे, जिनके सही उत्तर देकर बच्चों ने उत्साह दिखाया। इस अवसर पर रो. विवेक शुक्ला, मंडल महामंत्री जयसिंह कुशवाहा, शिरीष चन्द्र शुक्ला, शिवशरण अग्निहोत्री और बबलू बाजपेयी भी मौजूद रहे।


मेडल प्राप्त करने वाले विजेता खिलाड़ी।

### जूडो प्रतियोगिता में उन्नाव की टीम ने जीते दो गोल्ड मेडल

**उन्नाव।** लखनऊ में आयोजित मंडलीय जूडो प्रतियोगिता में उन्नाव की टीम ने दो गोल्ड मेडल जीते। अंडर-19 बालक वर्ग 55 किलो वर्ग में आतिफ अहमद ने लखनऊ के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। अंडर-17 बालक वर्ग में दिवाकर ने भी लखनऊ के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा अंडर-14 बालक वर्ग 35 किलो वर्ग में शिवांश ने रजत पदक प्राप्त किया। अंडर-14 बालिका वर्ग 35 किलो वर्ग में रागिनी ने रजत पदक प्राप्त किया। आतिफ मोहम्मद शहर के अटल बिहारी इंटर कॉलेज में कक्षा 12 के छात्र हैं।


मरीजों को फल वितरित करते सदर विधायक पंकज गुप्ता व विमल द्विवेदी।

### प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर मरीजों को बांटे फल

**उन्नाव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर जिला अस्पताल में मरीजों को फल, दूध व अन्य सामग्री का वितरण भाजपा नेता विमल द्विवेदी के संयोजन में हुआ। इसमे मुख्य अतिथि भाजपा के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सांसद साक्षी महाराज, सदर विधायक पंकज गुप्ता, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, जिला सरकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह आदि रहे।

**हर्षोल्लास** | त्योहार पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम, बांटा गया प्रसाद

# याद किए गए आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा


विश्वकर्मा की मूर्ति पर माल्यार्पण करते समिति अध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रवीण भानु आदि। अमृत विचार

**उन्नाव, अमृत विचार।** आदि शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का पूजन समारोह विश्वकर्मा मंदिर कब्बा खेड़ा में धूमधाम से मनाया गया। शुभारम्भ समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र दत्त विश्वकर्मा द्वारा झंडारोहण के साथ हुआ। सदर विधायक पंकज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, प्रवीण मिश्रा भानु प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष व कमलेश मिश्रा ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए(


राजधानी मार्ग भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों ने लगाया भंडारा

**शुक्लागंज।** देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन किया और भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद प्रसाद वितरण कर भक्तों ने उत्सव का आनंद लिया। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह भंडारे का भी आयोजन किया गया।

# अमृत विचार

गुरुवार, 18 सितंबर 2025




कभी-कभी अच्छी चीजें बिखर जाती हैं, ताकि बेहतर चीजें एक साथ आ सकें।
**-मर्लिन मुनरो**, हॉलीवुड अभिनेत्री

## संबंधों में सकारात्मक संकेत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देना केवल एक औपचारिक संवाद नहीं है। यह उन संकेतों में से एक है, जो दर्शाते हैं कि दोनों देशों के बीच हाल के तनावपूर्ण संबंध अब पुनः सहजता और सहयोग की ओर अग्रसर हो सकते हैं। बीते कुछ समय में भारत और अमेरिका के रिश्तों में व्यापारिक मतभेदों और शुल्क विवादों ने कटुता बढ़ाई थी। विशेष रूप से अमेरिकी प्रशासन द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत तक शुल्क वृद्धि ने नई दिल्ली और वॉशिंगटन के बीच अविश्वास की खाई गहरी कर दी थी। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक साझेदारी हमेशा से दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं के लिए महत्त्वपूर्ण रही है, किंतु शुल्क वृद्धि ने इस रिश्ते को तनावपूर्ण बना दिया था। यह स्थिति केवल वस्तुओं और सेवाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि इससे निवेश और तकनीकी सहयोग पर भी असर पड़ने लगा। ऐसे में ट्रंप का यह संदेश कि भारत-अमेरिका संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की प्रतिबद्धता बनी हुई है, एक सकारात्मक पहल कही जा सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी और डोनाल्ड ट्रंप की बातचीत में जन्मदिन की बधाई के साथ-साथ वैश्विक संकटों पर भी विमर्श हुआ। विशेष रूप से यूक्रेन मुद्दे पर भारत की संतुलित और शांति-समर्थक भूमिका की अमेरिकी प्रशंसा यह स्पष्ट करती है कि भारत अब विश्व राजनीति में एक महत्त्वपूर्ण और स्वतंत्र स्वरूप के तौर पर उभरा है। यह न केवल भारत की विदेश नीति की सफलता है, बल्कि उसकी बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय साख का भी प्रतीक है। इसके साथ ही यह संदेश भी निहित है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक विमर्श का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। व्यापारिक संबंधों से आगे बढ़कर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक सहयोग की आवश्यकता आज और अधिक प्रबल हो गई है। रक्षा, तकनीक, शिक्षा, ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का साथ विश्व व्यवस्था के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। चीन की आक्रामक नीतियां और इंडो-पैसेफिक क्षेत्र की अस्थिरता इस सहयोग को और अधिक महत्वपूर्ण बनाती हैं। भारत की विशाल युवा आबादी, विज्ञान-तकनीक में तेजी से हो रही प्रगति और लोकतांत्रिक ढांचा इसे अमेरिका के लिए एक स्वाभाविक साझेदार बनाता है। प्रधानमंत्री मोदी का यह आश्वासन कि भारत इन साझेदारियों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, निस्संदेह भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

हालांकि एक शिष्टाचारपूर्ण फोन कॉल से व्यापारिक और रणनीतिक मतभेद समाप्त नहीं हो सकते, परंतु यह संवाद नए विश्वास की नींव अवश्य रख सकता है। अमेरिका और भारत यदि आपसी मतभेदों को पीछे छोड़कर साझा हितों पर ध्यान केंद्रित करें, तो यह सहयोग वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करेगा। दोनों देशों को चाहिए कि वे संवाद और समझदारी से विवादों का समाधान निकालते हुए नई संभावनाओं को साकार करें। विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं, जहां मिलकर काम करने से वैश्विक स्तर पर दोनों की साख और प्रभाव और अधिक मजबूत होगा।

### प्रसंगवश

## बदल रहा है किशोरों का मानसिक 'डीएनए'

वर्ष 2024 के आखिर तक दुनिया में स्मार्ट फोन प्रयोग करने वालों की संख्या सात अरब 20 करोड़ तक पहुंच गई थी। इनमें से 49 प्रतिशत किशोर और युवजन हैं, जिनमें से 20 प्रतिशत अर्थात तरकीबन एक अरब ऐसे हैं, जो सेल फोन का इस्तेमाल गैर-अकादमीय उद्देश्य से करते हैं। दुनिया में करीब सात अरब लोगों के पास निजी इस्तेमाल के लिए समार्ट फोन हैं। टेलिकॉम सेक्टर में हालांकि 15 वर्ष से कम किशोरवय प्रयोगकर्ताओं के बारे में कॉम्प्रेहेंसिव मॉडयूलर सर्वे 2025 में डाटा उपलब्ध नहीं है, फिर भी 15 से 29 वर्ष के आयु के बीच के व्यक्तियों के डाटा में से 15 से 19 वर्ष की उम्र के किशोरों की संख्या आधी भी लगाएं तब भी अनुमान है कि इनमें से 95 प्रतिशत अर्थात 30 करोड़ से अधिक बच्चे सेल फोन इस्तेमाल करते हैं। 14-16 वर्ष की आयु के बीच के 76 प्रतिशत किशोर स्मार्ट फोन का इस्तेमाल भारत में करते हैं। दो सितंबर 2025 को जारी की गई ऐनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट से भी उक्त डाटा की पुष्टि होती है।




रनबीर सिंह
वरिष्ठ पत्रकार


भारत के किशोर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जरूरत से ज्यादा समय बिताते हैं। इंडियन साइकियाट्री जर्नल के फरवरी 2025 के अंक में एक अध्ययन 'इज इट टाइम फॉर इंडिया' तो 'सेट सोशल मीडिया एज लिमिट्स फॉर एडोलैसैंट्स' छापा गया है, जो हमारी चिंता को बढ़ाता है। किशोरों को उनके माता-पिता इसलिए सेल फोन दिलाते हैं कि उन्हें बच्चे की सुरक्षा की दरकार होती है और वे हर समय लड़के या लड़की से कांटेक्ट में रहना चाहते हैं, ताकि उनकी गतिविधियों पर नजर रख कर खुद चिंता मुक्त रह सकें और इमरजेंसी होने पर उन तक पहुंच सकें, लेकिन सेल फोन से वे यू-ट्यूब उतेजक और मार-धाड़ या रोमांचक विषयों वाली विडियो क्लिप्स एवं फिल्में आदि भी देखते हैं। भारत में सॉफ्ट साइबर अपराधों पर पुलिस नजर नहीं रखती, क्योंकि यह क्राइम के दायरे में नहीं है, लेकिन साइकोलॉजिकल तरीके से देखें तो यह एक सीमा का उल्लंघन जरूर होता है।

सेल फोन आने के बाद माता-पिता और दादा-दादी की पीढ़ी के लोग किशोरवय के अपने बच्चों के मानसिक स्वस्थ्य जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। इससे हमारे बच्चे नियमित सामान्य जीवन यापन के ढर्रे से बिलकुल अलग तरह से विकसित हो रहे हैं। हमारे देश के लिए सेल फोन इस्तेमाल के लिए डाटा जुटाना और रेगुलेशन एक चुनौती बन चुका है, जिसके बारे में देश के फॉरेंसिक साइकियाट्रिस्ट्स कुछ समय से आगाह कर रहे हैं। हमारे किशोर बच्चों का मानसिक 'डीएनए' बदल रहा है।

इंडियन साइकियाट्री जर्नल में प्रकाशित अध्ययन का सार यह है कि भारतीय किशोरों के जीवन में सोशल मीडिया पर समय बिताना एक नशे की तरह तेजी से फैल गया है। किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य, ऑनलाइन सुरक्षा और डिजिटल साक्षरता के क्षेत्र में जाहिरा लाभों और चुनौतियों का एक जटिल मिश्रण विशेष रूप से प्रस्तुत करता है। सेल फोन देने के बाद इस्तेमाल पर हालांकि किशोर बच्चों पर प्रतिबंध या पूर्ण प्रतिबंध लगाना उन्हें साइबर धमकी या हानिकारक सामग्री के संपर्क में से आने से बचाना है और स्क्रीन समय में वृद्धि जैसे जोखिमों से सुरक्षा प्रदान कर सकता है, परंतु प्रतिबंध के जो संभावित खतरे नजर आते हैं, उनमें डिजिटल बहिष्कार, सहकर्मी सहायता नेटवर्क में व्यवधान, शैक्षिक और मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों तक सीमित पहुंच शामिल है। स्क्रीन समय में वृद्धि का एक दुष्परिणाम है स्क्रीन से निकलने वाले ब्लू रेज की वजह से आंखों की झिल्ली से खून का रिसना और दृष्टि का नुकसान।

## आसान नहीं है देशभर में एसआईआर







रोहित माहेश्वरी
स्वतंत्र पत्रकार


बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का काम पूरा होते ही चुनाव आयोग अब बिहार की तर्ज पर देश भर में एसआईआर कराएगा। इसकी शुरुआत अक्टूबर के पहले हफ्ते से हो सकती है। चुनाव आयोग ने बीते दिनों सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ चर्चा में एसआईआर से जुड़ी तैयारियों को जांचा। साथ ही बिहार में कराए गए एसआईआर के दौरान दिए गए दिशा-निर्देशों का बारीकी से अध्ययन करने के निर्देश दिए।

एसआईआर पर विपक्ष लगातार विरोध जता रहा है। संसद के मानसून सत्र में सड़क से लेकर संसद तक एसआईआर का विपक्ष ने जमकर विरोध किया। विपक्ष के विरोध के बावजूद चुनाव आयोग ने एसआईआर नहीं रोका। बिहार में एसआईआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। इस दिन बिहार की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित हो जाएगी। एसआईआर का मामला सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंचा है। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलों को ध्यान से सुना और चुनाव आयोग को दिशा निर्देश भी दिए।

आवश्यकता इस बात की है कि यह अभियान प्रभावी ढंग से चलाया जाए, भले ही इसमें कुछ विलंब हो। बिहार के अनुभव ने इस आवश्यकता पर और अधिक बल दिया है कि पूरे देश में मतदाता सूचियों का सत्यापन होना चाहिए। सच तो यह है कि यह कार्य एक निश्चित अंतराल बाद होते रहना चाहिए। यह ठीक नहीं कि बिहार में 2003 के बाद अब जाकर मतदाता सूची के सत्यापन करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकी।

> बिहार में एसआईआर का काम इसी महीने 30 सितंबर को पूरा हो रहा है। इसके बाद पूरे देश में इस अभियान को शुरू करने की तैयारी है। चुनाव आयोग के लिए आगे की राह कठिन रहने वाली है।

चुनाव आयोग देश भर में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने की योजना बना रहा है। हाल ही में बिहार में चल रही इस प्रक्रिया से उपजे राजनीतिक प्रतिवाद को देखते हुए यह एक चुनौतीपूर्ण कार्य होगा। उल्लेखनीय यह भी है कि आसन्न चुनाव वाले राज्य बिहार में एसआईआर की प्रक्रिया न्यायिक जांच के दायरे में है। दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र के रूप में मान्यता दी जानी चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि यह सुनिश्चित करना आयोग का दायित्व है कि कोई भी पात्र नागरिक मताधिकार के मौलिक हक से वंचित न रहे।

इसमें दो राय नहीं कि देश में पड़ोसी मुल्कों के नागरिकों की बड़े पैमाने पर घुसपैठ गाहे-बगाहे होती रही है। कुछ लोग बेहतर भविष्य की तलाश में गैर-कानूनी तरीके से भारत में घुस आते हैं। फिर कतिपय वोट बैंक के ठेकेदारों, दलालों व भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से जाली कागजात बनवाकर वोट डालने के अधिकारी बन जाते हैं। निःसंदेह, यह गैर-कानूनी है और इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगना ही चाहिए। ऐसे में मतदाता सूची में त्रुटियों और विसंगतियों को दूर करने के लिए तथा अवैध प्रवासियों को बाहर निकालने के लिए अखिल भारतीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग को एसआईआर की प्रक्रिया आगे बढ़ाने में सत्तारूढ़ दल के असहयोग के साथ अन्य चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। एक बड़ी चुनौती उन दस्तावेजों के सत्यापन की हो सकती है, जिनके आधार पर कोई अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए दस्तावेजों में आधार को भी शामिल कर लिया है। बांग्लादेश से अवैध तरीके से आए लोगों ने मतदाता पहचान पत्र के साथ आधार और अन्य अनेक वे दस्तावेज हासिल कर लिए हैं, जिनसे सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है और साथ ही खुद को भारतीय नागरिक बताया जा सकता है। यह कोई अच्छी स्थिति नहीं कि गैरभारतीय नागरिक फर्जी प्रमाण पत्रों अथवा गलत जानकारी के आधार पर भारतीय नागरिक होने के पहचान पत्र हासिल कर लें और अंततः मतदाता भी बन जाएं। ऐसे लोग केवल भारतीय लोकतंत्र के साथ छल करने वाले ही नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए खतरा भी हो सकते हैं।

कोई भी चुनाव हो, उसमें मतदान करने का अधिकार केवल भारतीय नागरिकों को ही मिलना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर पर मतदाता सूचियों में संशोधन अपरिहार्य है, लेकिन इसके साथ ही यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और सरल होनी जरूरी है, जिसमें वास्तविक नागरिकों के हितों तथा चिंताओं को प्राथमिकता दी जाए। चुनाव आयोग को विश्वास की कमी को पाटने के लिए सभी हितधारकों को एक साथ लाने और इस धारणा को दृढ़ता से दूर करने की आवश्यकता होगी कि उसकी इस कार्रवाई से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर केंद्र के सत्तारूढ़ दल को लाभ नहीं पहुंचता है।

बीते अगस्त में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल के नेता बिहार के सासाराम में चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' का आरोप लगाते हुए एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इसके कुछ ही मिनटों के बाद सासाराम से करीब 900 किलोमीटर दूर देश की राजधानी दिल्ली में चुनाव आयोग की तरफ से इन आरोपों पर जवाब देने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि बीजेपी और चुनाव आयोग मिलकर 'वोट चोरी' कर रहे हैं और 'बिहार में एसआईआर वोट चोरी करने की कोशिश' है। जिस तरीके से विपक्ष वोट चोरी के आरोप लगा रही है और चुनाव आयोग को लगातार निशाने पर लिए हुए है, ऐसे में देशभर में जहां एनडीए की सरकार नहीं है, वहां एसआईआर की राह में मुश्किलें खड़ी होना लाजिमी है। अब यह देखना अहम होगा कि चुनाव आयोग राजनीतिक दलों के विरोध से निपटकर एक साफ सुथरी वोटर लिस्ट कैसे तैयार करता है!

### आमने सामने



हाफिज सईद के बाद अब शाहिद आफरीदी राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं, हैरानी नहीं है। भारत से नफरत करने वाले हर व्यक्ति को राहुल गांधी और कांग्रेस में एक साथी मिल जाता है।
**-शहजाद पूनावाला**
प्रवक्ता
भारतीय जनता पार्टी

सत्ता रूढ़ पार्टी को कांग्रेस से सवाल पूछने में शर्म आनी चाहिए, जबकि वह खुद उनसे (शाहिद आफरीदी) संबंध रखे हुए है। आप मीठी-मीठी बातें करते हैं, आप दोस्ती निभाते हैं और आप हमसे सवाल करते हैं।
**-सुप्रिया श्रीनेत**
प्रवक्ता, कांग्रेस पार्टी



## थोरियम देगा देश को महाशक्ति बनने की ऊर्जा




धर्मेंद्र दास बैरागी
शोधार्थी, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय


रॉकेट ब्वायज वेब सीरीज का वह सीन हम सभी को याद है, जब डॉ. होमी जहांगीर भाभा, जिन्हें कि हम आधुनिक भारतीय परमाणु शक्ति का पितामह कहते हैं, तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को उनके जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक छोटी सी डिबिया में एक पत्थर का टुकड़ा देते हैं और कहते हैं कि मैं आपके जन्मदिन के माध्यम से देश को इस छोटे से पत्थर से रोशनी एवं ऊर्जा का उपहार देना चाहता हूं। उस छोटे से पत्थर का नाम था, यूरेनियम। यूरेनियम परमाणु ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा या बिजली का निर्माण भी करता है तथा विध्वंसक परमाणु हथियारों का मूल भी यही है।

यूरेनियम जितना ऊर्जादाता है उतना ही विध्वंसक भी। भारत के पास इस यूरेनियम तत्व की कमी भी है। हमें यूरेनियम के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह बात डॉ. भाभा बहुत ही अच्छी तरह से जानते थे, इसलिए उन्होंने परमाणु ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा या बिजली के निर्माण के लिए त्रिस्तरीय योजना का खाका तैयार कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस योजना के तीसरे स्तर में भारत जिस तत्व का उपयोग कर अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बन सकता है, उस तत्व का नाम है थोरियम। दुनिया भर में थोरियम का सबसे बड़ा भंडार भारत में है। दुनिया भर के 60 लाख टन थोरियम भंडार में से तकरीबन 10 लाख टन थोरियम का भंडार भारत के उडीशा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्यों के समुद्री तटों पर है।

> भारत ऊर्जा की खपत में दुनिया में तीसरे स्थान पर है। यदि हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है तो बहुत ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी।

आज जब भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के कारण व्यापार घाटे के बोझ तले, अपनी संवृद्धि दर को तेज नहीं कर पा रहा, तब हमें इस थोरियम के माध्यम से अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए इसके उपयोग की आवश्यकता है। हम यह जानते हैं कि जिन भी देशों ने विकास करना चाहा है, उनके लिए सबसे पहली जरूरत ऊर्जा की रही है। भारत आज ऊर्जा की खपत में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और यदि हमें एक विकसित राष्ट्र बनना है तो बहुत ज्यादा ऊर्जा की आवश्यकता होगी, जो कि हम केवल कोयला या कच्चे तेल के माध्यम से पूरी नहीं कर सकते।

डॉ. भाभा ने जिस त्रिस्तरीय परमाणु ऊर्जा अभियान की योजना बनाई थी, उसके प्रथम चरण की शुरुआत भारत ने लगभग पांच दशक पूर्व ही कर दी थी। इसमें प्राथमिक परमाणु रिएक्टरों की नींव स्वयं डॉ. भाभा ने रख दी थी, जिन्हें PHWR (Pressurised Heavy Water Reactors) कहा जाता है। इन रिएक्टरों से प्राकृतिक यूरेनियम U238 को अत्यंत तीव्र दाब से पानी के साथ डालकर बिजली बनाई जाती है एवं अपशिष्ट रूप में प्लुटोनियम P239 प्राप्त किया जाता है जो अगले चरण के लिए आवश्यक है। यूरेनियम को 5 से 20 प्रतिशत शुद्ध करके ही बिजली का निर्माण हो सकता है, जबकि यूरेनियम को 90% शुद्ध करके परमाणु हथियारों का निर्माण किया जाता है। भारत में वर्तमान में 22 PHWR रियेक्टर हैं, जिनकी क्षमता 8180MWe बिजली बनाने की है। इनके अतिरिक्त भारत 700MW क्षमता वाले 10 और रिएक्टरों को बना रहा है। भारत ने पहले चरण में सफलता पा ली है।

दूसरे चरण में Fast Breeder Reactors (FBRs) के माध्यम से जो कि प्लुटोनियम से चलते हैं और थोरियम Th232 से U233 का निर्माण करते हैं। फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) एक परमाणु रिएक्टर है, जो उपजाऊ सामग्री, जैसे U238 या Th232, के विकिरण द्वारा खपत से अधिक विखंडनीय सामग्री उत्पन्न करता है, जिसे विखंडनीय ईंधन के साथ रिएक्टर में लोड किया जाता है। इन्हें विद्युत उत्पादन के लिए परमाणु ईंधन आपूर्ति बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। वर्तमान में भारत ने इन एफबीआर के प्रोटोटाइप यानी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) बनाने का प्रयास किया है, जिसका निर्माण वर्तमान में कलपक्कम (तमिलनाडु) में मद्रास परमाणु ऊर्जा स्टेशन में किया जा रहा है। यह एक 500 मेगावाट विद्युत (एमडब्ल्यूई) फास्ट-ब्रीडर परमाणु रिएक्टर है, यह मिश्रित ऑक्साइड (Mox) ईंधन द्वारा संचालित होता है।

तीसरा चरण थोरियम Th232 और U233 के Mox या Th232 और Pu239 के Mox मिश्रण चक्र पर आधारित होगा। थोरियम स्वयं एक विखंडनीय तत्व नहीं है। यह एक उर्वरक की तरह काम करके और भी ज्यादा यूरेनियम U233 बनाकर उससे बिजली बनाने में सक्षम होगा। दूसरे चरण में उत्पादित U233 तथा Pu239 का उपयोग ऊर्जा कार्यक्रम के तीसरे चरण में किया जा सकता है, जिसमें दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए उन्नत तापीय और तीव्र प्रजनक रिएक्टर शामिल हैं। इसके लिए उन्नत भारी जल रिएक्टर Advanced Heavy Water Reactors (AHWR) प्रस्तावित हैं। भारत के सामने इन रिएक्टरों को बनाने की एक चुनौती यह भी है कि इन रिएक्टर को बनाने का खर्च बहुत ज्यादा है, जिसके लिए बहुत ज्यादा निवेश की आवश्यकता है। हम इसमें तीव्र विकास नहीं कर पाए हैं। किंतु भारत के प्रचुर थोरियम भंडार का लाभ उठाते हुए, यह चरण परमाणु ईंधन आवश्यकताओं के लिए दीर्घकालिक समाधान प्रदान करता है, तथा सतत ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करता है।

### सोशल फोरम

## कभी यमन का पवित्र पेय हुआ करती थी कॉफी

डच व्यापारियों ने 1600 के दशक में यमन से कॉफी के पौधे चुरा लिए और उन्हें इंडोनेशिया के जावा द्वीप में एक कठोर पर्यावरण में उगाने में सफलता हासिल कर ली। ये कठोर पर्यावरण के बागान यूरोप को असीमित कॉफी बीन्स उपलब्ध कराते थे, जिससे पूरे महाद्वीप में कॉफी का जुनून छा गया।




शुएब गाजी
ब्लॉगर


यह फसल इतनी सफल रही कि 'जावा' यूरोप और अमेरिका में कॉफी का दूसरा नाम बन गया। औपनिवेशिक शोषण की एक विरासत भी, जो आज भी हमारी किताबों में मौजूद है।

यमन में पवित्र पेय से लेकर जावा में वैश्विक वस्तु तक, कॉफी ने विश्व व्यापार और संस्कृति को नया रूप दिया। 9वीं–10वीं सदी, इथियोपिया (काफा क्षेत्र) में कॉफी के पौधे की खोज सबसे पहले खालिद नाम के एक चरवाहे ने की थी। शायद इसीलिए इसका नाम कॉफी पड़ा। 11वीं सदी में ये कॉफी अरब जगत (यमन) पहुंची और सूफी-संत इसे रातभर इबादत और ध्यान के लिए पीने लगे, ताकि नींद न आए।

15वीं सदी– यमन में मोचा (Mocha) बंदरगाह से कॉफी का व्यापार शुरू हुआ।

16वीं सदी– मक्का, काहिरा, दमिश्क और इस्तांबुल तक कॉफी हाउस (कहवा खाना) खुल गए। कॉफी उस दौर में एक 'पवित्र पेय' और सामाजिक मेलजोल का साधन थी।

1600 के दशक में डच व्यापारियों ने यमन से चोरी करके कॉफी के पौधे बाहर निकाले और इस तरह 1616 में पहली बार यूरोप में कॉफी लाई गई।

1650–1700– इंग्लैंड, फ्रांस और इटली में कॉफी हाउस खुलने लगे, वहां कॉफी हाउस को 'पैनी यूनिवर्सिटी' कहा जाता था, क्योंकि यहां लोग एक पैनी देकर कॉफी और ज्ञान दोनों लेते थे।

1600 से 1700 के दौर में डचों ने इंडोनेशिया (जावा) में कॉफी की खेती करवाई और फिर 'Java' शब्द कॉफी का पर्याय बना गया। 1720 में फ्रांसीसी उपनिवेशों (कैरेबियन, मार्टिनीक) में कॉफी पहुंची।

1700 के अंत तक– ब्राजील कॉफी उत्पादन का केंद्र बन गया और आगे चलकर दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बना।

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## लड़कियों से किताबों के साथ सपने भी छूट जाते हैं

शिक्षा हर किसी के लिए जरूरी है, लेकिन लड़कियों और विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों के लिए शिक्षा प्राप्त करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। उनके लिए सबसे बड़ा सवाल सिर्फ पढ़ाई नहीं बल्कि सुरक्षित और सहज शिक्षा तक पहुंच का होता है। यह सफर उनके लिए बहुत आसान नहीं, क्योंकि गांवों में शिक्षा से जुड़ी कई समस्याएं हैं, जिनसे हर रोज उन्हें गुजरना पड़ता है। मुख्य रूप से स्कूल तक पहुंचने का लंबा रास्ता, परिवहन की कमी, कभी बारिश तो कभी तेज धूप जैसी प्राकृतिक मुश्किलें, लड़कियों के लिए बड़ी रुकावट बन जाती हैं। ऐसी चुनौतियां देश के किसी एक राज्य के ग्रामीण क्षेत्र की नहीं, बल्कि सभी जगह ऐसी ही स्थितियां देखने को मिल जाती हैं। जब किशोरियां अपने गांव से स्कूल तक जाती हैं, तो वह सिर्फ किताबों का बोझ ही नहीं उठातीं, बल्कि सुरक्षा, सुविधा और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ भी उठाती हैं।




जशोदा
एक्टिविस्ट


राजस्थान के शिक्षा विभाग की 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट बताती है कि राज्य के 35% सरकारी स्कूलों में अभी भी शौचालय की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध नहीं है। यह स्थिति खासकर लड़कियों की उपस्थिति पर गहरा असर डालती है। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में लड़कियां केवल शौचालय न होने के कारण पीरियड्स के दिनों में स्कूल नहीं जातीं। यह आंकड़ा केवल बुनियादी सुविधा की कमी नहीं, बल्कि शिक्षा से लड़कियों को दूर धकेलने वाला एक मौन कारण भी है। इस मुद्दे को यदि मानवीय दृष्टिकोण से देखें तो यह समस्या सिर्फ अधूरी इमारतों या सुविधाओं की नहीं है, बल्कि यह लड़कियों के आत्मसम्मान, उनकी गरिमा और उनके सपनों से जुड़ी है।

जब एक किशोरी को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़नी पड़ती है, तो वह केवल किताबें ही नहीं छोड़ती, बल्कि अपने भविष्य की संभावनाओं का भी एक हिस्सा पीछे छोड़ देती है। उसका सपना डॉक्टर, टीचर या अधिकारी बनने का अधूरा रह जाता है और उसकी दुनिया फिर से घरेलू जिम्मेदारियों में सीमित हो जाती है।

हकीकत यह है कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि समानता की दिशा में पहला कदम है। जब लड़कियां स्कूल तक नहीं पहुंच पातीं, तो यह लैंगिक असमानता को और गहरा करता है। आंकड़े भी यही बताते हैं। राजस्थान की साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार 66.1% थी, जिसमें पुरुषों की साक्षरता दर 80.5% और महिलाओं की मात्र 52.1% थी। बीकानेर जिले में भी यही असमानता दिखती है, जहां पुरुष साक्षरता दर 75.9% और महिला साक्षरता दर सिर्फ 49.4% है। यह अंतर इस बात का प्रमाण है कि लड़कियों की शिक्षा को लेकर आज भी समाज और व्यवस्था दोनों स्तरों पर पर्याप्त जागरूकता नहीं आई है।

इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि केवल स्कूलों का निर्माण कर देने से समस्या का पूरी तरह से समाधान नहीं हो जाता है। जब तक बुनियादी ढांचा, सुरक्षित परिवहन और सामाजिक दृष्टिकोण में बदलाव नहीं आएगा, तब तक ग्रामीण किशोरियां शिक्षा के सपनों तक नहीं पहुंच पाएंगी। जरूरी है कि सरकार शिक्षा पर निवेश और बढ़ाए। राजस्थान में 2023-24 के बजट में शिक्षा पर कुल खर्च राज्य की जीडीपी का लगभग 2.8% रहा है, जो कि पर्याप्त नहीं माना जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में खासकर लड़कियों के लिए सुरक्षित परिवहन, साइकिल योजना और स्कूलों में शौचालय जैसी सुविधाओं को प्राथमिकता देनी होगी। दूसरे, समाज को यह समझना होगा कि शिक्षा सिर्फ लड़कों के लिए नहीं, बल्कि लड़कियों के लिए भी उतनी ही जरूरी है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।




# इंजीनियरिंग
# अब कम होंगी कंप्यूटर साइंस की सीटें

पिछले दशक में इंजीनियरिंग की कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग जैसी टेक्नोलॉजी उन्मुख शाखाएं छात्रों और कॉलेजों, दोनों की पहली पसंद बन गई थीं। कारण स्पष्ट हैं कि उच्च सैलरी, नौकरी के ग्लोबल अवसर, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी उद्योग की होड़ और डिजिटल इंडिया की महत्वाकांक्षाएं। इस सफलता की चमक ने यह सोच दी कि जितना हो सके सीएसई में सीटें बढ़ाओ। तेलंगाना हाईकोर्ट के ताजा फैसले ने एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया है कि कितनी बढ़ी हुई सीएसई सीटें अभी मांग के अनुरूप हैं? क्या यह वृद्धि स्थिर है या सिर्फ इरादा मात्र है? अगर यह मांग कम हो गई तो क्या भविष्य में बेरोजगारी की लौ में झुलसेंगे छात्र?

हाल ही में तेलंगाना हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के उस फैसले को सही ठहराया, जिसमें कहा गया कि कंप्यूटर साइंस (सीएसई) की सीटें अब और नहीं बढ़ाई जा सकतीं। जिन कॉलेजों ने मनमानी करते हुए हजारों सीटें जोड़ ली थीं, उनकी संख्या घटाई जाएगी। कोर्ट का तर्क साफ था मांग और आपूर्ति का संतुलन बिगड़ना खतरनाक है। तेलंगाना के इस आदेश ने न सिर्फ वहां के प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेजों को झटका दिया, बल्कि पड़ोसी राज्यों के लिए भी चेतावनी की घंटी बजा दी। खासकर कर्नाटक ने तो तुरंत संकेत दे दिए हैं कि वे भी इसी दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं।



राजेश जैन
स्वतंत्र पत्रकार



## तेलंगाना से कर्नाटक तक

तेलंगाना के फैसले के बाद अब कर्नाटक के उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा है कि वे भी सीएसई सीट फ्रीज करने का नियम लाने पर विचार कर रहे हैं। इससे बड़े यानी टीयर-1 शहरों में प्राइवेट कॉलेजों का अनियंत्रित विस्तार रुकेगा और भविष्य की बेरोजगारी कम होगी। यदि कर्नाटक ऐसा करता है, तो महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों पर भी दबाव बनेगा। एक बार यह सिलसिला शुरू हुआ तो यह पूरे भारत की इंजीनियरिंग शिक्षा व्यवस्था को प्रभावित करेगा।

## अब क्या होगा

सीएसई सीटें घटेंगी तो एडमिशन की दौड़ और भी कठिन हो जाएगी। छात्रों को मजबूरी में अन्य शाखाओं जैसे- मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल, केमिकल की ओर रुख करना होगा। कॉलेज भी चालाकी दिखाएंगे और कहेंगे कि सीएसई नहीं तो एआई/डेटा साइंस ले लो, लेकिन सरकारें उन पर भी सीमा तय कर सकती हैं। इसलिए अब वह दौर आने वाला है जब छात्रों को अपनी सोच बदलनी होगी और सिर्फ सीएसई पर निर्भर नहीं रहना होगा।

## इंजीनियरिंग कॉलेजों की शिक्षा का बड़ा सवाल

भारत में इंजीनियरिंग कॉलेजों की सबसे ज्यादा संख्या महाराष्ट्र, कर्नाटक, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में है। यदि इन राज्यों ने सीएसई सीटों पर रोक लगा दी तो राष्ट्रीय स्तर पर बड़ा असर दिखेगा। इंजीनियरिंग शिक्षा का संतुलन फिर से पारंपरिक शाखाओं की ओर झुक सकता है। इससे इंडस्ट्री की जरूरतें भी पूरी होंगी और सभी सेक्टर्स के लिए स्किल्ड इंजीनियर तैयार होंगे।



## क्यों बढ़ी कंप्यूटर साइंस की सीटें

पिछले कुछ वर्षों में आईटी सेक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और मशीन लर्निंग की तेजी से बढ़ती मांग ने छात्रों व कॉलेजों दोनों को आकर्षित किया। यहां प्लेसमेंट पैकेज और नौकरी के मौके ज्यादा दिख रहे थे। इसलिए सीएसई छात्रों की पहली पसंद बन गई। कॉलेजों ने इसे सुनहरा मौका समझा और एआईसीटी (ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) से अप्रूवल लेकर बड़ी संख्या में सीटें बढ़ानी शुरू कर दीं। कुछ कॉलेजों ने तो हद ही कर दी। जहां पहले 200-300 सीटें थीं, वहां अचानक 1500-2000 सीएसई सीटें कर दी गईं।

## एआईसीटी का रोल और विवाद

एआईसीटी का नियम है कि कोई भी कॉलेज बिना उसकी मंजूरी के सीट नहीं बढ़ा सकता, लेकिन हाल के वर्षों में संस्था ने काफी लचीला रवैया अपनाया। यदि किसी कॉलेज के पास बिल्डिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर है, तो उसे सीटें बढ़ाने की इजाजत मिल जाती थी। कॉलेज इस नियम का फायदा उठाकर बड़ी संख्या में सीटें सीएसई में ट्रांसफर करने लगे। समस्या यह है कि एआईसीटी की मंजूरी तकनीकी आधार पर थी, जबकि मार्केट की वास्तविक मांग और भविष्य की संभावनाओं का आकलन नहीं हुआ। यही वजह है कि अब राज्य सरकारें और अदालतें हस्तक्षेप कर रही हैं।

## भविष्य की चुनौती: मांग बनाम आपूर्ति

सीएसई और एआई की डिमांड अभी ऊंचाई पर है, लेकिन कोई भी मार्केट अनंत नहीं होता। यदि सीटें लगातार बढ़ती रहीं तो कुछ वर्षों बाद बेरोजगारी का खतरा बढ़ेगा। टेक सेक्टर में छंटनी पहले से देखने को मिल रही है। दूसरी ओर मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रिकल जैसी पारंपरिक शाखाओं में दाखिला लेने वाले छात्रों की संख्या घट रही है। सरकारों को डर है कि यदि यही ट्रेंड जारी रहा तो भारत के पास पुल बनाने वाले इंजीनियर, स्टील इंडस्ट्री के विशेषज्ञ या इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियर नहीं बचेंगे।




## संतुलन ही समाधान

कंप्यूटर साइंस आज की तारीख में चमकदार ब्रांच है, लेकिन हर चमकदार चीज हमेशा टिकाऊ नहीं होती। सरकार और कोर्ट की दलील यही है कि सिर्फ अल्पकालिक डिमांड देखकर सीटें बढ़ाना दूरदर्शिता नहीं है। छात्रों को भी चाहिए कि वे बाकी शाखाओं की संभावनाओं को समझें। इंफ्रास्ट्रक्चर, ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, एनर्जी जैसे सेक्टर भी भारत की रीढ़ हैं। आने वाले दो-तीन साल में यह नियम पूरे देश में लागू हो सकता है। ऐसे में छात्रों, अभिभावकों और कॉलेजों को अपनी रणनीति अभी से बदलनी होगी। कुल मिलकर तेलंगाना का कोर्ट यह फैसला भारत के इंजीनियरिंग शिक्षा इतिहास में एक टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। यह न सिर्फ सीएसई की अंधी दौड़ को थामेगा, बल्कि बाकी इंजीनियरिंग शाखाओं को भी नया जीवन देगा।



### जॉब अलर्ट

**रेलवे सेक्शन कंट्रोलर की वैकेंसी**
- पद का नाम – कंट्रोलर
- कुल पद – 368
- योग्यता – ग्रेजुएट
- अंतिम तिथि – 14/10/2025
- आधिकारिक साइट- indianrailways.gov.in



**मध्य प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती**
- पद का नाम – कांस्टेबल
- कुल पद – 7500
- योग्यता – 10 वीं
- अंतिम तिथि –29/09/2025
- आधिकारिक साइट- esb.mp.gov.in

**बीपीएससी हेड ऑफ डिपार्टमेंट वैकेंसी**
- पद का नाम – एचओडी
- कुल पद – 218
- योग्यता – इंजीनियरिंग
- अंतिम तिथि – 30/09/2025
- आधिकारिक साइट- bpsc.bihar.gov.in



**एचएलएल लाइफकेयर (एचएलएल)**
- पद का नाम – एचएलएल उप प्रबंधक
- कुल पद – 24
- योग्यता – बी.फार्मा, एमबीए/पीजीडीएम की डिग्री
- आयु सीमा – 37 वर्ष
- अंतिम तिथि – 01-10-2025
- आधिकारिक साइट-lifecarehll.com

**एएआई जूनियर एग्जीक्यूटिव भर्ती**
- पद का नाम – एएआई जूनियर एग्जीक्यूटिव
- कुल पद – 976
- योग्यता – बी.आर्क, बी.टेक/बीई, एमसीए
- आयु सीमा – 27 वर्ष
- अंतिम तिथि – 27-09-2025
- आधिकारिक साइट-aai.aero

# टाइम मैनेजमेंट और स्ट्रैटजी से करें बैंक जॉब के सपने को साकार

बैंकिंग सेक्टर के प्रति युवाओं का क्रेज हमेशा से रहा है। जिन युवाओं का सपना बैंक में करियर बनाने का है उनके लिए बहुत ही सुनहरा अवसर है। हाल ही में इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सेलेक्शन (आईबीपीएस) के तहत क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ने क्लर्क और अधिकारी के पदों पर 13217 भर्तियां निकली हैं। इसकी तैयारी करके युवा अपने बैंक जॉब के सपने को पूरा कर सकते हैं। आज हम आपको आरआरबी परीक्षा की तैयारी के कुछ महत्वपूर्ण टिप्स बता रहे हैं, जो आपको परीक्षा क्रैक करने में मददगार साबित हो सकते हैं।



## परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम को समझें

आईबीपीएस आरआरबी परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों को परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम की जानकारी होनी अति आवश्यक है। पाठ्यक्रम के अनुसार तैयारी के दौरान यह जरूरी होता है कि प्रारंभिक व मुख्य परीक्षा के लिए सभी विषय कवर हो जाएं।

- स्टडी प्लान बनाएं : किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए आपको स्टडी प्लान बनान बेहद जरूरी है, जिसमें सभी विषय शामिल होने चाहिए।
- शक्तियों और कमजोरियों पर फोकस करें : कमजोर विषय और टॉपिक की पहचान कर और उन पर पहले काम करें।
- स्पीड और सटीकता पर ध्यान दें : प्रश्नों को करने में शीघ्रता और सटीकता से हल करने का रोज अभ्यास करें।
- विषय का बेस मजबूत करें : सभी विषय का बेस मजबूत करें। विशेषतः रीजनिंग और क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड में अपना बेस मजबूत करें। साथ ही क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड और रीजनिंग में उच्च-स्तरीय प्रश्नों का अभ्यास करें।
- नियमित रिवीजन : किसी परीक्षा को पास करने के लिए नियमित रिवीजन करना बेहद की आवश्यक है। यह दिन की सबसे महत्वपूर्ण गतिविधि है। नियमित रूप से रिजीवन करने से आपकी तैयारी सही दिशा में बनी रहती है।



- भाषा कौशल में सुधार : व्याकरण, शब्दावली और समझ को बढ़ाएं।
- करेंट अफेयर्स की तैयारी : समसामयिक मामलों और बैंकिंग समाचारों से अपडेट रहें। प्री की परीक्षा की तैयारी के साथ ही मेन्स के लिए रोज करेंट अफेयर्स भी तैयार करते हुए चलें। साथ ही बैंकिंग, वित्त और समसामयिक मामलों के बारे में जानकारी रखें।
- नेतृत्व कौशल विकसित करें : चर्चा में भाग लें और नेतृत्व के बारे में पढ़ें।
- संचार कौशल में सुधार करें : अंग्रेजी में लिखने और बोलने का अभ्यास करें।
- समय प्रबंधन : परीक्षा की तैयारी और मॉक टेस्ट के दौरान कुशल समय प्रबंधन का अभ्यास करें, ताकि परीक्षा देते समय निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रश्नों के हल कर लें।
- नियमित मॉक टेस्ट और विश्लेषण : सिर्फ मॉक टेस्ट देना ही काफी नहीं होगा, बल्कि गलतियों का विश्लेषण कर और सुधार करने पर ध्यान केंद्रित करें।
- अपने दिमाग को स्वस्थ रखें: परीक्षा की तैयारी के दौरान अपना खान-पान सही रखें। आहार में पौष्टिक चीजों को शामिल करें। पर्याप्त नींद लें, साथ ही पढ़ाई के दौरान कुछ मिनट का ब्रेक लें। सबसे महत्वपूर्ण बात ऐसी किसी भी तरह की गतिविधियों से बचें, जिसमें आपका दिमाग डायवर्ट होता हो।

## कैसे बनाएं रणनीति

हर साल बढ़ती प्रतिस्पर्धा के साथ, सही रणनीति का पालन, प्रश्नों की सटीकता पर ध्यान केंद्रित, समय का कुशल प्रबंधन करना और अपने स्कोर को अधिकतम करने के लिए मॉक टेस्ट के साथ अभ्यास करना बेहद महत्वपूर्ण है। चाहे आप ऑफिस असिस्टेंट या ऑफिसर स्केल पदों के लिए तैयारी कर रहे हों, विषयवार अभ्यास, समय प्रबंधन और मॉक टेस्ट का एक स्मार्ट मिश्रण आपको अपने लक्ष्य में सफलता दिला सकता है।



### नई किताबें

## एलटी ग्रेड टीजीटी के लिए श्रृंखला

- यूपी एलटी ग्रेड सहायक अध्यापक (टीजीटी) प्री परीक्षा 2025-26 - विजय चक्र श्रृंखला पेपर 1: सामान्य अध्ययन (सामान्य अध्ययन), पेपर 2: कंप्यूटर, और पेपर 2: इतिहास (इतिहास) के लिए पूरी तैयारी प्रदान करती है, जो पूरी तरह से नवीनतम यूपीपीएससी पाठ्यक्रम पर आधारित है। पेपर 1 में 30+ अभ्यास सेट और हल किए गए पेपर 2018 शामिल हैं, जबकि पेपर 2 (कंप्यूटर और इतिहास) में हल किए गए पेपर 2018 के साथ प्रत्येक में 13 अभ्यास सेट हैं, जो पिछले परीक्षा रुझानों में व्यापक अभ्यास और अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। कैप्सूल बेस्ट एजुकेटर नोट्स त्वरित याद के लिए संक्षिप्त, विषय-वार संशोधन प्रदान करते हैं। अद्यतन और परीक्षा-केंद्रित, सामग्री स्पष्ट स्पष्टीकरण और प्रगतिशील कठिनाई के साथ शुरुआती और उन्नत दोनों उम्मीदवारों के लिए उपयुक्त है।




## रीजनिंग के लिए उपयुक्त सामग्री

- आईबीपीएस बैंकिंग क्षेत्र के प्रमुख निकायों में से एक है, जो कई ऑनलाइन आधारित परीक्षणों के माध्यम से भाग लेने वाले बैंकों में उम्मीदवारों के निष्पक्ष और पारदर्शी चयन के लिए जिम्मेदार है। इसने हाल ही में प्रोबेशनरी ऑफिसर (पीओ) और मैनेजमेंट ट्रेनी (एमटी) के पद के लिए अपनी रोजगार अधिसूचना जारी की है, जो तीन चरणों में होगी- प्रारंभिक और मुख्य परीक्षा और उसके बाद एक सामान्य साक्षात्कार। '20 साल' (2009-2000) अध्यायवार हल किए गए पेपर बैंक पीओ रीजनिंग 'के वर्तमान संस्करण को उन अभ्यर्थियों के लिए सावधानीपूर्वक संशोधित किया गया है, जो आईबीपीएस पीओ, एसबीआई पीओ, राष्ट्रीयकृत बैंक पीओ और अधिक जैसे बैंकिंग परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। यह अभ्यास पुस्तक वैचारिक स्पष्टता के लिए 5000 से अधिक वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के साथ 20 अध्यायों में व्यवस्थित पर्याप्त मात्रा में हल किए गए प्रश्नपत्र प्रदान करती है। इसमें प्रैक्टिस सेट और 3 सॉल्व्ड पेपर भी शामिल हैं, जो अभ्यास को मजबूत करने और स्तर की प्रगति को ट्रैक करने और अभ्यर्थियों के कठिन और कमजोर क्षेत्रों को जानने में उनकी मदद करते हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए विभिन्न बैंक पीओ परीक्षाओं के लिए संपूर्ण अध्ययन संसाधन एक साथ लाते हुए। यह पुस्तक आरबीआई RBI ग्रेड I, आरआरबी स्केल I, बीमा क्षेत्र और अन्य परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी है।



## बिजनेस ब्रीफ

### पहली छमाही में चाय निर्यात में मामूली वृद्धि

**कोलकाता।** भारतीय चाय बोर्ड ने बुधवार को कहा कि वर्ष 2025 की पहली छमाही (जनवरी से जून) में भारत का चाय निर्यात मामूली रूप से बढ़कर 12 करोड़ 50.1 लाख किलोग्राम हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 12 करोड़ 45.7 लाख किलोग्राम था। इस वर्ष के पहली छमाही में उत्तर भारतीय चाय का निर्यात सात करोड़ 94.2 लाख किलोग्राम का हुआ, जबकि वर्ष 2024 की इसी अवधि में यह सात करोड़ 17.7 लाख किलोग्राम था। इसी प्रकार, दक्षिण भारत से इस पेय पदार्थ का निर्यात जनवरी से जून के दौरान घटकर चार करोड़ 55.9 लाख किलोग्राम रह गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह पांच करोड़ 28 लाख किलोग्राम था।

### ब्रिटेन में खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर

**लंदन।** ब्रिटेन में अगस्त के दौरान खुदरा महंगाई 3.8 प्रतिशत पर स्थिर रही। बुधवार को जारी आंकड़ों के बाद बैंक ऑफ इंग्लैंड गुरुवार को नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखने का फैसला कर सकता है। अगस्त में रेपो दर को घटाकर 4% किया गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (ओएनएस) के मुताबिक, अगस्त में खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतें पांचवें महीने बढ़ीं, जबकि हवाई किराये में जुलाई के मुकाबले तेज गिरावट आई। हालांकि, खुदरा मुद्रास्फीति अब भी ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के दो प्रतिशत लक्ष्य से लगभग दोगुनी है लेकिन अर्थशास्त्रियों के अनुमानों के उलट बढ़ी नहीं है।

### आयकर विभाग ने मैरिको के खिलाफ किया सर्वेक्षण

**मुंबई।** आयकर विभाग ने बुधवार को कर चोरी के आरोप में मैरिको समूह के विभिन्न व्यावसायिक परिसरों में सर्वेक्षण अभियान चलाया। यह कार्रवाई विभाग की मुंबई जांच शाखा द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया कि कर विभाग की टीमें कर चोरी की जांच के तहत कंपनी के वित्तीय दस्तावेजों और लेनदेन की जांच कर रही हैं। आयकर कार्रवाई पर टिप्पणी के लिए कंपनी से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका। मैरिको वैश्विक सौंदर्य और स्वास्थ्य श्रेणियों में काम करने वाली भारत की अग्रणी उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों में से एक है। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान इसने भारत और एशिया व अफ्रीका के चुनिंदा बाजारों में बेचे गए अपने उत्पादों के माध्यम से 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर का कारोबार दर्ज किया।

# जीएसटी सुधारों से आए दो लाख करोड़ रुपये

## वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं- लोगों के पास होगा ज्यादा पैसा, अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती

विशाखापत्तनम, एजेंसी



• अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर परिचर्चा कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री ने किया संबोधित

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधारों ने अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये डाले हैं, जिससे लोगों के पास अधिक नकदी उपलब्ध हुई है। अन्यथा यह राशि कर चुकाने में चली जाती।

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों पर एक परिचर्चा कार्यक्रम में उन्होंने यह भी कहा कि कर सुधारों के बाद 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब के तहत आने वाली 99 प्रतिशत वस्तुओं पर पांच प्रतिशत कर लगाया गया है। इस बदलाव के परिणामस्वरूप 28 प्रतिशत कर स्लैब के तहत 90 प्रतिशत वस्तुएं 18 प्रतिशत स्लैब में आ गई हैं। कुछ रोजमर्रा के उपभोग का सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली दिग्गज कंपनियों समेत कई कंपनियां 22 सितंबर से पहले ही दरों में कटौती करने और उपभोक्ताओं को इसका लाभ देने के लिए स्वेच्छा से आगे आ रही हैं। 22 सितंबर नई जीएसटी व्यवस्था लागू होने वाली है।

उन्होंने कहा कि इस नई पीढ़ी की कर व्यवस्था, जिसमें केवल दो स्लैब (पांच और 18 प्रतिशत) हैं, से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये आए हैं। लोगों के पास ज्यादा नकदी होगी। उन्होंने कहा कि दरों में बदलाव करने से पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार ने पांच पहलुओं पर ध्यान रखा - गरीब और मध्यम वर्ग के लिए दरों में कमी, मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करना, किसान समुदाय को लाभ पहुंचाना, एमएसएमई को बढ़ावा देना और ऐसे क्षेत्र जो देश में रोजगार सृजन और निर्यात क्षमता में उपयोगी हों।

### 22 राज्यों को 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त सहायता के तहत दिए गए 3.6 लाख करोड़ रुपये

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अब तक 22 राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता के तहत लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। सीतारमण ने 'सीआईआई जीसीसी बिजनेस समिट' में कहा कि देश में पूंजीगत निवेश (राज्यों समेत) बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.1 प्रतिशत हो गया जबकि वित्त वर्ष 2013-14 में यह सिर्फ 1.7 प्रतिशत था। सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार ने राज्य सरकारों को 50 साल की ब्याज-मुक्त सहायता भी प्रदान की है ताकि वे अपनी पूंजीगत संपत्तियों को बढ़ा सकें और उन पर खर्च के लिए धन जुटा सकें। केंद्र ने सभी राज्यों को 50 साल की ब्याज-मुक्त राशि दी है और अब तक कुल मिलाकर लगभग 3.6 लाख करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं। यह पिछले चार वर्षों की बात है। उन्होंने कहा कि अब तक 22 राज्यों ने इसका इस्तेमाल किया है, जिससे उनके अपने संसाधनों से पूंजीगत व्यय में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज हुई है। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में 88 हवाई अड्डे चालू हुए, करीब 31,000 किलोमीटर की नई रेल पटरियां बिछाई गईं, मेट्रो नेटवर्क चार गुना बढ़ा, बंदरगाह क्षमता दोगुनी हुई और राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क में 60 प्रतिशत का विस्तार हुआ है।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी राजस्व 2025 में बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो इसके लागू होने के समय वित्त वर्ष 217-18 में 7.19 लाख करोड़ रुपये था। उनके अनुसार, करदाताओं की संख्या पहले के 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हो गई है। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी परिषद सहकारी संघवाद का एक प्रमुख उदाहरण है और कहा कि यह स्वतंत्रता के बाद से गठित एकमात्र संवैधानिक निकाय है। पिछली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने पहले के कर ढांचे को 'कर आतंकवाद' बताया और कहा कि एक राष्ट्र-एक कर के तहत जीएसटी को लागू करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार 10 साल तक चली। आप जीएसटी नहीं ला सके। आप राज्यों को जीएसटी के बारे में समझा नहीं सके... मैं कठोर राजनीतिक जवाब दे सकती थी। लेकिन आज नहीं।

### पूर्व-नियामक ढांचा लागू करने की मांग

**नई दिल्ली।** कई प्रमुख स्टार्टअप कंपनियों के संस्थापकों ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डिजिटल बाजारों के लिए प्रस्तावित पूर्व-नियामक ढांचा लागू करने की मांग दोहराते हुए कहा कि इसकी जरूरत अब भी पहले जैसी ही है। मांग कर्ताओं में पीपल्स ग्रुप के संस्थापक अनुपम मित्तल, मेट्रिमोनी डॉट कॉम के मुरुगवेल जानकीरमन, ट्रूलीमैडली के स्नेहिल खनोर एवं अमित गुप्ता, स्टेज के विनय सिंगल, क्वैक क्वैक के संस्थापक रवि मित्तल और एडीआईएफ से जुड़े प्रतीक जैन हैं।

# जीएसटी युक्तिसंगत से हरित ऊर्जा को मिलेगी गति 1.5 लाख करोड़ की बचत

नई दिल्ली, एजेंसी



• भारत के 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के लक्ष्य के लिए महत्वपूर्ण

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जीएसटी को युक्तिसंगत बनाने से देश में स्वच्छ ऊर्जा बदलाव को गति मिलेगी। लक्ष्य के मुताबिक 2030 तक 300 गीगावाट क्षमता और जोड़ने पर 1.5 लाख करोड़ तक की बचत होगी। यह भारत के 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को देखते हुए महत्वपूर्ण है।

31 अगस्त, 2025 तक बड़े जलविद्युत संयंत्रों को छोड़कर 193 गीगावाट स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता थी। इसमें 123 गीगावाट सौर ऊर्जा और 53 गीगावाट पवन ऊर्जा शामिल है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने बयान में कहा कि भारत की 2030 तक लगभग 300 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने की योजना है, ऐसे में लागत में दो से तीन प्रतिशत की मामूली कमी से भी 1.0 से 1.5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

### स्वच्छ ऊर्जा की लागत होगी कम

नवीकरणीय ऊर्जा मूल्य श्रृंखला में जीएसटी दरों को 12 से घटाकर पांच प्रतिशत करने से स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं की लागत कम होगी। इससे बिजली अधिक किफायती होगी और घरों, किसानों, उद्योगों तथा परियोजनाएं विकसित करने वाली कंपनियों को सीधा लाभ होगा। उदाहरण के लिए, ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजना की पूंजीगत लागत आमतौर पर लगभग 3.5-4 करोड़ रुपये प्रति मेगावाट होती है।

# सोना रिकॉर्ड स्तर से 1,300 रुपये फिसला

नई दिल्ली, एजेंसी



• 1.13 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी भी टूटी

अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले निवेशकों द्वारा मुनाफावसूली से बुधवार को सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें अपने उच्चतम स्तर से 1,300 रुपये फिसलकर 1,13,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गईं। वहीं चांदी में भी 1,670 रुपये की गिरावट दर्ज की गई।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, बुधवार को 99.5% शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,13,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। मंगलवार को इस कीमती धातु की कीमत 1,800 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 1,15,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गई थी। फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले मुनाफावसूली के चलते सोने में कमजोरी रही, क्योंकि प्रतिभागियों ने नतीजों से पहले जोखिम कम कर दिया।

एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष रिसर्च शोध विश्लेषक (जिंस और मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि बिना किसी स्पष्ट रूपरेखा के कोई भी तटस्थ रुख या कम नरम रुख वाली टिप्पणियां सर्राफा बाजार में कुछ प्रतिशत की गिरावट ला सकती हैं।

चांदी ने भी मुनाफावसूली से बढ़त गंवा दी। बुधवार को चांदी 1,670 रुपये गिरकर 1,31,200 रुपये प्रति किग्रा रह गई। पिछले सत्र में, इसने 570 रुपये की बढ़ोतरी के बाद 1,32,870 रुपये प्रति किग्रा का नया रिकॉर्ड बनाया था। वैश्विक स्तर पर, फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक से पहले निवेशकों के सतर्क रहने से, सोने और चांदी में भी नए शिखर छूने के बाद गिरावट देखी गई।

# डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार की अनुमति पर विचार कर रहा सेबी

## बैंकों, बीमा कंपनियों व पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस में निवेश पर सरकार से करेगा बात

मुंबई, एजेंसी



भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने कहा है कि नियामक बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव बाजारों में निवेश की अनुमति देने के लिए सरकार के साथ 'बातचीत' करेगा।

उन्होंने बुधवार को कहा कि पूंजी बाजार नियामक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को गैर-नकद निपटान वाले, गैर-कृषि जिंस डेरिवेटिव अनुबंधों में व्यापार करने की अनुमति देने के प्रस्ताव पर भी विचार कर रहा है। पांडेय ने एमसीएक्स के कार्यक्रम में कहा कि हम बैंकों, बीमा कंपनियों और पेंशन कोषों को इन (गैर-नकद, गैर-कृषि) बाजारों में व्यापार करने की अनुमति देने के लिए सरकार से भी बातचीत करेंगे। दिसंबर, 2025 के अंत तक, सेबी अनुपालन रिपोर्ट के लिए एक सामान्य रिपोर्टिंग तंत्र में जिंस-विशिष्ट ब्रोकर को शामिल करेगा।

### क्वांटलेस लैब के पूर्व सीईओ ने सेबी के साथ भेदिया कारोबार मामले का निपटान किया

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी की अनुषंगी क्वांटलेस लैब एलएलसी के पूर्व प्रबंध निदेशक और सीईओ अजय भाटिया ने 1.05 करोड़ की निपटान राशि का भुगतान करके बाजार नियामक सेबी के साथ भेदिया कारोबार के मामले का निपटान किया। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि इसके अतिरिक्त, भाटिया ने 9.58 लाख रुपये के ब्याज सहित 55.34 लाख रुपये के गलत तरीके से अर्जित लाभ को वापस कर दिया। उन्होंने प्रतिभूति बाजार से छह महीने का स्वैच्छिक प्रतिबंध भी स्वीकार कर लिया है। यह मामला अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) द्वारा आठ अप्रैल, 2022 को आईएचसी को तरजीही आधार पर दो करोड़ से अधिक इक्विटी शेयर जारी करने से संबंधित है। इस जानकारी को कीमत से जुड़ी अप्रकाशित संवेदनशील जानकारी (यूपीएसआई) माना गया था।



# घुसपैठियों को बचाने में लगी हुई है कांग्रेस

## गृह मंत्री ने वोटर अधिकार यात्रा को लेकर साधा निशाना, कहा- घुसपैठियों की मदद से बनाना चाहती है सरकार

• प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार की 17 योजनाओं का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, एजेंसी





नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री परवेश साहिब सिंह।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस की 'वोटर अधिकार यात्रा' को लेकर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'घुसपैठियों को बचाने' के लिए यह अभियान चलाया है क्योंकि यह उनकी मदद से चुनाव जीतना चाहती है। शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर यहां त्यागराज स्टेडियम में एक कार्यक्रम में दिल्ली सरकार की 17 कल्याणकारी योजनाओं का उद्घाटन किया।

उन्होंने कहा कि राहुल बाबा और कांग्रेस पार्टी 'घुसपैठिया बचाओ' रैली निकाल रहे हैं। वे चाहते हैं कि घुसपैठिए हमारी मतदाता सूची में बने रहें क्योंकि उन्हें भारत की जनता पर भरोसा नहीं है। वे घुसपैठियों की मदद से चुनाव जीतना चाहते हैं। भाजपा मतदाता सूची में मौजूद विसंगतियों को दूर करने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कवायद का समर्थन करती है। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में बिहार में 14 दिन की 1,300 किलोमीटर लंबी 'वोटर अधिकार यात्रा' निकाली थी। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि इस कवायद का उद्देश्य लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करना है।

कार्यक्रम में शाह ने 'सर्जिकल और एयर स्ट्राइक' के जरिये सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मोदी की सराहना की। गृह मंत्री ने कहा कि उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया में 11वें स्थान पर छोड़कर गए थे। मोदी के नेतृत्व में हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए हैं। लोगों को स्वदेशी वस्तुएं खरीदने की सलाह देते हुए शाह ने कहा कि 22 सितंबर से दैनिक उपयोग की वस्तु पर जीएसटी की दर नहीं होगी या न्यूनतम होगी। मैं सभी महिलाओं को अधिक खरीदारी करने की सलाह दूंगा। 395 सामान्य वस्तुएं हैं जिन पर शून्य या 5 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। लोगों से स्वदेशी वस्तुएं खरीदने का आग्रह करते हुए उन्होंने कहा कि जितना चाहें उतना खरीदें, लेकिन सुनिश्चित करें कि आप स्वदेशी वस्तुएं ही खरीदें।

### मोदी ने गरीबों की सूची को किया छोटा

केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर देते हुए कि प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ लोगों को अपना परिवार मानते हैं, शाह ने उनके कल्याण के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करने के लिए उनकी प्रशंसा की। शाह ने कहा कि देश को सुरक्षित बनाना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, हर गरीब के घर तक सुविधाएं पहुंचाना और हर बच्चे के दिल में एक महान भारत का संकल्प जगाना- मोदी ने अपने 11 साल के कार्यकाल में ये सब हासिल किया है। देश मोदी की ऐतिहासिक उपलब्धियों को हमेशा याद रखेगा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया और 60 करोड़ को बुनियादी सुविधाएं दीं। पहली बार मोदी ने गरीबों की सूची को छोटा किया है।

# आतंकियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप करने से नहीं रुका : राजनाथ

• रक्षा मंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप के हस्तक्षेप वाले दावों को किया खारिज

हैदराबाद, एजेंसी



हैदराबाद में 78वें मुक्ति दिवस को संबोधित करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इन दावों को खारिज कर दिया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाक संघर्ष को रोकने के लिए उन्होंने हस्तक्षेप किया था। सिंह ने कहा कि आतंकियों पर कार्रवाई किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की वजह से निलंबित नहीं हुई।

रक्षा मंत्री ने हैदराबाद मुक्ति दिवस समारोह में कहा कि यदि भविष्य में कोई आतंकी हमला हुआ, तो ऑपरेशन सिंदूर फिर शुरू होगा। कुछ लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम किसी के हस्तक्षेप से हुआ? मैं यह स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि आतंकियों के खिलाफ अभियान किसी के हस्तक्षेप की वजह से नहीं रुका था।

राजनाथ ने कहा कि कुछ लोग भारत-पाक संघर्ष को रोकने का दावा करते हैं। मैं स्पष्ट करना चाहूंगा कि पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार ने भी साफ किया था कि भारत ने इस मामले में तीसरे पक्ष की भूमिका खारिज कर दी। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट किया है कि यह द्विपक्षीय मामला है और कोई तीसरा पक्ष हस्तक्षेप नहीं कर सकता।

### कोई भी देश की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकता

राजनाथ सिंह ने कहा कि जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान में भारतीय मिसाइल हमलों में इस आतंकवादी संगठन के प्रमुख मसूद अजहर के परिजनों की मौत की बात स्वीकार की है। इसकी पुष्टि करने वाला वीडियो भी जारी हुआ है। भारत की बढ़ती ताकत का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी देश की संप्रभुता को चुनौती नहीं दे सकता। सिंह ने कहा कि 11 वर्षों में, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, देश ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट एयर स्ट्राइक और इस साल ऑपरेशन सिंदूर जैसी कार्रवाइयों के माध्यम से बार-बार अपने संकल्प का प्रदर्शन किया है।

# 3 दिन डिजिटल अरेस्ट रहीं बुजुर्ग चिकित्सक, दिल के दौरे से मौत

हैदराबाद, एजेंसी

• महिला से ठगी के आरोपियों ने मौत के बाद भी उन्हें भेजा संदेश

तेलंगाना के हैदराबाद में साइबर जालसाजों ने कानून प्रवर्तन अधिकारी बनकर तीन दिनों तक 76 वर्षीय एक सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को परेशान किया और धमकियां दी, जिससे उनकी दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि पांच से आठ सितंबर के बीच महिला से 6.60 लाख ठगने वाले आरोपियों ने आठ सितंबर को उनकी मौत के बाद भी उन्हें संदेश भेजना जारी रखा। पुलिस के मुताबिक, मृतका के कॉल रिकॉर्ड देखने के बाद उनके बेटे ने पुलिस से शिकायत की और आरोप लगाया कि परिवार को 'डिजिटल अरेस्ट' और साइबर ठगी के मामले का पता चला, जिससे उनकी मां की मृत्यु हुई। मुख्य वरिष्ठ रेजिडेंट चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त महिला से जालसाजों ने पांच सितंबर को 'मैसेजिंग एप' के जरिए संपर्क किया। आईडी की 'डिस्प्ले पिक्चर' में बेंगलुरु पुलिस का लोगो लगा था। फोन करने वाले ने फर्जी 'जांच रिपोर्ट' साझा की, जिसमें महिला के आधार विवरण का उल्लेख था और उसे तथाकथित मानव तस्करी में झूठा फंसाया गया था। तीन दिनों तक महिला को वीडियो कॉल की गईं और उच्चतम न्यायालय, कर्नाटक पुलिस विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के फर्जी दस्तावेज़ दिखाकर परेशान किया गया।

## 'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ दायर याचिका में न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप

# याचिका खारिज कर अदालत ने कहा- हमारी चिंता मत कीजिए

मुंबई, एजेंसी



• कहा- अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है

बंबई उच्च न्यायालय ने बुधवार को अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म 'जॉली एलएलबी 3' के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी, जिसमें न्यायाधीशों और वकीलों का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया गया था। उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत इस तरह के मजाक की आदी हो चुकी है। उसने कहा कि हमारी चिंता न करें।

वकील चंद्रकांत गायकवाड़ के जरिए 'एसोसिएशन फॉर एडिंग जस्टिस' की ओर से दायर याचिका में फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने और 'भाई वकील है' गाने को हटाने का अनुरोध किया गया था, जिसके बारे में दावा किया गया कि यह कानूनी पेशे के लिए अपमानजनक है। याचिकाकर्ता के वकील दीपेश सिरोया ने कहा कि फिल्म और गीत में न केवल वकीलों का बल्कि न्यायाधीशों का भी मजाक उड़ाया गया है, क्योंकि एक दृश्य में न्यायाधीशों को 'मामू' कहा गया है, जो न्यायपालिका के लिए अपमानजनक शब्द है। इस पर मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि उन्हें इसकी कोई चिंता नहीं है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि पहले दिन से ही हमारा मजाक उड़ाया जा रहा है। हमारी चिंता मत कीजिए। फिल्म निर्माताओं ने पीठ को बताया कि फिल्म के खिलाफ इसी तरह की एक याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर की गई थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। फिल्म 19 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

### मालेगांव विस्फोट : उच्च न्यायालय ने आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ अपील पर सुनवाई स्थगित की

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में पीड़ितों के अपीलकर्ता परिजनों के बारे में अधूरी जानकारी दिए जाने से सात आरोपियों को बरी किए जाने के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई बुधवार को स्थगित कर दी। इस मामले में बरी किए गए सात आरोपियों में पूर्व भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और लेफ्टिनेंट कर्नल प्रसाद पुरोहित शामिल हैं। इससे पहले, मंगलवार को उच्च न्यायालय ने कहा था कि विस्फोट मामले में बरी किए जाने के खिलाफ अपील दायर करने का रास्ता सभी के लिए नहीं खुला है। उसने पूछा कि क्या पीड़ितों के परिजनों से मुकदमे में गवाह के तौर पर पूछताछ की गई थी। बुधवार को, अपीलकर्ताओं के वकील ने विवरण का चार्ट पेश किया, लेकिन मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि यह अधूरा है। वकील ने पीठ को बताया कि प्रथम अपीलकर्ता, निसार अहमद, जिनके बेटे की विस्फोट में मौत हो गई थी, मुकदमे में गवाह नहीं थे।

# ट्रक-कार की टक्कर में एक ही परिवार के 7 लोगों की मौत

संगम (आंध्र प्रदेश), एजेंसी



नेल्लोर जिले में बुधवार को बालू से भरे ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। यह हादसा संगम मंडल के पास उस समय हुआ जब सामने से आ रहा ट्रक कार से टकरा गया।

पुलिस के अनुसार, मृतक नेल्लोर शहर के निवासी थे और आत्मकुर सरकारी अस्पताल अपने रिश्तेदारों से मिलने जा रहे थे। नेल्लोर जिले के संगम मंडल के पास बालू से भरे ट्रक के कार को टक्कर मारने से 15 वर्षीय लड़की समेत एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई। ट्रक चालक हादसे के तुरंत बाद वहां से भाग गया। उसकी तलाश जारी रही है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है।

### जगन मोहन रेड्डी ने प्रकट की संवेदना

वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने हादसे पर शोक व्यक्त किया। रेड्डी ने कहा, यह हादसा मुझे विचलित कर गया और मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं। उन्होंने अधिकारियों से भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की अपील की।

## प्रस्तुति



बेंगलुरु : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को भाजपा युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार प्रस्तुति देते हुए। एजेंसी

# गेमिंग एप कर रहे जासूसी खतरे में गोपनीयता

गेमिंग एप्स से जासूसी एक गंभीर चिंता का विषय है, जो डेटा सुरक्षा और उपयोगकर्ता गोपनीयता को खतरे में डालता है। कई गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के डेटा को इकट्ठा करते हैं, जिसमें व्यक्तिगत जानकारी, स्थान डेटा, और डिवाइस की जानकारी शामिल हो सकती है। जासूसी करने में चीन कई देशों से आगे है, लेकिन जासूसी के लिए जिस तरह से वह इंटरनेट का प्रयोग करता है उससे बड़े देश भी सतर्क रहते हैं। चीन आनलाइन सब पर निगाह रखता है। एक ऑस्ट्रेलियाई अध्ययन में दावा किया गया है कि वैश्विक इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की ऑनलाइन आदतों पर चीन नजर रख रहा है। टिक टॉक इसीलिए विवादास्पद हो गया था।



### भविष्य के लिए अभी से सचेत हो दुनिया

- अध्ययन में कहा गया है कि चीन की कारगुजारी से बचने और भविष्य में सूचनाओं को अपने ऊपर थोपे जाने से बचने के लिए दुनिया के अन्य देशों को अभी से तैयारी करनी चाहिए।
- सभी देशों के नीति निर्माताओं को भविष्य की इन सूचनाओं के खिलाफ अभी से मजबूत डिफेंस सिस्टम और सुरक्षा तंत्र विकसित करना होगा, ताकि कल को जब बीजिंग अपनी मंशा दूसरों पर थोपे तो उसका जवाब दिया जा सके।

### जासूसी के तरीके

- **डेटा संग्रह :** गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के बारे में डेटा इकट्ठा कर सकते हैं, जैसे कि उनकी गेमिंग आदतें, स्थान, डिवाइस की जानकारी।
- **अनधिकृत एक्सेस :** कुछ गेमिंग एप्स उपयोगकर्ताओं के डिवाइस में अनधिकृत एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं, जिससे उनकी निजी जानकारी खतरे में पड़ सकती है।
- **मैलवेयर :** गेमिंग एप्स में मैलवेयर हो सकता है, जो डिवाइस को नुकसान पहुंचा सकता है और उनकी जानकारी चोरी कर सकता है।

### सुरक्षा के उपाय

- **एप की समीक्षा :** डाउनलोड करने से पहले उसकी समीक्षा और रेटिंग देखें।
- **अनुमतियां :** एप द्वारा मांगी गई अनुमतियों को ध्यान से पढ़ें और समझें।
- **डेटा सुरक्षा :** अपने डेटा को सुरक्षित रखने के लिए मजबूत पासवर्ड और दो-कारक प्रमाणीकरण का उपयोग करें।
- **नियमित अपडेट :** अपने डिवाइस और एप्स को नियमित रूप से अपडेट रखें।
- **विश्वसनीय स्रोत :** केवल विश्वसनीय स्रोतों से एप्स डाउनलोड करें, जैसे कि गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप स्टोर।

### इसलिए होती है डाटा की चोरी

एक स्टडी के मुताबिक, दुनियाभर से यूजर्स के पर्सनल डाटा को जुटाकर चीन ग्लोबल इनफॉर्मेशन इकोसिस्टम को अपने मुताबिक चेंज करना चाहता है। इसका मकसद सूचना की ताकत पर कंट्रोल करना और लोगों की पसंद को अपने मुताबिक ढालने के अलावा चीन के कल्चर, तकनीक, इकॉनमी और मिलिट्री इनफ्लूएंस को पूरी दुनिया पर थोपने की तैयारी है। जैसे टेमू एप का प्रयोग कर चीन यह समझ रहा है कि लोगों की पसंद क्या है और वे अपनी दुनिया में रियलिटी किसे मानते हैं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकवादियों को मार गिराया

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग घटनाओं में तीन आतंकवादी मारे गए और चार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, मंगलवार को बन्नू और करक जिलों में आतंकवादियों ने दो पुलिस थानों पर हमला किया। दोनों हमलों को पुलिस ने सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया। बन्नू में आतंकियों ने सबसे पहले मिरयान पुलिस थाने को निशाना बनाया और फिर उसी थाने के अधिकार क्षेत्र में आने वाली मजांग चौकी की ओर बढ़े। बन्नू के क्षेत्रीय पुलिस अधिकारी (आरपीओ) सज्जाद खान के अनुसार, मिरयान थाने पर हुआ हमला बीस मिनट के भीतर ही विफल कर दिया गया।

### नकली पाकिस्तानी फुटबॉल टीम को जापान ने वापस भेजा

**लाहौर।** धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद एक नकली पाकिस्तानी फुटबॉल टीम को जापान से वापस भेज दिया गया। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। एफआईए ने बयान में कहा कि एक मानव तस्करी गिरोह फुटबॉल टीम की आड़ में 22 लोगों को जापान भेजने में शामिल था। नकली खिलाड़ी फुटबॉल किट पहने हुए थे और दावा कर रहे थे कि वे पाकिस्तान फुटबॉल महासंघ में पंजीकृत हैं। उन्होंने एक जापानी क्लब के साथ मैच निर्धारित होने का भी दावा किया। बयान में कहा गया, 22 सदस्यीय नकली फुटबॉल टीम, जो 15 दिन का वीजा पाने में कामयाब रही, जून 2025 में जापान पहुंची। हालांकि, जापानी आव्रजन अधिकारियों ने इसे हवाई अड्डे से ही वापस भेज दिया।

### असंतुष्ट चीनी नागरिक ने बीजिंग के लिए जासूसी की बात कबूली

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क में चीनी असंतुष्ट समुदाय के एक सदस्य ने चीन की सरकार की ओर से अपने साथी कार्यकर्ताओं की जासूसी करने का अपराध मंगलवार को स्वीकार कर लिया। युआनजुन (68) तांग लंबे समय से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखर आलोचक रहे हैं। वह यहां मैनहट्टन दूतावास के बाहर मासिक विरोध प्रदर्शनों में शामिल होते रहे हैं और उन्होंने फ्लशिंग, क्वींस में एक लोकतंत्र समर्थक गैर-लाभकारी संस्था की स्थापना की है, जहां वह 2002 से रह रहे हैं। दर्ज बयान के अनुसार, वह जहां सार्वजनिक रूप से अपने देश की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं बीजिंग की खुफिया सेवा के आदेश पर चुपचाप अपने साथी चीनी अमेरिकी कार्यकर्ताओं की जानकारी इकट्ठा कर रहे थे।

# ट्रंप, पुतिन और मेलोनी समेत दुनिया भर के नेताओं ने मोदी को दी जन्मदिन पर बधाई

## रूसी राष्ट्रपति ने मॉस्को-नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मजबूत करने में उनके व्यक्तिगत योगदान को सराहा

**मॉस्को/लंदन, एजेंसी**

रूस के राष्ट्रपति पुतिन, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जर्जिया मेलोनी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सहित कई विश्व नेताओं ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर बधाई दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मोदी को जन्मदिन पर बधाई दी और मॉस्को तथा नई दिल्ली के बीच साझेदारी को मज़बूत करने में उनके अत्यंत व्यक्तिगत योगदान की सराहना की।

क्रेमलिन वेबसाइट पर प्रकाशित एक संदेश में रूसी नेता ने कहा, आपने सरकार के प्रमुख के रूप में अपने कार्यों के माध्यम से अपने देशवासियों का उच्च सम्मान और विश्व मंच पर अत्यधिक अधिकार अर्जित किया है। उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत ने सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में भी प्रभावशाली उपलब्धियां हासिल की हैं। पुतिन ने कहा, आप हमारे देशों के बीच विशेष रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में पारस्परिक रूप से लाभकारी रूसी-भारतीय सहयोग विकसित करने में बड़ा व्यक्तिगत योगदान दे रहे हैं। इससे एक दिन पहले, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया तथा उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इसे शुल्क (टैरिफ) के मुद्दे पर दोनों देशों के मध्य तनाव के बीच भारत के साथ संबंध सुधारने के अमेरिकी प्रयासों के हिस्से के रूप में एक महत्वपूर्ण संकेत के रूप में देखा जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन ने भी मोदी को जन्मदिन की बधई दी।



### नेतन्याहू ने कहा- मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं

इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें अच्छा मित्र बताया। उन्होंने कहा, आपने अपने जीवन में भारत के लिए बहुत कुछ किया है, और हमने मिलकर भारत और इजराइल की दोस्ती में बहुत कुछ हासिल किया है। एक वीडियो में इजराइली प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपसे जल्द ही मिलने की उम्मीद करता हूं, क्योंकि हम अपनी साझेदारी और दोस्ती को और भी ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। जन्मदिन मुबारक हो मेरे दोस्त। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री के अच्छे स्वास्थ्य और निरंतर शक्ति की कामना की और कहा कि वह भारत की शानदार प्रगति का नेतृत्व कर रहे हैं और वैश्विक विकास में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि गेट्स फाउंडेशन भारत सरकार के साथ हमारी साझेदारी को बहुत महत्व देता है। कहा, हम सब मिलकर विकसित भारत की दिशा में प्रगति का समर्थन कर रहे हैं और वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए सीख और नवाचार साझा कर रहे हैं।

### सुनक ने कहा- इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत

भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उनके 75वें जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने एक वीडियो संदेश में कहा, इस अनिश्चित समय में, हम सभी को अच्छे दोस्तों की जरूरत है और मोदी जी हमेशा मेरे और ब्रिटेन के अच्छे दोस्त रहे हैं। मुझे ब्रिटेन-भारत संबंधों को लगातार मजबूत होते देखकर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा, एक ब्रिटिश-भारतीय परिवार से होने के नाते, इस रिश्ते का मेरे दिल में हमेशा एक खास स्थान रहेगा। उन्होंने कहा कि वह जी20 शिखर सम्मेलन के लिए प्रधानमंत्री के रूप में 2023 की अपनी भारत यात्रा को स्नेहपूर्वक याद रखेंगे। सुनक ने कहा, यह विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा के अनुरूप एक शानदार आयोजन था। मोदी जी, मैं आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं और जल्द ही आपसे मिलने के लिए उत्सुक हूं। मोदी को शुभकामनाएं देते हुए आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि उनके देश को भारत के साथ इतनी मजबूत मित्रता साझा करने पर गर्व है। उन्होंने कहा, हम आस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के योगदान के लिए आभारी हैं। भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने भी प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके अच्छे स्वास्थ्य, खुशहाली और दीर्घायु की कामना की।

# नेपाल ने जेन जी प्रदर्शनों में मारे गए लोगों की याद में मनाया राष्ट्रीय शोक दिवस



प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों की याद में शोक प्रकट करते पुलिसकर्मी।

**काठमांडू, एजेंसी**

- **सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे**

नेपाल में जेन-जी के विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की याद में राष्ट्रीय शोक दिवस मनाया गया, जिसके कारण बुधवार को सभी सरकारी कार्यालय और शैक्षणिक संस्थान बंद रहे। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान जारी कर कहा, आठ और नौ सितंबर को जेन जेड पीढ़ी द्वारा आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान मारे गए लोगों की याद में नेपाल सरकार ने बुधवार 17 सितंबर को राष्ट्रीय शोक दिवस मनाने का फैसला किया है।

जेन जेड पीढ़ी से तात्पर्य 1997 से 2012 के बीच पैदा हुए युवाओं से है। विदेशों में सभी नेपाली दूतावास और मिशन बंद कर दिए गए और राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया गया। रविवार को प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने घोषणा की थी कि आठ और नौ सितंबर को जेन जी विरोध प्रदर्शन के दौरान मारे गए लोगों को शहीद घोषित किया जाएगा। आठ और नौ सितंबर को हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान तीन पुलिसकर्मियों सहित 72 लोग मारे गए थे, जिसके कारण केपी शर्मा ओली के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई थी। प्रदर्शनों के दौरान नेताओं के घरों, महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में भी आग लगा दी गई। आठ सितंबर को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस कार्रवाई में कम से कम 19 लोगों की मौत के लिए ओली इस्तीफे की मांग करते हुए सैकड़ों प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके कार्यालय में घुसने के तुरंत बाद ओली ने नौ सितंबर को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। इस बीच, काठमांडू में सुरक्षा स्थिति में सुधार के साथ जनजीवन सामान्य हो गया है।

## ईरान ने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपी को फांसी पर लटकाया

**दुबई।** ईरान ने बुधवार को कहा कि उसने इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोपी व्यक्ति को फांसी दे दी है। बहरहाल, कार्यकर्ताओं का कहना है कि आरोपी व्यक्ति को यातना देकर झूठे अपराध स्वीकार करवाए गए।

न्यायपालिका की मीजान समाचार एजेंसी ने मृतक की पहचान बाबक शाहबाजी के रूप में की और दावा किया कि उसने ईरानी डेटा केंद्रों व सुरक्षा ठिकानों की संवेदनशील जानकारी इकट्ठा की तथा उन्हें इजराइली एजेंटों को बेचा था। वहीं, कार्यकर्ताओं का कहना है कि शाहबाजी को इसलिए गिरफ्तार किया गया था क्योंकि उसने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को पत्र लिखकर मदद की पेशकश की थी।

## गुरु नानक की पुण्यतिथि पर तीर्थ यात्रियों को अनुमति देने का आग्रह

**लाहौर, एजेंसी**

- **पाकिस्तानी सिख नेताओं और इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने किया आग्रह**

पाकिस्तानी सिख नेताओं और 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' ने बुधवार को भारत सरकार से 22 सितंबर को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में गुरु नानक देव की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सिख तीर्थयात्रियों को शामिल होने की अनुमति देने का आग्रह किया। भारत ने अप्रैल में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद अटारी-वाघा सीमा बंद कर दी।

पाकिस्तान में अल्पसंख्यक धार्मिक स्थलों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार संस्था 'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद लगाए गए प्रतिबंधों के कारण भारत से सिख श्रद्धालु यात्रा नहीं कर पा रहे हैं।

'इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड' के प्रवक्ता गुलाम मोहिउद्दीन ने भारत सरकार से सिख तीर्थयात्रियों को पाकिस्तान में उनके पवित्र स्थलों की यात्रा की अनुमति देने का आग्रह करते हुए बताया, सिख तीर्थयात्रियों के लिए हमारे दरवाजे खुले हैं। गुरु नानक देव की पुण्यतिथि के अवसर पर 22 सितंबर को करतारपुर स्थित गुरुद्वारा दरबार साहिब में कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

## यौन अपराध में भारतीय मूल के चिकित्सक को 6 साल की जेल

**लंदन।** उत्तरी इंग्लैंड में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) के एक अस्पताल में महिला कर्मचारियों का यौन उत्पीड़न करने के लिए अपने पद का दुरुपयोग करने के दोषी भारतीय मूल के एक हृदय शल्य (सर्जन) चिकित्सक को छह साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

डॉ. अमल कृष्ण बोस (55) को 2017 से 2022 के बीच लंकाशायर के ब्लैकपूल विक्टोरिया अस्पताल में पांच महिला कर्मचारियों को अनुचित तरीके से छूने और यौन टिप्पणियां करने सहित यौन उत्पीड़न के 12 मामलों में दोषी ठहराया गया था। लंकाशायर के 'कॉन्स्टेबुलरी' ने बताया कि जून में दर्ज एक मुकदमे में जूरी द्वारा दोषी पाए जाने के बाद सोमवार को प्रेस्टन क्राउन कोर्ट में बोस को सजा सुनाई गई।

# गाजा शहर पर इजराइली सेना का कहर फलस्तीन को छोड़कर भाग रहे लोग

**यरूशलम, एजेंसी**

इजराइल की ओर से गाजा शहर में हमास के सैन्य बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के लिए जमीनी हमले शुरू किए जाने के एक दिन बाद इजराइली सैनिक और टैंक बुधवार को क्षेत्र में और भीतर तक घुस गए। वहीं, इजराइल का सैन्य अभियान तेज होने के बीच बड़े पैमाने पर फलस्तीनियों के क्षेत्र छोड़कर भागने की खबरें हैं।

सेना ने कहा कि वायुसेना और लड़ाकू इकाइयों ने जमीन पर सैनिकों के आगे बढ़ने से पहले पिछले कुछ दिनों में गाजा शहर पर 150 से अधिक बार हमला किया, जिससे वहां स्थित कई आवासीय टावर क्षतिग्रस्त हो गए। दावा है कि हमास इन टावर का इस्तेमाल सैनिकों पर नजर रखने के लिए कर रहा है। गाजा में अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि इजराइल की ओर से रातभर किए गए हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई।



### इजराइल का यमन के होदैदा बंदरगाह पर हवाई हमला

**अदन।** इजराइल ने यमन के होदैदा शहर में हवाई हमले किए, जबकि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अपने वायु रक्षा तंत्र को सक्रिय कर दिया। होदैदा बंदरगाह का इस्तेमाल हूती आतंकवादी शासन द्वारा ईरानी शासन से प्राप्त हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता है, जिनका उपयोग इजराइल और उसके सहयोगियों पर हमलों के लिए किया जाता है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 18 सितंबर, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वादशी 23 .24 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**- दक्षिण, **ऋतु**- शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 06 .32 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** - आज अतिरिक्त जिम्मेदारियां लेने से बचें। व्यवसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में कठिनाई महसूस कर सकते हैं। व्यर्थ की यात्रा करनी पड़ सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। गलत कार्यों की ओर प्रवृत्त हो सकते हैं।

**वृष** - आज किसी रिश्तेदार के मिलने से आपका दिन अच्छी तरह बीतेगा। मेहनत का पूर्णफल आपको प्राप्त होगा। रुचि अनुसार कार्य मिलने से संतुष्ट रहेंगे। आपके मन की कोई इच्छा पूर्ण हो सकती है। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं।

**मिथुन** - आज कार्यक्षेत्र की अतिरिक्त जिम्मेदारियां आपको निभानी पड़ेंगी। सिरदर्द और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अपने जीवनस्तर को अच्छा बनाने का प्रयास करें। अचानक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। प्रेम संबंधों में समझौते करने पड़ सकते हैं।

**कर्क** - आज व्यवसाय पर आप विशेष ध्यान देने वाले हैं। नई कार्ययोजनाओं पर काम कर सकते हैं। अपने जीवनस्तर में परिवर्तन ला सकते हैं। घर की सुख-सुविधाओं और संसाधनों पर आप धन खर्च करेंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**सिंह** - आज अपने काम और योग्यता पर विश्वास बनाए रखना आपके लिए अत्यंत आवश्यक है। अहंकारी व्यवहार के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। आपका मन किसी भी काम में अच्छे से नहीं लगेगा। तनाव की वजह से नींद बाधित हो सकती है।

**कन्या** - आज व्यापार में आपको लाभ की प्राप्ति होगी। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। राजनैतिक मामलों में थोड़ी सावधानी रखें। पुरानी बीमारी से मुक्ति मिलने की संभावना है। घर की व्यवस्था में सुधार आएगा।

**तुला** - आज घर में लटके हुए कार्यों को आप पूर्ण करने का प्रयास करेंगे। समाज में आपके व्यक्तित्व की प्रशंसा होगी। अपनी कार्यप्रणाली को इस समय गुप्त रखें। प्रेम-संबंधों में नजदीकी रहेगी। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर थोड़े लापरवाह हो सकते हैं।

**वृश्चिक** - आज किसी को उधार न दें। आपके पास काफी काम रहने वाला है। दांपत्य जीवन में थोड़ी परेशानी होने की संभावना है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते और मजबूत होंगे। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**धनु** - आज किसी आवश्यक काम में आपको अधिकाधिक धन खर्च करना पड़ सकता है। किसी से अधिक अपेक्षा न करें। आपको मेहनत अधिक मात्रा में करनी पड़ेगी। अपने मन को शांत रखें। अपनी गलतियों से आपको सीखना चाहिए।

**मकर** - आज विचारों को सकारात्मक बनाकर रखें। ऋणों को उतारने में सफलता मिलेगी। आपकी महत्वाकांक्षाओं की पूर्ति हो सकती है। परिवार के सभी सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे। नया कारोबार शुरू करने में आसानी होगी।

**कुंभ** - आज पहले की तुलना में दिन अच्छा रहेगा। कठिन समस्याओं का हल निकलेगा। स्वार्थ भावना के कारण लोग आपसे दूरी बना सकते हैं। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। किसी मित्र को धन उधार देना पड़ सकता है।

**मीन** - आज अपने खर्चों को नियंत्रित रखने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र की व्यवस्था में परिवर्तन की कुछ योजना बना सकते हैं। शंकालु स्वभाव के कारण हानि हो सकती है। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। सार्वजनिक कार्यक्रमों में आप भाग ले सकते हैं।

## सुडोकू -103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

### सुडोकू - 102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |



यूएस ओपन के बाद लगी एक छोटी सी चोट के बाद, मुझे इस साल चाइना ओपन से नाम वापस लेने की घोषणा करते हुए दुख हो रहा है। मैं पूरी तरह स्वस्थ रहने पर ध्यान केंद्रित करूंगी और मैं अपने चीनी प्रशंसकों से जल्द ही मिलुंगी।
-आर्यना सबालेंका

# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com
लखनऊ, गुरुवार, 18 सितंबर 2025

## हाईलाइट

### चोटिल सबालेंका चाइना ओपन से हटीं

**बीजिंग :** चाइना ओपन आयोजकों ने बताया है कि विश्व की नंबर वन महिला टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। बेलारुस की सबालेंका ने मंगलवार को जारी एक बयान में हटने की घोषणा की। सबालेंका इस सीजन में ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के महिला एकल फाइनल में पहुंची थीं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में यूएस ओपन में अपना चौथा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। उल्लेखनीय है कि चाइना ओपन 2025 का मुख्य ड्रॉ 24 सितंबर से पांच अक्टूबर तक चलेगा।

### मेसी के गोल से इंटर मियामी जीता

**फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका) :** स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने एक गोल करने के अलावा एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने सीएटल सोंडर्स को 3-1 से हराया। सोंडर्स ने लीग कप फाइनल में 31 अगस्त को इंटर मियामी को 3-0 से हराया था। मेसी ने 12वें मिनट जोर्डी अल्बा को पास दिया जिन्होंने मियामी को बढ़त दिलाई। मेसी ने इसके बाद 41वें मिनट में अल्बा के पास पर स्कोर 2-0 किया। इयान फ्रे ने दूसरे हाफ के शुरुआती मिनटोंमें रोड्रिगो डि पॉल के कॉर्नर पर गोल दागकर मियामी को 3-0 से आगे किया। ओबेड वर्गास ने 69वें मिनट में सीएटल के लिए सांत्वना गोल दागा।

### रियल मैड्रिड के दानी को लाल कार्ड दिखाया

**मैड्रिड :** चैंपियन्स लीग के एक मैच में मार्सिले के गोलकीपर गेरोनिमो रूली को सिर से टक्कर मारने के बाद रियल मैड्रिड के अनुभवी डिफेंडर दानी कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। मैड्रिड के कॉर्नर किक लेने से पहले कार्वाजल और रूली के बीच बहस हो रही थी और तभी डिफेंडर गोलकीपर के करीब गया और उसके चेहरे पर अपना सिर दे मारा। रैफरी ने कार्वाजल की हरकत नहीं देखी लेकिन मार्सिले के खिलाड़ियों ने तुरंत शिकायत की। वीडियो रिव्यु देखने के बाद रैफरी ने 72वें मिनट में कार्वाजल को लाल कार्ड दिखाया। उस समय मैड्रिड के कप्तान कार्वाजल चोटिल ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड की जगह लेने के लिए पांचवें मिनट में मैच में उतरे थे। घटना के समय मैच 1-1 से बराबरी पर था। मैड्रिड ने काइलियान एमबाप्पे के पेनल्टी पर दागे दो गोल से 2-1 से जीत हासिल की।

### भारत ए ने एक विकेट पर 116 रन बनाए

**लखनऊ :** नारायण जगदीशन के नाबाद अर्धशतक से भारत ए ने मंगलवार को यहां पहले अनौपचारिक टेस्ट के वर्षा से प्रभावित दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के छह विकेट पर 532 रन पर पारी घोषित करने के बाद एक विकेट पर 116 रन बनाए। जगदीशन 95 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि बी साई सुदर्शन 20 रन बनाकर उनका साथ निभा रहे हैं। भारत ए की टीम पहली पारी के आधार पर अब भी ऑस्ट्रेलिया ए से 416 रन से पीछे है। जगदीशन और अभिमन्यु ईश्वरन ने पहले विकेट के लिए 88 रन जोड़कर भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई।

## मेसी ने प्रधानमंत्री मोदी के 75वें जन्मदिन पर हस्ताक्षर वाली विश्व कप जर्सी भेजी





**नई दिल्ली, एजेंसी :** भारत दौरे की तैयारी में जुटे अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके 75वें जन्मदिन पर 2022 विश्व कप विजेता टीम की हस्ताक्षर की हुई जर्सी भेजी है। मेसी को भारत दौरे पर ला रहे प्रमोटर सतद्रु दत्ता ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि इस स्टार फुटबॉल आइकन की विश्व कप जर्सी दो-तीन दिन में प्रधानमंत्री के पास पहुंच जाएगी। दत्ता ने कहा जब मैं फरवरी में उनसे इस दौरे पर चर्चा करने के लिए मिला था तो मैंने उन्हें बताया था कि प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन भी आ रहा है और उन्होंने कहा था कि वह प्रधानमंत्री के लिए एक हस्ताक्षर वाली जर्सी भेजेंगे। दत्ता ने कहा कि वह मेस्सी के भारत दौरे के दौरान प्रधानमंत्री के साथ एक बैठक की व्यवस्था कराने की भी कोशिश कर रहे हैं। मेसी 13 दिसंबर से दौरे पर कोलकाता, मुंबई और दिल्ली में जाएंगे।

## चोपड़ा ने विश्व चैंपियनशिप फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

**टोक्यो, एजेंसी**

- **पहले ही थ्रो में क्वालीफिकेशन का आंकड़ा कर लिया पार**

गत चैंपियन नीरज चोपड़ा ने बुधवार को पहले ही थ्रो में स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा पार करके विश्व चैंपियनशिप पुरुष भालाफेंक स्पर्धा के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के नीरज ने क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में पहला ही थ्रो 84.85 मीटर का फेंका। चोपड़ा सबसे पहले थ्रो फेंकने के लिए उतरे थे और फाइनल में जगह बनाने के साथ ही रवाना भी हो गए। स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी बृहस्पतिवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87.21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई कर लिया। ग्रुप ए में शामिल 19 खिलाड़ियों में केशोर्न वालकॉट, याकूब वालेश और भारत के सचिन यादव भी हैं। ग्रुप बी में पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, रोहित यादव ,यशवीर सिंह भी हैं। बुडापेस्ट में पिछली विश्व चैंपियनशिप में नीरज ने 88.17 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण जीता था जबकि नदीम दूसरे और वालेश तीसरे स्थान पर रहे थे। चोपड़ा की नजरें विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक बरकरार रखने वाले तीसरे पुरुष भालाफेंक खिलाड़ी बनने पर लगी होंगी। चोपड़ा के मौजूदा कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी (1993 और 1995) और पीटर्स (2019 और 2022) ही यह कमाल कर चुके हैं। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद चोपड़ा का सामना पहली बार नदीम से होगा। नदीम ने पेरिस ओलंपिक में 92 . 97 का थ्रो फेंककर स्वर्ण जीता था जबकि तोक्यो ओलंपिक चैम्पियन चोपड़ा 89 . 45 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहे थे।



## ड्रामे के बाद मैदान पहुंची पाकिस्तानी टीम

### आईसीसी ने मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग फिर ठुकराई, देर से शुरू हुआ यूएई से मुकाबला

**दुबई, एजेंसी**

पाकिस्तान को एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रैफरी के तौर पर हटाने की उसकी मांग आईसीसी द्वारा दूसरी बार खारिज किए जाने के बाद एशिया कप के बहिष्कार की धमकी वापिस लेकर यूएई के खिलाफ करो या मरो का मुकाबला खेलने स्टेडियम पहुंचना पड़ा।

इससे पहले पाकिस्तान क्रिकेट टीम होटल के लिये रवाना नहीं हुई थी चूंकि पाइक्रॉफ्ट ही इस मैच में मैच रैफरी हैं। मैच अब आठ बजे की बजाय नौ बजे शुरू हुआ। पाइक्रॉफ्ट मैच रैफरी रहेंगे।

आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कांफ्रेंस कॉल पर पीसीबी चेयरमैन मोहसिन नकवी को इसकी जानकारी दी। भारत के खिलाफ रविवार के मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों के हाथ नहीं मिलाने पर हुई शर्मिंदगी के लिये पाकिस्तान ने पाइक्रॉफ्ट को जिम्मेदार ठहराया था। बुधवार को जब पाकिस्तानी टीम ग्रोसवेनर होटल से रवाना नहीं हुई तो लग रहा था कि दूसरी बार मांग खारिज होने पर गतिरोध जारी रहेगा। पाइक्रॉफ्ट दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम पहुंच गए थे और मैदान से एक किलोमीटर दूर आईसीसी मुख्यालय बुलाये जाने के बाद बॉडीगाडर्स के साथ रवाना हो गए।

आईसीसी ने छह बिंदुओं पर खंडन करते हुए कहा कि पीसीबी की शिकायतें निराधार हैं। आईसीसी ने लिखित संचार में कहा आईसीसी की जाँच पीसीबी द्वारा दर्ज की गई रिपोर्ट में दी गई जानकारी के आधार पर की गई थी। हमने पाया कि इसके साथ कोई भी सहायक दस्तावेज या सबूत नहीं दिया गया था। इसमें कहा गया पीसीबी के पास प्रारंभिक रिपोर्ट के साथ अपनी टीम के सदस्यों के बयान जमा कराने का पूरा मौका था लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। दूसरे बिंदु में कहा गया कि मैच रैफरी की ओर से जवाब देने का कोई मामला नहीं था। इसमें कहा गया मैच रेफरी ने जो कदम उठाए, वह एसीसी (एशियाई क्रिकेट परिषद) स्थल प्रबंधक से मिले स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप थे, कि मैच रेफरी इस तरह के मुद्दे से कैसे निपटेगा, उन्हें यह बताया गया था कि उनके पास कुछ और करने का समय नहीं था (टॉस से कुछ मिनट पहले)।

आईसीसी ने अपने तीसरे बिंदु में स्पष्ट किया कि पाइक्रॉफ्ट टॉस की पवित्रता बनाए रखने और किसी भी संभावित शर्मिंदगी से बचनेके लिए प्रतिबद्ध थे। इसमें कहा गया इसमें मैच रेफरी की कोई गलती नहीं थी।





मैच से पहले मैदान पर मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट। वहीं, एक पाकिस्तानी प्रशंसक काफी देर तक मैच का इंतजार करता रहा। एजेंसी

### सूर्यकुमार के हाथ न मिलाने का मामला

#### दावा: पाइक्रॉफ्ट ने टीम से मांगी माफी

- पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दावा किया कि मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने उसकी राष्ट्रीय टीम से माफी मांगी है। पाकिस्तान ने आईसीसी द्वारा पाइक्रॉफ्ट को हटाने से इनकार करने के विरोध में बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ मैच के लिए रवाना होने में विलंब किया जिसके कारण मैच एक घंटा देर से शुरू हुआ।

#### यूएई ने गेंदबाजी का फैसला किया

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के कप्तान मोहम्मद वसीम ने बुधवार को यहां एक घंटा देर से शुरू हुए एशिया कप ग्रुप ए के करो या मरो मैच में पाकिस्तान के खिलाफ टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान ने अंतिम एकादश में दो जबकि यूएई ने एक बदलाव किया है। दोनों टीमें एक एक मैच जीत चुकी हैं, इससे इस मैच की विजेता टीम सुपर 4 के लिए क्वालीफाई कर लेगी।

## वरुण पहली बार टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर

**दुबई, एजेंसी**



स्पिनर वरूण चक्रवर्ती पहली बार आईसीसी टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं और यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। चक्रवर्ती से पहले भारत के जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई आईसीसी टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में शिखर पर पहुंच चुके हैं।

चक्रवर्ती ने एशिया कप में यूएई के खिलाफ चार रन देकर एक और पाकिस्तान के खिलाफ 24 रन देकर एक विकेट लिया। उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले वह फरवरी 2025 में दूसरे स्थान पर पहुंचे थे। आईसीसी ने एक बयान में कहा भारतीय स्पिनर वरूण चक्रवर्ती को 2025 में लगातार अच्छे प्रदर्शन का ईनाम मिला है और वह आईसीसी पुरूष टी20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज हो गए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव 16 पायदान की छलांग लगाकर 23वें स्थान पर हैं जबकि स्पिन हरफनमौला अक्षर पटेल एक पायदान ऊपर 12वें स्थान पर पहुंच गए। बुमराह चार पायदान चढकर 40वें स्थान पर हैं।

हरफनमौलाओं में हार्दिक पंड्या शीर्ष पर है जबकि अभिषेक शर्मा चार स्थान चढकर 14वें स्थान पर पहुंच गए। बल्लेबाजी रैंकिंग में अभिषेक शीर्ष पर बने हुए हैं जिन्होंने कैरियर के सर्वोच्च 884 रेटिंग अंक हासिल कर लिए। शुभमन गिल 39वें स्थान पर पहुंच गए हैं ।

### आईसीसी ने किंगमा पर तीन महीने का प्रतिबंध लगाया

**दुबई :** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने नीदरलैंड के तेज गेंदबाज विवियन किंगमा पर आईसीसी डोपिंग रोधी संहिता के उल्लंघन के लिए तीन महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। 30 वर्षीय किंगमा का 12 मई को यूट्रेक्ट में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप लीग 2 एकदिवसीय मैच के बाद उनके नमूने में बेन्ज़ोइलेक्गोनिन नामक कोकीन मेटाबोलाइट पाया गया। किंगमा को तीन महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया।



ऑस्ट्रेलियाई कप्तान अलिसा हीली के आउट होने पर जश्न मनातीं भारतीय खिलाड़ी।

## भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 102 रनों से हराया

**चंड़ीगढ़, एजेंसी**

- **दूसरे एकदिवसीय मैच में स्मृति मंधाना ने खेली शतकीय पारी**

स्मृति मंधाना (117) की शतकीय और दीप्ति शर्मा (40 ) की जूझारू पारियों के बाद गेंदबाजों बेहतरी प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया महिला टीम को 102 रनों से हरा दिया।

293 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और उसने 12 रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। जॉर्जिया वॉल (शून्य) को रेणुका सिंह ने बोल्ड आउट किया। पांचवें ओवर में क्रांति गौड़ ने कप्तान अलिसा हीली (छह) का शिकार किया। एलिस पेरी और बेथ मूनी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में स्नेह राणा ने बेथ मूनी (18) को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी ऐनाबेल सदरलैंड ने एलिस पेरी के साथ चौथे विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। 25वें ओवर में राधा यादव ने एलिस पेरी (44) को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया। 30वें ओवर की तीसरी गेंद पर अरुंधति रेड्डी ने ऐनाबेल सदरलैंड (45) को आउट किया। एश्ली गार्डनर (17), तालिया मैक्ग्रा (16) को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। अलाना किंग (दो) रनआउट हुई। कांति गौड ने 41वें ओवर की पांचवीं गेंद पर जॉर्जिया वेयरहम (10) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम को 190 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 102 रनों से अपने नाम कर लिया। भारतीय महिला टीम की ओर से क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लिये। दीप्ति शर्मा को दो विकेट मिले। रेणुका सिंह, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी प्रतिका रावल और स्मृति मंधाना की भारतीय सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 70 रन जोड़े। 12वें ओवर में एश्ली गार्डनर ने प्रतिका रावल (25) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसे बाद बल्लेबाजी करने आये हरलीन देओल (10) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर (17) को भी एश्ली गार्डनर ने आउट किया। भारत का चौथा विकेट 192 के स्कोर पर स्मृति मंधाना के रुप में गिरा। उन्हें तालिया मैक्ग्रा ने आउट किया। स्मृति मंधाना ने 91 गेंदों में 14 चौके और चार छक्के लगाते हुए (117) रनों की पारी खेली।



शतकीय पारी के दौरान शॉट लगाती भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना। एजेंसी

## अंतिम पंघाल कांस्य पदक के लिए खेलेंगी, ज्योति व राधिका बाहर

**जाग्रेब (क्रोएशिया),एजेंसी**

युवा पहलवान अंतिम पंघाल को बुधवार को यहां विश्व चैंपियनशिप में महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पेरिस ओलंपिक की रजत पदक विजेता लूसिया येपेज गुजमान से हार का सामना करना पड़ा जिससे अब वह कांस्य पदक के लिए खेलेंगी जबकि मनीषा भानवाला (62 किग्रा) रेपेशाज के जरिए पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। हालांकि राधिका (68 किग्रा) और ज्योति बेरीवाल (72 किग्रा) इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पांचवें दिन बाहर हो गईं।

2023 चरण के कांस्य पदक के बाद अपने दूसरे विश्व चैंपियनशिप पदक की तलाश में जुटी युवा अंतिम ने अपने अभियान की शुरुआत आसान जीत के साथ की जब उन्होंने स्पेन की कार्ला जैम सोनेर को मात्र 23 सेकेंड में नॉकआउट कर दिया लेकिन झांग के रूप में उन्हें एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी मिली जिसे उन्होंने 9-8 से हरा दिया।

पंघाल ने चीन की जिन झांग के खिलाफ आखिरी क्षणों में 'टेक-डाउन' (जमीन पर गिराकर अंक बनाना) करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम ने दो अंक के साथ झांग को असंतुलित करके 'डबल-लेग टेक-डाउन' किया। भारतीय खिलाड़ी ने 'हेड-लॉक' मूव के साथ अपनी बढ़त दोगुनी कर दी जिसे उन्होंने टेक-डाउन में बदल दिया। अंतिम ने इस बढ़त को 6-0 तक पहुंचाया। झांग ने अपने पहले स्कोरिंग मूव से अंतर को 2-6 कर दिया। दूसरे पीरियड में झांग ने हेड लॉक से अंतिम को काबू में रखा। उन्होंने अंतिम का सीधा पैर पकड़कर अंतर को कम किया और फिर भारतीय खिलाड़ी को मैट पर घुमाकर स्कोर बराबर कर दिया। झांग ने चित्त करने की कोशिश की लेकिन अंतिम बचने में सफल रहीं। चीन की खिलाड़ी को हालांकि दो अंक मिले जिससे वह 8-6 से आगे हो गईं। अंतिम ने झांग को बाहर धकेलकर अपने खाते में एक और अंक जोड़ा।



अंतिम पंघाल। फाइल फोटो

## सात्विक और चिराग चाइना मास्टर्स के अंतिम 16 में पहुंचे

**शेनजेन (चीन) :** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जबकि लक्ष्य सेन पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। पिछले सप्ताह हांगकांग ओपन में उपविजेता रहे सात्विक और चिराग ने मलेशिया के जुनैदी आरिफ और रॉय किंग याप को 42 मिनट में 24-22, 21-13 से हराया।

वहीं हांगकांग ओपन फाइनल में हारने वाले लक्ष्य टोमा जूनियर पोपोव से 11-21, 10-21 से हार गए। इसके साथ ही पुरुष एकल वर्ग में भारतीय चुनौती समाप्त हो गई, चूंकि आयुष शेट्टी पहले ही दौर में हार गए थे। ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी मिश्रित युगल में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 19-21, 13-21 से हार गई।

**सफलता की खुशी** | अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने लिवरपूल में पदक जीतने पर कहा- मेहनत रंग लाई

## अगर पदक नहीं मिलता तो छोड़ देती कोशिश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अनुभवी मुक्केबाज पूजा रानी ने सोच लिया था, कि अगर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चौथी बार खेलते हुए वह पदक नहीं जीत पाती तो दोबारा कोशिश नहीं करेंगी। लेकिन भिवानी की 34 वर्षीय इस मुक्केबाज को लिवरपूल में 80 किलो वर्ग में पोडियम पर खड़े होने का मौका मिला।

टोक्यो ओलंपिक खेल चुकी पूजा ने पीटीआई से कहा इस बार भी मैंने खुद से कहा था कि अगर नहीं जीती तो दोबारा नहीं खेलूंगी। उन्होंने कहा मैं हमेशा अपना शतप्रतिशत देती हूं लिहाजा हारने पर दिल टूट जाता है। मैंने पिछले चार पांच महीने से कड़ा अभ्यास किया था और मुझे खुशी है कि मेहनत रंग लाई। मैं मार्च में राष्ट्रीय चैंपियनशिप से ही अभ्यास कर रही हूं। चार बार एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी पूजा सेमीफाइनल में इंग्लैंड की एमिली एस्कीथ से हार गई, लेकिन कांस्य पदक जीता।

उन्होंने कहा मैं बहुत खुश हूं। यह मेरी चौथी विश्व चैंपियनशिप थी और मैंने पहली बार पदक जीता। यह खास है। कुछ साल पहले कंधे की चोट और एक बड़े टूर्नामेंट से ठीक पहले हाथ जलने के कारण पूजा के कैरियर पर खतरा पैदा हो गया था, लेकिन उसने टोक्यो ओलंपिक से पहले वापसी की। उसने 2019 और 2021 एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीते हालांकि टोक्यो में वह 75 किलोवर्ग के क्वार्टर फाइनल में हार गई।




मुक्केबाज पूजा रानी।

### लॉस एंजिलिस ओलंपिक पर है अब पूजा की नजरें

**नई दिल्ली :** मुक्केबाज पूजा रानी की अब नजरें 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक चक्र पर है। नेमई 2022 में पिता के निधन के बाद उन्होंने विश्व चैंपियनशिप खेली, लेकिन ब्रेक ले लिया। फिर 2023 की शुरुआत में उनका विवाह हुआ और एक साल बाद रिंग पर लौटकर उन्होंने राष्ट्रीय खिताब जीता। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन पेरिस ओलंपिक में 75 किलो वर्ग में जगह बना चुकी थी। पूजा ने पिछला एक साल 75 किलो से 80 किलो में जाने पर लगाया। उन्होंने कहा मैं सोच रही हूं कि अब 70 किलोवर्ग में चली जाऊं। इसके लिए उन्होंने योजना तैयार कर ली है।